डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
25.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-306 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

अगर हमारी ताकत का किसी की भलाई में इस्तेमाल नहीं कर सकते तो वो ताकत हमारे लिये एक दिन कठिनाई का पहाड़ भी ला सकती है।

# प्रेम के ठिकानों पर छापे, दो एके-47 बरामद

❑ झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, दिल्ली व एनसीआर में छापे ❑ सुबह छह बजे ईडी की टीम ने एक साथ दी दबिश





## देर शाम रांची पुलिस ने किया दावा, प्रेम प्रकाश को कोई बॉडीगार्ड नहीं मिला था

प्रेम प्रकाश के यहां पुलिसकर्मियों के एके-47 मिलने के बाद रांची एसएसपी कौशल किशोर ने कहा है कि प्रेम प्रकाश को कोई सरकारी बॉडीगार्ड नहीं मिला था। रांची पुलिस ने इस मामले में प्रेस विज्ञप्ति के जरिये दावा किया है कि 24 अगस्त को रांची के परिचारी प्रवर को दो आरक्षियों ने लिखित सूचना दी कि 23 अगस्त को वे ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में पूर्व परिचित प्रेम प्रकाश के स्टाफ के पास अपना अपना एके-47 व निर्गत गोलियां अलमीरा में रखकर चाबी लेकर अपने अपने घर चले गये। सुबह दोनों हथियार लेने आये तो पाया कि आवास में छापेमारी जारी है। इसके कारण वह हथियार नहीं ले पाये। बताया गया है थाना प्रभारी अरगोड़ा ने मामले की जांच की। दोनों एके-47 व निर्गत गोलियों को प्राप्त करने के लिए ईडी से पत्राचार किया जायेगा। रांची पुलिस ने प्रेस बयान में बताया है कि घोर लापरवाही के लिए दोनों आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, रांची पुलिस ने दोनों आरक्षियों के नाम का खुलासा नहीं किया है, साथ ही यह भी नहीं बताया है कि अगर दोनों आरक्षी प्रेम प्रकाश के साथ तैनात नहीं थे तो उनकी तैनाती कहां थीं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, राजनीतिक परिवारों के सीए रहे जे जयपुरियार समेत अन्य लोगों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, मनरेगा व अवैध खनन मामले में मनी लाउंड्रिंग की कार्रवाई की आगे की कड़ी में ईडी ने रांची में आधा दर्जन से अधिक ठिकानों, सासाराम में प्रेम प्रकाश के रिश्तेदारों के दो ठिकानों, तमिलनाडु में मिड डे मील की सामग्रियों की सप्लाई से जुड़ी एक कंपनी व दिल्ली एनसीआर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रांची के हरमू स्थित प्रेम प्रकाश के किराये के मकान शैलोदय से दो एके-47, मैगजीन समेत 60 गोलियां मिली हैं। रांची पुलिस ने दावा किया है कि प्रेम प्रकाश के यहां से मिले दोनों एके-47 रांची पुलिस के हैं। हालांकि, पुलिस ने इस दावे को खारिज किया है कि प्रेम प्रकाश को सरकारी बॉडीगार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। वहीं, खबर लिखे जाने तक संबंधित ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी थी।

**एक साथ कहां-कहां दबिश :** ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी ने प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास, अरगोड़ा बसुंधरा अपार्टमेंट स्थित फ्लैट, अरगोड़ा स्थित एमके झा के दालान स्थित आवास, अशोकनगर में सीए जे जयपुरियार के सुमित्रा कुटीर स्थित आवास, लालपुर में सिन्हा अपार्टमेंट स्थित सीएम फर्म यस एंड कंपनी के कार्यालय, ओल्ड एजी कॉलोनी में होली एंजल स्कूल के कार्यालय, बिहार के सासाराम में प्रेम प्रकाश के मामा रतन श्रीवास्तव के बैंक कॉलोनी और गौरक्षणी इलाके में आवास में एक साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में ईडी की टीम ने जब शैलोदय स्थित आवास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हथियार बरामदगी में दबाव में पुलिस, कई तरह के संदेह

## एनआईए जांच की मांग को लेकर गरमायी राजनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के यहां से दो एके-47 व कारतूस बरामदगी के बाद राजनीति गरमा गयी है। रांची पुलिस के दो जवानों के हथियार बरामदगी के बाद यह अंदेशा जताया जा रहा है कि प्रेम प्रकाश को सीधे तौर पर बॉडीगार्ड तो नहीं मिले थे, लेकिन जवानों का कमान दूसरी जगह काटकर उन्हें प्रेम प्रकाश के साथ तैनात किया गया था। हालांकि, रांची पुलिस इस दावे को फिलहाल खारिज कर रही है। पूरे मामले में रांची पुलिस के अफसरों की भूमिका संदेहास्पद भी प्रतीत हो रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रत्येक मंगलवार बॉडीगार्ड या किसी बाहरी जगह पर तैनात पुलिसकर्मियों की समीक्षा पुलिस लाइन में होती है। पुलिस के सार्जेंट मेजर की यह जिम्मेदारी होती है कि वह पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की पूरी जानकारी रखें। हथियार बरामदगी के बाद पूरे मामले में एनआईए जांच की मांग विपक्ष के द्वारा की जा रही है।

**रांची पुलिस से बाबूलाल ने पूछे तीन सवाल :** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची पुलिस के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने के बाद पुलिस से तीन सवाल पूछे हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि पुलिस यह बताये कि ये बॉडीगार्ड किसके नाम, कब और कहां के लिए निर्गत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री से झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के शिष्टमंडल ने की मुलाकात

## सब को अपना हक-अधिकार दे रही हमारी सरकार : हेमंत

- आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया
- समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता : सीएम हेमंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में बुधवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की। संघ ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मांगों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा नियमावली बनाये जाने के आश्वासन को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि हमारी सरकार सभी वर्ग, समुदाय तथा सरकारी कर्मियों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। राज्य सरकार ने विगत दिनों पारा शिक्षकों की मांग, पुलिसकर्मियों के क्षतिपूर्ति अवकाश की मांग, ओल्ड पेंशन सहित कई मांगों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हरेक जनता के चेहरे पर मुस्कान हो, इसी सोच के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मांगों के अनुरूप नयी नियमावली के तहत अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 4750 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। नयी नियमावली के तहत अब आंगनवाड़ी सेविकाओं के प्रतिमाह मानदेय राशि में केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 2700 रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से क्रमशः 6800 रुपये की साझेदारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कैबिनेट का फैसला, 50 हजार सहायक शिक्षकों के पद सृजन को मिली मंजूरी

सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 38 प्रस्तावों पर मुहर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में 38 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक समाप्त होने के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि 50 हजार सहायक शिक्षकों के पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 20825 पद एवं मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 29175 पद की स्वीकृति दी गयी। एक अन्य प्रस्ताव में रांची विश्वविद्यालयके अन्तर्गत नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति दी गयी। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के अंतर्गत नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति दी गयी।

**रांची एयरपोर्ट से चंदाघासी तक सड़क निर्माण के लिए 211.98 करोड़ :** रांची अन्तर्गत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट (हुंडरू)-हेथु-चन्दाघासी-रिंग रोड (कोचबांग) पथ (कुल लंबाई-6.950 कि.मी.) के निर्माण कार्य (पुल निर्माण एवं भू-अर्जन सहित) के लिए 211.98 करोड़ रुपये का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। वहीं, पथ निर्माण के प्रस्ताव में गोमिया एवं डुमरी बिहार स्टेशन के बीच पेटरवार-गोमिया-नरकी-बिशुनगढ़ पथ के चौनेज 26.150 किमी. में स्थान पर पथ उपरी पुल (आरओबी) के निर्माण कार्य के लिए रु. 83.31 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं रेलवे द्वारा पथ उपरी पुल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के 'क्रियान्वयन निर्देशिका' का विमोचन

## लोगों में नशा मुक्ति की इच्छाशक्ति को जागरूक करना जरूरी : जगरनाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा है कि हमें लोगों में नशा छोड़ने की इच्छाशक्ति को लेकर जागरूक करना जरूरी है। कानून की सख्ती के साथ लोगों को जागरूक करने से अप्रत्याशित परिणाम निकल कर सामने आयेगे। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से झारखंड के लोगों को बचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने राजस्व के नुकसान की परवाह किये बगैर लोगों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखा है और तम्बाकू को राज्य में प्रतिबंधित किया है। एमडीआई भवन सभागार, धुर्वा में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने संयुक्त रूप से तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान हेतु क्रियान्वयन निर्देशिका का विमोचन किया। यह क्रियान्वयन निर्देशिका स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीडस) के द्वारा तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (टीओएफईआई) की गतिविधियों का अनुपालन सुनिशिचत कराने हेतु बनायी गयी है।

**तम्बाकू एवं अन्य नशीली चीजों से झारखंड को बचाना हमारी प्राथमिकता : बन्ना गुप्ता**

**बच्चों के साथ शिक्षकों को भी तम्बाकू के दुष्परिणामों से करना होगा अवगत :** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि बच्चों के साथ शिक्षकों को भी तम्बाकू के दुष्परिणामों से अवगत करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा करने से इम्युनिटी पावर घटती है, फलस्वरुप हम जल्द ही बीमार हो जाते हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी की छापेमारी के बाद सरकार ने मीडिया संस्थानों को दी चेतावनी

## गलत सूचना प्रसारित करने पर कानूनी कार्रवाई करेगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रवर्त्तन निदेशालय की ओर से रांची समेत विभिन्न ठिकानों पर की जा रही छापेमारी के बाद मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी गयी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य में चल रही ईडी की छापेमारी के संदर्भ में कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम आरोपी के साथ जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करता है। यह भी कहा गया है कि कुछ मीडिया द्वारा प्रसारित किया जा रहा समाचार स्पष्ट रूप से इंगित करता है जिसमें जान-बूझकर मुख्यमंत्री झारखंड को किसी व्यक्ति से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। यह किसी भी राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के सार्वजनिक पद की गरिमा का पूर्ण उल्लंघन है। झारखंड सरकार ने भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा की गयी सभी जांचों और कार्रवाईयों में अब तक हरसंभव सहयोग प्रदान किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय सार्वजनिक महत्व के रोजमर्रा के मामलों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रेस की स्वतंत्रता का पूरी तरह से समर्थन करता है। हालांकि, कुछ मीडिया प्लेटफॉर्मों का प्रचार-प्रसार और लोकतांत्रिक रूप से चुने गये राज्य के मुख्यमंत्री को बदनाम करने की खतरनाक प्रवृत्ति मीडिया के एक वर्ग के स्पष्ट इरादों को बताती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यदि झारखंड सरकार को दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट और ट्वीट, डिजिटल पोस्ट डालने के और मामले का पता चलता है, तो उचित कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कदम उठाये जायेंगे।

## सरकार राजनीतिक दलों के मुफ्त में उपहार देने जैसे मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती? : सुप्रीम कोर्ट

**-ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त में उपहार देने की परंपरा जैसे गंभीर मुद्दे पर बहस होनी चाहिए। न्यायालय ने पूछा कि केंद्र इस पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाता। कहा कि जब तक राजनीतिक दलों के बीच सर्वसम्मत निर्णय नहीं हो जाता कि मुफ्तखोरी अर्थव्यवस्था को नष्ट करती है, तब तक कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि राजनीतिक दल ही इस तरह के वादे करते हैं और चुनाव लड़ते हैं, न कि व्यक्ति। भारत सरकार इस पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती? अदालत ने कहा, इस पर एक बहस होनी चाहिए। मुद्दा गंभीर है, इसमें कोई



संदेह नहीं है। सवाल यह है कि सभी राजनीतिक दल क्यों नहीं मिलते हैं और सरकार एक बैठक बुला सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने चुनाव के दौरान पार्टियों द्वारा मुफ्त उपहार के वादों का विरोध करनेवाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां की। शुरुआत में याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने सुझाव दिया कि पूर्व सीजेआई आरएम लोढ़ा जैसे शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को इस पहलू पर गठित की जाने वाली समिति का अध्यक्ष होना चाहिए। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश रमण ने कहा कि जो व्यक्ति सेवानिवृत्त हो जाता है या जो सेवानिवृत्त होने जा रहा है, उसका इस देश में कोई मूल्य नहीं है। यही समस्या है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्होंने एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' की ओर से हस्तक्षेप दर्ज कराया है। भूषण ने तर्क दिया कि तीन तरह के मुफ्त उपहारों को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। वे जो भेदभावपूर्ण हैं या जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, जो सार्वजनिक नीति के खिलाफ हैं, और जो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम मोदी ने कैंसर अस्पताल का किया उद्घाटन, कहा-

## धार्मिक व सामाजिक संस्थानों की भागीदारी लोगों की भलाई के लिए पीपीपी मॉडल



**फरीदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन में साझेदारी को पुराने समय का (पीपीपी) यानी सार्वजनिक निजी साझेदारी मॉडल करार देते हुए कहा है कि यह लोगों के कल्याण के लिए सरकारों तथा इन संस्थानों का परस्पर प्रयास है। श्री मोदी ने बुधवार को मां अमृतानंदमयी संस्थान के छह हजार करोड़ रुपये की लागत से बने एशिया के सबसे बड़े अमृता अस्पताल का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल लोगों की भलाई के लिए देश के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन में भागीदारी का उदाहरण है। यह पुराने समय के (पीपीपी) यानी सार्वजनिक निजी भागीदारी का मॉडल है जिसे वह परस्पर प्रयास की तरह देखते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्यों और विभिन्न संस्थानों की भागीदारी से देश में प्रभावशाली पीपीपी मॉडल तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से आवाहन करता हूं, अमृता हॉस्पिटल का ये प्रकल्प ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### हर वक्त सिर्फ राजनीतिक बिसात व षड्यंत्र रचना कुछ लोगों की बनी है आदत : हेमंत

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन ने कहा है कि हर वक्त सिर्फ राजनीतिक बिसात और राजनीतिक बिसात और षड्यंत्र रचना कुछ लोगां की आदत सी बनी हुई है। रांची में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य की दिशा सुरक्षित है और दशा मजबूत है। हेमंत सोरेन ने पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार के कामकाज पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सड़कों पर हर ओर सरकार की हार को दर्शाया जा रहा है, लोग अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मना रहे हैं। लेकिन सरकार का स्पष्ट मत है कि हर नागरिक, हर कर्मी के चेहरे पर मुस्कान आये, हर वर्ग को न्याय मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के फैसले से पुलिसकर्मी खुश हैं, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं में खुशी है। इससे पहले पारा शिक्षकों और अन्य संविदाकर्मियों को भी न्याय मिला। राज्य सरकार ने आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब बच्चों को भी विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृति योजना की शुरुआत की है।

### एनएच-98 मुख्य पथ से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरा ट्रक जब्त



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के एनएच 98 मुख्य मार्ग औरंगाबाद-मेदिनीनगर पथ के थाना समिप चेक पोस्ट पर गुप्त सूचना के आधार पर नावा गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के नेतृत्व में रककुणाल राजा, मुकेश कुमार, एएसआई रामप्रवेश यादव, सशस्त्र पुलिस जवान परदेसी राम, सुरेंद्र यादव द्वारा वाहन संख्या हइ41ए0481 अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक जब्त कर थाना लाया गया। जहां ट्रक चालक संदीप कुमार पांडे पिता स्वर्गीय शिव शंकर पांडे उम्र 36 वर्ष ग्राम ठेकहीं थाना- अंतू जिला प्रतापगढ़ राज्य उत्तर प्रदेश व रामधान मांझी- पिता रमेश मांझी ग्राम श्रमपुर थाना रामपुर राज्य मध्य प्रदेश निवासी को गिरफ्तार कर ली गई। बरामद ट्रक में 380 पेटी अग्रेजी शराब सहित सुखा नारियल व पटरा डाल कर तिरपाल से बांधकर रामगढ़ जिला झारखंड से बिहार की औरंगाबाद जा रहा था। जहां गुप्त सूचना के आधार पर वाहन को जप्त कर ली गई। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास द्वारा प्राथमिकी संख्या 73/22 धारा 720, 714, 272, 273, 34 भादवी 34 अउत्पाद अधिनियम के तहत ब्लू स्टोक 180एमएल 10 पेटी, ब्लू कैप्टन 375एमएल 160पेटी ब्लू स्टार 375एमएल 96 पेटी, ब्लू डीलक्स 375 21 पेटी, ब्लू स्टार 750 93 पेटी बरामदगी के साथ दोनों व्यक्तियों को केंद्रीय कारा मेदनीनगर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### हरिहरगंज के पथरा गांव में बीमारी से पिता-पुत्र की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत पथरा गांव में मंगलवार को एक ही परिवार में टाईफड, मलेरिया व जौंडिस से पिता और पुत्र की मौत हो गयी। इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पथरा गांव निवासी चनारिक भुइंया के 36 वर्षीय पुत्र शखीचंद भुइंया को जौंडिस की बीमारी हुआ था। जिसे मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान उसका मौत हो गयी। जबकि मृतक के 13 वर्षीय पुत्र करण कुमार को टाइफर्ड व मलेरिया बुखार लगा था। जिसे गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत इलाज कराने ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। घटना के सूचना पर सरसोत के मुखिया विनय कुमार सिंह ने परिजनों से मुलाकात कर संतावना दिया और तत्काल दाह संस्कार के लिए आर्थिक मदद दिया। इस दौरान मुखिया ने ब्रह्माभोज में खर्च की जिम्मेवारी लेते हुए सरकारी लाभ दिलाने के साथ हर संभव मदद करने का आशवासन दिया है। पिता- पुत्र दोनो मृतकों का अंतिम संस्कार बुधवार को गांव के समीप श्मशान घाट पर किया गया।

## न्यूज गैलरी

### पंसस की बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा

**विश्रामपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की पहली आधिकारिक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा देवी व संचालन सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने किया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,14 वें व 15 वें वित्त की योजनायें सहित प्रखंड से संचालित सभी विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि विकास योजनाओ में अनियमितता कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। और न ही विकास योजनाओं के गुणवत्ता से कोई समझौता किया जायेगा। बैठक में उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, बैजनाथ राम, भोला राम, विश्रामपुर थाना के एएसआई राजकुमार चौधरी, कृष्णा साहू, पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे,बेलो शुक्ला, प्रीति देवी, पुष्पा देवी, प्रेमलाल पासवान,आशा पांडेय, सबिता कुमारी सहित सभी सदस्य व कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

### पंचायत में बाटे जा रहे है धोती साड़ी लूंगी

**पाटन।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत पाटन के केलहार पंचायत सचिवालय में उपस्थित ज़िला परिषद सदस्य-पाटन पश्चिम जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) मुखिया जैनुल सिद्धिकी, डीलर संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कार्ड धारी लाभुक के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर रणधीर सिंह, मंटू सिंह, सचिन सिंह आदि लोग उपस्थित थे। वही राजहरा पंचायत में मुखिया अजय पासवान ने डीलर के साथ विभिन्न गांव में धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया। सरकार के योजना पर पंचायत प्रतिनिधि भी जमकर हिस्सा ले रहे हैं जो हर गरीब के परिवार के लोग को योजना का लाभ मिल सके।

### हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर से बाइक चोरी

**हरिहरगंज।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से चोरों ने अपाचे बाइक जेएच03 एस9589 की चोरों ने दिनदहाड़े चोरी कर ली। चोरी गयी बाइक प्रखंड के खाप कटैया गांव निवासी अजय साव की थी। बुधवार को वे अपाची बाइक से अंचल कार्यालय गए थे। जिसे प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में खड़ा कर अपना काम निपटा रहे थे। काम खत्म करने के बाद घर जाने के लिए जब बाइक के पास पहुंचे तो बाइक वहां नहीं थी। उसके बाद काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सूचना के बाद हरिहरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। और स्थल का जायजा लेते हुए प्रखंड कार्यालय में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमे बाईक चोर की कोई गतिविधि कैद नहीं हुयी। क्योकि सीसीटीवी फुटेज में दूरी ज्यादा होने के चलते चोर नहीं दिखा।

### दो बजे से पहले विद्यालय बंद

**सतबरवा।** पोंची गौरा के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मंगलवार को 2:00 बजे से पहले विद्यालय बंद कर शिक्षक बच्चों के घर भेज दिये। वहीं ताला बंद कर अपने घर चले गए। गौरा माइंस की स्थिति देखने गए पत्रकारों की टोली ने विद्यालय बंद देखने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पारसनाथ उपाध्याय से दूरभाष पर संपर्क कर विद्यालय बंद होने के कारण जानने की कोशिश की तो उन्होंने बताया कि हां मेरा विद्यालय 2:00 बजे से पहले बंद कर दिया है। हम लोग क्या करते, गौरा माइंस में तीन बच्चे डूब कर बच्चे की मौत होने पर छात्र-छात्राएं काफी डरे सहमे हुए हैं। सोमवार को 12 बच्चे उपस्थित हुए थे। हमें कुछ काम था इसलिए मैं स्कूल बंद कर निकल गया वही शिक्षिका अलका कुमारी ने बताया कि बच्चे डरे हुए थे इसलिए हम लोग स्कूल बंद कर दिए। इस विषय पर दूरभाष पर संपर्क करने पर बीपीओ मनोज तिवारी ने मेदिनीनगर होने की बात कह कर फोन काट दी। उसके बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### अदबी संसार का 16 वां तरही मुशायरा संपन्न

**मेदिनीनगर।** शहर के पहाड़ी मुहल्ला स्थित मो. शेर खां के आवास पर अदबी संसार ने 16 वां तरही मुशायरा का आयोजन किया। शायरों ने मनकबत विषय के अंतर्गत इमाम हुसैन की शान में रचनाएं पेश की। अध्यक्षता डॉ. इंतेखाब असर, संचालन मिर्जा खलील अहमद बेग ताहिर व अतिथियों का स्वागत संस्था के संयोजक एम.जे. अजहर ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. इंतेखाब असर ने कहा कि खुश नसीबी है कि हम लोग हुसैनी हैं। हमें सदा सत्य की राह पर चलना चाहिए। मुशायरा की शुरूआत में हाफि ज मो. मेराज आलम ने कुरआन की तिलावत पेश की। डॉ. इंतेखाब असर: वाजिब है मोमिनो पे मुहब्बत हुसैन की, जन्नत में ले के जायेगी।

# सुमित राज ने मिस्टर टीन इंडिया का पुरस्कार जीत कर पलामू का नाम रौशन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के लंबी गली निवासी शंकर विश्वकर्मा के पुत्र सुमित राज ने मिस्टर टीन इंडिया का पुरस्कार जीतकर हुसैनाबाद का ही नहीं, बल्कि पलामू का नाम रौशन किया है। नई दिल्ली में आयोजित मिस्टर टीन इंडिया कार्यक्रम का अयोजन संपूर्ण भारत से युवाओं को फिल्म जगत के क्षेत्र में प्रेरित करने को लेकर किया गया था। जिसमें पहली बार यह अवार्ड झारखंड के किसी लाल को मिला। सुमित राज ने बताया कि पहली बार 24 वीं मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया का सिटी औडीसन रांची में आयोजित किया गया था, जिसमें भाग लिया था। और वहां से सेमीफाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया था। जो की न्यू दिल्ली में रेडिसन ब्लू में किया गया। और फिर इनका चयन वहां से दुबारा ग्रैंड फाइनल राउंड के लिए हुआ था। 24 वें मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी सिनेमा के महानायक मनोज तिवारी, हिंदी सिनेमा के अभिनेता तुषार कपूर, शहबाज खान, अयूब खान, तथा कुमकुम भाग्य सीरियल की अभिनेत्री पूजा बनर्जी भी मौजुद थी। जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा मुझे सम्मानित किया गया था। उसके पिता ने बताया कि अवार्ड नाइट की रात को सुमीत राज को मिस्टर टीन इंडिया का लोकप्रिय प्रतिभागी का भी अवॉर्ड मिला है। मौके पर भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने सुमीत राज को भोजपुरी फि ल्म में काम करने का भी ऑफर दिया है। इसकी माता सुनीता देवी, दादी रुक्मिणी देवी, दादा रामेश्वर विश्वकर्मा, नाना चंद्रदेव विश्वकर्मा, दीदी श्रुति कुमारी, स्नेहा कुमारी आदि ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## देवी धाम के गर्भगृह में भूतल से उपर माता का स्थान करने पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर देवी धाम परिसर में बुधवार को प्रबंध समिति की बैठक समिति अध्यक्ष सह बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने की। जिसमें मंदिर परिसर में विकास कार्य को लेकर चर्चा उपरांत कई विकास कार्य को मंजूरी दी गई। साथ ही आय व्यय के लेखा-जोखा सार्वजनिक रुप में प्रस्तुत किया गया। मंदिर गर्भगृह में विराजित देवी मां को भूतल से उपर करने पर गंभीरता से मंथन की गई। इसके लिए अयोध्या व वाराणसी के विद्वानों से मिलने के लिये एक प्रतिनिधि मंडल का गठन किया गया। परिसर में सोलर युक्त लाइट लगाने का भी निर्णय लिया गया। बीडीओ ने कहा कि आय व्यय की प्रक्रिया को पारदर्शी करने की जरुरत है। मंदिर के रसीद को पंचायत के मुखिया के पास से प्रबंध समिति के सदस्य रजिस्टर इन्ट्री के बाद लेने का कार्य करें। जिससे कि लेनदेन प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। बैठक में सचिव रामअसरेस सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, गुरु प्रताप साहीदेव, पूर्व मुखिया कमलेश सिंह, केपी गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## मृतक के परिजनों का किया सहयोग, दी खाद्य सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के खरवार एकता संघ का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को घरटिया गांव जाकर मृतक के परिजनों से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन सिंह खरवार उर्फ अखिलेश सिंह कर रहे थे। निरंजन सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके अलावा अपनी ओर से परिजनों को आर्थिक सहयोग किया। सूखा राशन व खाद्य सामग्री भी दिया। अंतिम क्रियाकर्म तक अपनी ओर से टेंट लगवाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। यहां उल्लेखनीय है कि बघमनवा पंचायत के घरटिया निवासी रामप्रीत सिंह की पत्नी राधा कृष्णा देवी की मौत पिछले दिनों लंबी बीमारी के कारण हो गयी थी। निरंजन सिंह खरवार ने कहा कि गरीबो की मदद से मन को शांति मिलती है। मैके पर राजकुमार सिंह, डी एन सिंह, नरेश साव, रामचंद्र सिंह, भरदुल यादव, बिहारी सिंह, जदुनि सिंह, शिवनाथ यादव, अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## जाति प्रमाण पत्र बनाने का शिक्षक करेंगे विरोध

**नवीन मेल संवादाता**




**सतबरवा।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में मंगलवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सतबरवा इकाई की बैठक अध्यक्ष गोविंद प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एक स्वर में विरोध जताते हुए कहा कि हम सभी शिक्षक शैक्षणिक कार्य करने के लिए हैं, ना कि ऊलूल जुलुल कार्यों में लगाने के लिए। आज सरकार हम सभी शिक्षकों को हर तरह से प्रताड़ित और मानसिक रूप से दंडित करने में लगी हुई है। हम सबों को सरकार केवल शैक्षणिक कार्य करने दें ताकि हम बच्चों का समुचित और संतुलित विकास कर सकें। हम सब लेटर लेटर खेल रहे हैं। एक पूरा हुआ नहीं की दूसरा मिल जाता है। ऐसी स्थिति में हम लाचार होते जा रहे हैं। हम किसी भी निजी विद्यालय से किसी भी प्रकार से कम नहीं है। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि गरीबों के बच्चे पढ़े। क्योंकि शिक्षकों को तरह-तरह के पत्र निकालकर विभिन्न प्रकार के जाति/ आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने, बैंक का खाता खोलवाने आदि गैर शैक्षणिक कामों में लगाया जा रहा है जिससे कि मूल शैक्षणिक कार्य बाधित हो रहे है। मौके पर उपाध्यक्ष कमल कुमार, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता महिला विंग के विद्या कुमारी, रानी पूनम, कुमारी पायल, शबनम आरा, पूनम गुप्ता, अनीता भेंगरा, किरण किशोरी टोप्पो, कमेटी के सुरेंद्र सिंह, शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## जपला महावीर भवन में नवाह्न परायण यज्ञ समिति कि हुई बैठक

### यज्ञ का 42 वां वर्ष के सफल बनाने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के जपला महावीर भवन में यज्ञ समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नवाह्न परायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत परांपरागत तरीके को अपनाते हुए पुराने समिति को भंग कर नये समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेंद्र पाल को पुनः यज्ञ समिति का अध्यक्ष चुना गया। समिति में इस वर्ष कोई भी बड़ा बदलाव नहीं हुआ। वहीं संतोष गुप्ता को भी पुनः सचिव व जितेंद्र कुमार रावत को उप सचिव बनाया गया है। इसमें वर्ष 2021 के आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें वर्ष 2021 का आय कुल 1 लाख एक सौ एक रुपए एवं वर्ष 2020 की बचत राशि 84 हजार एक सौ 13 रुपए थी। वहीं वर्ष 2021 में कुल व्यय 1 लाख 79 हजार चार सौ 67 रुपये हुए। पिछले वर्ष की कुल बचत 4 हजार सात सौ 47 रुपये समिति के पास वर्तमान में है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने कहा कि नवाह्न परायण यज्ञ का आयोजन पूर्व की भांति की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि नवाह्न यज्ञ का यह 42 वां वर्ष है। और इस वर्ष धूमधाम से यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वहीं उन्होंने समिति का भी पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष मेरे कार्यकाल का आठवां वर्ष होगा। वहीं समिति का विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में श्रवण कुमार अग्रवाल, राकेश तिवारी, कामाख्या नारायण सिंह, उदय कुमार सोनी, अविनाश कुमार कश्यप, राजकुमार कश्यप, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल राजेश सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक प्रदीप कुमार कांस्यकार, अनिमेष अग्रवाल, छोटेलाल केसरी, दीपक कुमार गुप्ता, गोपाल पाठक, पप्पू कुमार पासवान, छोटू चंद्रवंशी, जजमान के रूप में संतोष कुमार एवं रिंकी देवी, चंदा प्रमुख में रवि कुमार चंदेल, राजू कुमार, छोटेलाल केसरी के अलावा कई सदस्यों का नाम शामिल हैं।

## अररुआ खुर्द उर्दू मकतब का नाम परिवर्तन करने पर ग्रामीणों ने जतायी आपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द मुस्लिम मुहल्ले में करीब 100 वर्षों से भी अधिक समय से संचालित उर्दू मकतब का नाम परिवर्तन कर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर दिया गया है। साथ ही इन स्कूलों में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक छुट्टी को रद्द कर दिया गया है। इसे लेकर बुधवार को पोषक क्षेत्र के ग्रामीण युवा समाजसेवी इरफान शाहिद के नेतृत्व में स्कूल परिसर में जुटे और विभाग के निर्णय पर आक्रोश जताया। सरकार से अविलंब इस फरमान को वापस लेने की मांग करते हुए इरफान शाहिद ने कहा कि 1900 ई। से ही यहां प्राथमिक उर्दू मकतब संचालित है। जबकि विद्यालय के भूमि दाता स्व. हाजी लेयाकत हुसैन ने भी प्राथमिक उर्दू मकतब के नाम से ही भूमि का दान किया है। जिसका केवाला लगान रसीद भी इसी नाम से प्राप्त है। सभी शिक्षकों की पोस्टिंग भी उर्दू मकतब के नाम से होता आया है। बाबजूद इसके उर्दू शब्द हटाने की फरमान कतई न्यायोचित नहीं हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए साक्ष्यों और प्रमाण का हवाला देकर स्कूल का नाम उर्दू मकतब ही प्राथमिक उर्दू मकतब के नाम रहने देने की गुहार लगायी है। गुहार लगाने वालों में मो. वाजूलहक, मुमताज अहमद, मुनिब आलम, औरंगजेब, उमर, जहांगीर, शेराज आलम, मो. इम्तियाज निजामुद्दीन का नाम शामिल है।

(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना**

वितीय वर्ष 2022-23 में दुधारू पशुपालकों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची स्थित 07 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण हेतु प्रगतिशील डेयरी कृषकों की जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिये पशुपालकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क संस्था द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरणी एवं अहर्ता निम्नलिखित हैं :-

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरणी :-

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | | SCSP | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 13.09.2022 से 19.09.2022 तक | 13 | 09 | 22 | 04 | 02 | 06 | |
| 2 | 01.11.2022 से 07.11..2022 तक | 10 | 05 | 15 | 04 | 02 | 06 | |
| 3 | 22.11..2022 से 28.11..2022 तक | 10 | 05 | 15 | 04 | 02 | 06 | |
| 4 | 13.12..2022 से 19.12.2022 तक | 10 | 07 | 17 | 04 | 02 | 06 | |
| कुल योग :- | | 43 | 26 | 69 | 16 | 08 | 24 | |

(ख) प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अहर्त्ता :-
1.मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुक।
2.विभागीय योजना के तहत् वितरित गाय वर्तमान में पशुपालक के पास उपलब्ध हो।
3.महिला प्रशिक्षणार्थियों को बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है।

उपरोक्त अहर्ता रखने वाले पशुपालकों का जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, पलामू अन्तर्गत कार्यालय अवधि में यथाशीघ्र उनके स्वयं के आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक के साथ स्पष्ट छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र समर्पित किया जा सकता है।

ह0/-
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR276300 (Animal Husbandry)22-23*D

## डीडीसी को आवेदन देकर सेविका चयन यथावत रखने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपविकास आयुक्त पलामू को आवेदन देकर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कूलहिया पश्चिमी टोला निवासी कविता कुमारी पति अनिल शर्मा ने पूर्व में किये गये। सेविका चयन को यथावत रखने की मांग की है। दिये गये आवेदन में कविता कुमारी ने कहा है कि उसे बीते 8 जुलाई 2019 को तत्कालीन सीडीपीओ व पर्यवेक्षिका के द्वारा आमसभा के माध्यम से योग्यता के आधार पर सर्वसम्मति से आंगनबाड़ी सेविका के लिए औपबंधिक चयन पत्र सौंपा गया था। बावजूद उसे केन्द्र चलाने का प्रभार नहीं दिया गया। और पुनः सेविका चयन के लिए आमसभा के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई, जो न्याय संगत नहीं है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयप्रकाश नारायण ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार रिक्ति के आधार पर कूलहिया पश्चिमी टोला में 25 अगस्त 2022 को सेविका चयन हेतु आमसभा की तिथि निर्धारित की गई है।

## वृक्षों से सांसों का रिश्ता है एक वृक्ष, 10 पुत्र के समान कार्य करता है वृक्ष : कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय में किया पौधारोपण। रा०कृ०म०वि० कुम्हार टोली, अघोर आश्रम रोड, सदर मेदिनीनगर परिसर में कल्पतरु, रुद्राक्ष, सफेद चंदन, कपूर, अल्तमस, ऑस्ट्रेलियन आम, थाईलैंडी अमरूद कई फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण करते हुए प्रख्यात पर्यावरणविद् सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रनेता कौशल किशोर जायसवाल ने स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को पर्यावरण सिद्धांत के 8 मूल मंत्र की शपथ दिलाते हुए पौधों की सुरक्षा करने और उनसे होने वाले लाभ को बताया। जल जंगल जमीन बचेगा तभी मिट्टी कटाव जलवायु प्रदूषण मे भी कमी आयेगी और सभी लोग जीवजंतु एवं अन्य प्राणियों को शुद्ध हवा मिल सकेगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को हमसभी झेल चुके हैं इसलिए पौधा लगाना भी है और उसे बचाना भी है ताकि सभी के जीवन सुरक्षित रह सके। जायसवाल ने कहा कि देश की आजादी के 75 वा वर्ष अमृतमहोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है हम सभी को इस अमृतकाल में अपने घर, विद्यालय,आसपास के मैदान गांव शहर सभी जगह पौधा लगायें जिससे आने वाले समय में उनसे हमें फलफूल भी मिलेगा छाव भी मिलेगा हवा ऑक्सीजन भी मिलेगी। पिछले साल हुए पौधारोपण को संरक्षण एवं संचित करने के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद देता हूं। पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामदेव महतो, शिक्षिका शिक्षक ललिता कुमारी, पूर्णिमा मिश्रा, महेश कुमार मेहता, रेनू कुमारी, चंदा कुमारी,प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिका ब्यूटी राज, अनामीका पांडे, प्रीति तिर्की, ओमप्रकाश सिंह, रीमा कुमारी, विकास कुमार, नित्यानंद कुमार, दीपिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, जितेंद्र कुमार राम, ज्योति कुमारी, रुचि कुमारी पांडे,छात्र-छात्राएं-सौरभ राज विभूति रंजन प्रियंका कुमारी अनामिका कुमारी प्रांजल कुमार ज्योति कुमारी लक्ष्मी कुमारी, निकुंज कुमार, राधा कुमारी, आकाश कुमार, शुभम कुमार आकांक्षा कुमारी नैना कुमारी काजल कुमारी सृष्टि कुमारी एवं अन्य सैकड़ों बच्चे सहित रसोईया सुनीता कुमारी बेबी देवी लालो कुंवर सुनीता देवी रामनाथ प्रसाद व अन्न मौजूद रहे।

**Office of District Magistrate-cum-Deputy Commissioner Lohardaga (Nazarat Section)**
Address: District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302
Contact No.: 7717708976
Email: ndclohardaga2020@gmail.com

Reference No:- Date:-

**Request for Proposal( VERY SHORT )**

| S.No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | House Keeping, Cleaning, Catering, Maintenance of Circuit House, Lohardaga |
| 2 | Period of Work | 2 Year s |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | Date- 24.08.2022 |
| 4 | Tender Cost | No cost is applicable. |
| 5 | Earnest Money Deposit | Bank draft of INR 1,00,000 (Rupees One Lakh Only) in the name of 'DEPUTY COMMISSIONER, LOHARDAGA ' payable at any nationalised bank branch in Lohardaga district to be submitted along with the proposal. |
| 6 | Last date and time of receipt of Tender | 01.09.2022 until 11:00 PM. |
| 7 | Bid submission Place | District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 8 | Date and Time of Bid Opening | Date-01.09.2022, 03:00 PM |
| 9 | Opening Va lidity of Bid | Validity of Bid: 90 days |
| 10 | Bid Opening Place | Meeting Hall District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 11 | Name & address of office inviting tender | District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 12 | Helpline Number | 7717708976: NDC, Lohardaga |

NOTE:- For further information please visit website: www.lohardaga.nic.in

Sd/-
Deputy Commissioner
Lohardaga

PR 276274 Lohardaga(22-23)#D

**कार्यालयः-जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।**
Sadar Hospital Campus, Latehar.
E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन संविदा/अनुबंध आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2021 (DHS) के Cancelation से संबंधित सूचना।**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2463(MD) दिनांक 24.08.2021 के आलोक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति लातेहार के अधीन संविदा/अनुबंध आधारित पारा कर्मी एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदो के रिक्त **(बैकलॉग)** पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु PR No. 255702 (Health Med Edu and Family Welfare(21-22)_D के द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों से निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

स्थानीय नीति आहरण संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड संकल्प संख्या 229 दिनांक 19.01.2022 की कण्डिका-04 (ख) में इस आशय का निर्देश उल्लेखित है कि **"इस संकल्प के निर्गत होनें की तिथि से पूर्व समूह 'ख' अराजपत्रित, समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदों पर नियुक्ति हेतु वैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित सभी विज्ञापन, जो कार्मिक विभागीय अधिसूचना संख्या-5938 दिनांक-14.07.2016 (संकल्प सं0-8468, दिनांक-20.11.2018 द्वारा यथासंशोधित) एवं आदेश सं0-5939, दिनांक-14.07.2016 से आच्छादित है तथा जिनमें अबतक नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किए गए हैं, उनमें नियुक्ति की प्रक्रिया अपूर्ण मानते हुए उन सभी विज्ञापनों को निरस्त किया जाता है। इन मामलों में अब नए सिरे से (ab-initio) विज्ञापन प्रकाशित करनें की कार्रवाई की जायेगी।"**

उक्त आलोक में जिला चयन समिति, लातेहार की बैठक में पारित निर्णय के आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के द्वारा PR No. 255702 (Health Med Edu and Family Welfare(21-22)_D के माध्यम से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/201(DHS) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। जिला चयन समिति, लातेहार के निर्णयानुसार नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित की जा चुकी है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार।

PR 276285 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

# न्यूज गैलरी

## 10 लाख की लागत से बना चिल्ड्रेन पार्क लावारिस हालत में

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा शहर के हमीदगंज बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास बच्चों के मनोरंजन के लिए 10 लाख की लागत से चिल्ड्रन पार्क बनाया गया है। इस चिल्ड्रन पार्क की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। इसका उद्घाटन हुए अभी 3 दिन भी नही हुआ है। अभी से ही बच्चों के मनोरंजन का सामग्री बर्बाद होने लगा है, इसके सभी पाट्‌र्स पुर्जे ढीले पड़ गए हैं। इसका कारण यह है कि क्षमता से अधिक बच्चे खेलने के सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं चिल्ड्रन पार्क का चारदीवारी भी मजबूत नहीं है जिसके कारण लोग चार दिवारी फांद कर पार्क में लगे सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। शाम और सुबह यहां बड़ों से लेकर बच्चों तक का हुजूम लगा रहता है। यदि समय रहते पार्क की देखरेख नहीं की गई तो एक दो महीना के अंदर ही पार्क का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम को चाहिए कि पार्क की देखरेख के लिए 5 रुपया टिकट कर दिया जाए तो इससे पाक की मेंटेनेंस भी बरकरार रहेगी और लोग पार्क में लगे सामान को भी बर्बाद नहीं करेंगे।

## डीसी ने सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। यहां आधारभूत संरचनाओं सहित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेकर कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने किशोरों के रहने वाले कमरों के निरीक्षण के क्रम में पाया कि कई रूम में बिजली का वायरिंग झूल रहा है इसकर उन्होंने भवन निर्माण के कनीय अभियंता को ऐसे सभी वायरिंग को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर उन्होंने सुपरिटेंडेंट को सीसीटीवी का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते रहने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने छोटे-मोटे अपराध में अधिक समय से रहे रहे बाल कैदियों को रिलीज करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों संग संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से हाल-चाल एवं उनको दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता से संबंधित भी वार्ता किया। वहीं शौचालय के निरीक्षण के क्रम में प्रतिदिन साफ-सफाई कराते रहने को कहा। वहीं बच्चों से सामग्री की आवश्यकता के बारे में भी अवगत हुए । मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी ,भवन निर्माण के कनीय अभियंता, संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## परीक्षा नियंत्रक को कितने मोबाइल उपलब्ध करा रही एनपीयू : अभिषेक

**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ ( आपसू ) के अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा ने एनपीयू की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की लालफिताशाही चरम पर है और सिर्फ यहां पदाधिकारी अपने एशोगाह का व्यवस्था बना रखें है। उन्होंने कहा कि भारत की सभी मोबाइल नेटवर्किंग कंपनी 3000 में पुरे वर्ष इनकमिंग और आउटगोइंग दो जीबी प्रति दिन नेट के साथ फ्री दे रही है तो परीक्षा नियंत्रक को अलग से 1000 प्रतिमाह देने का निर्णय संदेहास्पद लगता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन को बताना चाहिए की परीक्षा नियंत्रक को कितने मोबाइल उपलब्ध करवा रही। कभी विश्वविद्यालय छात्र कल्याण पर भी सिंडीकेट में चर्चा करती तो विद्यार्थियों को भी संतुष्टि मिलती । गौरतलब है कि एनपीयू के कार्यप्रणाली पर विगत दिनों से छात्र संगठनों के द्वारा लगातार विरोध जताया जा रहा है। अब एक बार फिर एनपीयू के द्वारा लिए गये निर्णय पर छात्र संगठन मुखर हो रहे है।

## जिला स्वर्णकार संघ ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ ने द्वितीय वर्ष गांठ के अवसर पर संत शिरोमणि नरहरी दास महाराज (सोनार) के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सम्माननीय दुर्गा जौहरी, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, पलामू के जिला अध्यक्ष युगल किशोर शरण, उपाध्यक्ष जयराम कुमार बर्मन, स्वर्णकार संघ बिश्रामपुर के प्रखंड अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष अवधेश सोनी, मंत्री सीताराम सोनी ,सचिव ललन सोनी, कोषाध्यक्ष उमेश सोनी ,मीडिया प्रभारी सत्यम सोनी और रामचंद्र सोनी ,संरक्षक रघुनाथ प्रसाद सोनी इत्यादि कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

## समृद्धि की पाठशाला में कलाकार सचिन शर्मा बच्चों से मिले

**मेदिनीनगर।** समृद्धि की पाठशाला में मि.प्लानेट वर्ल्ड टैलेंट एम्बेसडर 2016 में चयनित सचिन शर्मा जो अब जी टीवी में राधा मोहन सीरियल में प्रेस रिपोर्टर के रूप में दिखाई देते है। सचिन शर्मा ने समृद्धि के बच्चों से मिलने बुधवार को पाठशाला पहुँचे। पलामू के लोग उनके छोटे से रौल को भी देखकर काफी खुश हैं। सभी उन्हें और भी बड़े रूप में देखना चाहते हैं। 2016 में मिली सफलता के बाद वे नि:शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में आए । इस बार उनके आने की जानकारी जब मिली तो पाठशाला परिवार उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की। सचिन पहले की तरह पाठशाला आने को तैयार हो गये। उनका आना और उनके सुंदर व्यक्तित्व और अच्छे व्यवहार ने सबों के मन को जीत लिया। वही आरती श्रीवास्तव जो मिशन समृद्धि संस्था की सहयोगी हैं। उनका जन्मदिन भी रहा। सचिन ने सभी बच्चों को टॉफी प्रदान कर उन्हें बधाई दी।

## सुखाड़ को लेकर भाकपा की बैठक

**मेदिनीनगर।** भाकपा के अंचल कमेटी ने हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय पर कामरेड सचिदानंद पाठक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन कामरेड भोला सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी के राज में कारपोरेट मालोमाल एवं जनता कंगाल हो रहे हैं। वहीं इस वर्ष पुरे पलामू जिला सहित हुसैनाबाद अंचल अकाल की चपेट में है लेकिन सरकार के द्वारा अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य सरकार तत्काल हुसैनाबाद अंचल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चालू करनी चाहिए। भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू जिला सहित हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भीष्म अकाल की चपेट में है। भदई फसल के साथ धान की रोपाई भी नहीं हो सका। वही आम लोगों के इस्तेमाल करने वाला रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं में मोदी जी ने जीएसटी लगा दिया। मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसी परिस्थिति में केंद्र सरकार पलामू जिला को विशेष पैकेज दे। धरना को वंशी ठाकुर,भीम प्रजापति, देवेन्द्र प्रसाद कश्यप, बलिराम सिंह,सरयु सिंह,आदी ने संबोधित किया। धरना में अवरूद्ध मेहता, परमेश्वर मेहता,बाबुलाल रजवार,बाबुलाल चौधरी,युगेशवर मेहता, मंदीप ठाकुर, राजमती कुअंर, दुलारी देवी,राजपति देवी,देवनती देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पलामू में जैन धर्म का पर्युषण पर्व शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जैन धर्म का प्रमुख पर्व पर्युषण बुधवार से शुरू हो गया है। स्थानीय पंचमुहान स्थित जैन मन्दिर में पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो गया है। ये पर्व लगातार दस दिनों तक चलता है। ये पर्व भाद्रपद मास की पंचम तिथि से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी तिथि तक मनाया जाता है। इस साल जैन समाज का ये महापर्व 24 अगस्त से शुरू हो रहा है जो कि 31 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। पर्युषण को जैन धर्म के लोग काफी महत्वपूर्ण त्योहार मानते हैं। जैन धर्म में पर्युषण को पर्वों का राजा कहा जाता है। ये पर्व भगवान महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जिओ और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है। साथ ही मोक्ष प्राप्ति के द्वार खोलता है। इस महापर्व के जरिए जैन धर्म के अनुयायी उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम ब्रह्मचर्य के जरिये आत्मसाधना करते हैं। पर्युषण पर्व की मुख्य बातें जैन धर्म के पांच सिद्धांतों पर आधारित हैं। जैसे- अहिंसा यानी किसी को कष्ट ना पहुंचाना, सत्य, चोरी ना करना, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा धन एकत्रित ना करना। मान्यताओं के अनुसार, पर्युषण पर्व के दौरान जैन धर्मावलंबी धार्मिक ग्रंथों का पाठ करते हैं। पर्व के दौरान कुछ लोग व्रत भी रखते हैं। पर्युषण पर्व के दौरान दान करना सबसे ज्यादा पुण्य का काम माना जाता है




**पर्युषण पर्व की अवधि :** जैन धर्म में पर्युषण को दशलक्षण के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल, जैन धर्म में दो क्षेत्र हैं। एक दिगंबर और दूसरा श्वेतांबर। श्वेतांबर समाज 8 दिन तक इस त्योहार को मनाते हैं, जिसे अष्टान्हिका कहा जाता है। वहीं दिगंबर समाज जैन दस दिन तक पर्युषण पर्व को मनाते हैं, जिसे दसलक्षण कहते हैं। इस दौरान लोग ईश्वर के नाम पर उपवास करते हैं और पूजा अर्चना करते हैं।

# विद्यार्थियों के बीच प्रतिपूर्ति राशि का वितरण मुखिया ने किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कनौदा में मुखिया शाहनाज प्रवीन की उपस्थिति में 26 विद्यार्थियों के बीच कोविड काल के मध्यान भोजन प्रतिपूर्ति राशि का वितरण किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक नंदलाल चौहान ने बताया कि 26 बच्चो के बीच राशि वितरण किया गया। पश्चिमी पंचायत की मुखिया शाहनाज प्रवीन ने राशि वितरण कार्यक्रम कि शुरूआत कि। उन्होंने कहा की कोविड़ काल की प्रतिपूर्ति राशि का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी उक्त राशि का उपयोग कॉपी, कलम में कर मन लगाकर पढ़ाई करें तो उनका भाविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहेगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी के प्रति अपने कर्त्तव्य को समझे। समाज सेवी सज्जू खान ने शिक्षको से बच्चो को संस्कारयुक्त शिक्षा देने कि बात कही। मौके पर पर्यवेक्षक सीआरपी ब्रजेंद्र कुमार पांडेय, समाज सेवी अशरफ हसन,शिक्षक देवेंद्र सिंह अलवा एसएमसी अध्यक्ष, वार्ड सदस्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नियोजन नीति पर आंशिक सुनवाई , 31 को अगली सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हाईकोर्ट में जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधन नियमावली-2021 को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर आंशिक सुनवाई मंगलवार को हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन व जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में प्रार्थियों की ओर से पक्ष रखा गया। पर्याप्त समय नही होने के कारण बहस अधूरी रही। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 31 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। उस दिन प्रथम केस के रूप में मामले की सुनवाई होगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ में इससे पूर्व प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की।श्री कुमार ने पक्ष रखते हुए खंडपीठ को बताया कि जेएसएससी नियमावली से सामान्य कोटि के विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। ये संविधान की आर्टिकल-14 व 16 का उल्लंघन है। नियमावली में यह शर्त लगाना असंवैधानिक है कि राज्य के संस्थान से ही 10वीं व इंटर की परीक्षा पास करनेवाले छात्र नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होंगे। यह शर्त सिर्फ सामान्य श्रेणी पर ही लागू है, जबकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में इस शर्त को शिथिल कर दिया गया है। इतना ही नहीं भाषा के पेपर से हिंदी व अंग्रेजी को हटा दिया गया है, जबकि उर्दू, बांग्ला व ओडिया भाषा को शामिल किया गया है। खंडपीठ में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार व अधिवक्ता पीयूष चित्रेश तथा जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रार्थी रमेश हांसदा, अभिषेक कुमार दुबे, विकास कुमार चौबे, रश्मि कुमारी व अन्य की ओर से अलग-अलग याचिका दायर कर जेएसएससी नियमावली को चुनौती दी गयी है। प्रार्थियों ने नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त करने की मांग किया गया है।

### टेलर गोली कांड का उद्भेदन

# भांजा ने ही दिया था घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में कुछ दिनों पहले पाराडाइज टेलर के मालिक मो. तौसीफ पर चली गोली मामले में शहर थाना की पुलिस तह तक पहुंच गयी हैं। इस कांड से पुलिस जल्द पर्दा उठाने वाली है। अभी तक की जांच में सामने आया है। मो. तौसीफ पर उसके भांजे मो. इरसाद ने गोली चलवाई थी। मो. इरसाद ने इसके लिए 3. 50 लाख रूपए की सुपारी शूटरों को दी थी। शूटरों को पूरे पैसे का भुगतान भी कर दिया गया है। गोली चलाने वालों की भी पहचान पुलिस ने कर ली है। उनकी गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। बताते चलें कि गत 17 अगस्त की रात 8.30 से 9 बजे के बीच पाराडाइज टेलर को बंद कर मो.तौसीफ अपने घर मुस्लिमनगर जाने के क्रम में ट्रेनिंग स्कूल के समीप पहुंचे थे कि बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे से उनकी पीठ में गोली मार दी थी। **पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खोले कई राज :** जानकारी मिली है कि गोली मारने से पहले इरसाद ने तय किये गये सारे पैसे शूटरों को दे दिए थे। बावजूद शूटर इरसाद से और पैसे ऐठने की फिराक में थे। इसके लिए इरसाद को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। इरसाद इससे परेशान था। इधर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि इरसाद ने पुलिस हिरसात में पूछताछ के दौरान घटना में शामिल रहने और ब्लैकमेलिंग की जानकारी दी है।



**शूटरों ने फोन पर पुलिस को बताई सच्चाई :** इस बीच शूटरों ने फोन कर पुलिस को बताया है कि गोलीकांड का मुख्य सूत्रधार मो. इरसाद है । उसके द्वारा ही गोली चलवाई गई है। शूटर ने पुलिस को बताते हुए कहा है कि अक्सर इरसाद के मामा मो. तौसीफ अपनी पत्नी पर नाहक शक (अवैध संबंध) किया करते थे। इससे दोनों के बीच कई बार टकराव की स्थिति बन जाती थी। मामले में उसके भांजे को भी घसीटा जाता था। नतीजा उसने (इरसाद) मामा को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 3.50 लाख रूपए में सौदा तय कर दिया। शूटरों की सूचना पर पुलिस इरसाद को हिरासत में ले ली है और पूछताछ कर रही है।

# निगम ने जारी किया राजस्व संग्रहण के लिये टैक्स कलेक्टर की सूची

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्र में राजस्व संग्रहण करने हेतु बुधवार को स्पैरो सॉफ्टेक प्री लिमिटेड द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमे स्पैरो द्वारा विभिन्न वार्डो में टैक्स क्लेटर नियुक्त किया गया है। जो अपने सम्बंधित वार्डो में घर-घर जाकर राजस्व संग्रहण का कार्य करेंगे। ये जानकारी निगम के नगर प्रबंधक समिता भगत ने दी। उन्होंने बताया कि आम जनता के सहुलियत के लिए स्पैरो के करसंग्रह कर्त्ता (टैक्स कलेक्टर) की सूची जारी की जा रही है। जो सभी वार्ड और निगम क्षेत्र में राजस्व संग्रहण का कार्य करेंगे। जिसमे स्पैरो के एक दर्जन टैक्स कलेक्टर की सूची बनाई गई है। जिसमे पवन कुमार मिश्रा जो 1 से 35 वार्ड देखेंगे। रितेश कुमार पांडे 19,20,24,33,34 वार्ड,नौशाद आलम 2, 3, 4, 3अ, 9अ, 35 वार्ड, गुलशन कुमार 13,14,15,4अ, 8अ वार्ड ,सरफराज मलिक 6, 7, 8, 9, 5अ, 6अ, 7अ वार्ड,शशांक शेखर 10,12,16, 10अ वार्ड,वेद प्रकाश दुबे 17, 18, 21, 31, 17अ. 18अ, 19अ वार्ड,धनंजय तिवारी सभी वार्ड,कुमार मिलन आनंद 11, 22,23,2अ वार्ड,नवल किशोर दुबे 1,25,26,1अ वार्ड, आर्य वैद्य जनसुविधा और राहुल कुमार शर्मा सभी वार्ड में राजस्व संग्रहण का कार्य करेंगे।निगम की ओर से बताया गया कि अंकित टैक्स कलेक्टरों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को अपने धृतिकर का भुगतान न करें। अगर कोई नागरिक इनके अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अपने धृतिकर का भुगतान करते है तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। इस विषय में किसी भी प्रकार का दावा मेदिनीनगर नगर में मान्य नही होगा।




## पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार द्वारा पुलिस कर्मियों को 13 माह के वेतन के बदले 20 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश काट लिया गया था, इससे झारखण्ड के सभी पुलिस कर्मियो में काफी आक्रोश एवं असंतोष की भावना व्याप्त थी। इसके लिए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय आन्दोलन भी किया गया था। जिसमें 20 दिनो का क्षतिपूर्ति अवकाश वापस करने की मांग की गई थी। वर्तमान सरकार से एवं मुख्यमंत्री महोदय / सभी मंत्रियों से भेट वार्ता कर इस संबंध में मांग की गई थी और उन्होने इसे वापस करने का आवश्वासन दिया था। झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन माननीय मुख्यमंत्री महोदय उनके सरकार के सभी मंत्रियों एवं विधायको के साथ ही साथ मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार, गृह सचिव झारखण्ड सरकार, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त प्रकट करती है। सभी पुलिस कर्मियों को भी उनके संघर्ष से सफलता के लिए बधाई एवं धन्यवाद प्रेषित करते हैं। आज दिनांक 24.08.2022 को झारखण्ड सरकार के कैबिनेट में इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि सभी पुलिस कर्मियों का 13 माह का वेतन के साथ ही साथ 20 दिनो का क्षतिपूर्ति अवकाश वापस किया जाता है।

## छह मुहान रंकाराज कंप्लेक्स के बाहर लगे मोटरसाइकिल की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के छह मुहान चौक स्थित रंकाराज कांपलेक्स के पास बुधवार की दोपहर एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस जिसका नम्बर जेएएच0-3 एस- 0556 की चोरी हो गई। इस घटना के बारे में नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा निवासी भुक्तभोगी धीरज कुमार यादव ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपने घर से मोबाइल खरीदने के लिए मेदिनीनगर छह मुहान चौक स्थित रंकाराज कंपलेक्स में गया था। मोबाइल खरीदने के बाद जब वह बाहर निकला तो देखा कि उसका दो पहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस गायब है। जिसका नंबर जेएएच0-3 एस-0556 है उसकी चोरी हो गई है। इसके बाद उसने इस घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। बात दे कि कुछ दिन पहले भी चोरों के द्वारा लगातार मोटरसाइकिल की चोरी की जा रही थी। परंतु पुलिस की तत्परता से सभी चोर पकड़ लिए गये थे। परंतु फिर से वाहन चोरी की घटना बढ़ने लगी है जिसके वजह से वाहन चालक भयभीत है। मोटरसाइकिल चोरी होने का खास वजह यह भी है कि शहर में नशाखोरो की संख्या बढ़ गई है लोग चोरी की घटना को अंजाम देकर नशा का सामान खरीद रहे है। इन दिनों शहर में गांजा अवैध दारू बेचने वाले लोग बेधड़क अपना धंधा चला रहे हैं।

# स्पाईनल मस्क्यूलर एट्रोफी बीमारी से झूझ रहा शिव दुबे

### इलाज के लिए लगेंगे 22 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ गांव निवासी बीरेंद्र दुबे का पुत्र विशु कुमार (13 माह) स्पाईनल मस्क्यूलर एट्रोफी नामक बीमारी से पीड़ित है। उसका इलाज नई दिल्ली एम्स अस्पताल में चल रहा है। उसके पिता बीरेंद्र दुबे व माता रानी दुबे ने बताया कि उसके इलाज में करीब 22 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इतनी राशि खर्च करना लोगों के वश की बात नही है। उनलोगों ने आर्थिक रूप से संपन्न लोगों से सहयोग की अपील किया है। उन्होंने बताया कि एम्स के चिकित्सक के मुताबिक विशु का इलाज दो वर्ष की उम्र तक ही संभवहै। विशु को एसएमए टाइप टू बीमारी हुआ है। चिकित्सक ने बताया कि इससे बचाव के लिए 22 करोड़ रुपये का इंजेक्शन लगाया जायेगा। विशु के माता-पिता ने बताया कि उसके दो लड़के व दो लड़की है। बड़ा लड़का हर्षित दुबे (10 वर्ष)भी इसी बीमारी से ग्रसित है। जब वह छह माह का था तो उसका शारीरिक विकास नही हो रहा था। स्थानीय चिकित्सक के अलावा रांची एवं बीएचयू में उसका इलाज कराया गया। इस दौरान काफी खर्च हुए। बीएचयू में इलाज के दौरान ही जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हर्षित एसपीए नामक बीमारी से ग्रसित है। उस समय इस बीमारी के इलाज के लिए दवा का शोध चल रहा था। छह माह की अवस्था से विशु का शारीरिक विकास नही हो रहा था तो उनलोगों ने स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया। जब ठीक नही हुआ तो वे लोग नई दिल्ली एम्स चले गये। जांच के दौरान 19 जुलाई को यह स्पष्ट हुआ कि विशु भी अपने भाई हर्षित के तरह एसएमए बीमारी से पीड़ित है। सोचनीय पहलु यह है कि बीरेंद्र दुबे का दो लड़का एवं दो लड़की है। लेकिन उनके पुत्र ही इस बीमारी से ग्रसित है।



# पुलिस लाइन कब्रिस्तान की विवादित भूमि की मापी को लेकर बजरंग दल की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक गीता भवन स्थित विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में बुलाई गई। जहां कब्रिस्तान के विवादित भूमि के अतिक्रमण के बारे में चर्चा की गई। परिषद के हस्तक्षेप के बाद अंचल कार्यालय से सूचना मिली है कि कल विवादित भूमि की मापी और सीमांकन कर के विवाद को निपटाया जायेगा। आज के बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्व हिंदू परिषद_ बजरंग दल इसके अन्य आयाम तथा अन्य हिंदू संगठन के के जिला तथा नगर समिति के सम्मानित कार्यकर्ता मापी के समय विवादित स्थल पर उपस्थित रहेंगे और प्रशासन के द्वारा जो भी निष्पक्ष फैसला दिया जायेगा। उसका अक्षरशः पालन करेंगे। ज्ञातव्य हो कि कुछ दिन पूर्व पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पुलिस लाइन के पास स्थित कब्रिस्तान की भूमि को बढ़ाने को लेकर के विवाद हुआ था। जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भरपूर विरोध जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। उस समय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए चहारदीवारी की नये निर्माण पर रोक लगा दी थी। पुनः 21 अगस्त, रविवार की सुबह चहारदीवारी की जमीन पर कार्य करना शुरू किया गया था। परिषद के द्वारा आपत्ति किये जाने पर कार्य को रोक कर मापी और सीमांकन की जा रही है। आज के बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास, विश्व हिंदू परिषद के मेदनीनगर नगर मंत्री सौरभ कुमार कर्ण, सह मंत्री धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक चौबे, सह संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, सह संयोजक रंजन वर्मा, सुभाय राज, संजय कुमार, चैनपुर से आनंद कुमार चौरसिया, नागेंद्र चौरसिया, समरसता सह प्रमुख शशि भूषण मिश्र, मंदिर मठ प्रमुख संजय कुमार प्रजापति, गौ रक्षा प्रमुख लोकेश राणा, वार्ड संयोजक बासु कुमार, नगर सह संयोजक दीपक कुमार, विद्यार्थी प्रमुख अमलेश पासवान, वार्ड संयोजक सूरज कुमार, पवन कुमार इत्यादि अनेकों सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी से जिले में अब तक कितनी वर्षा हुई है एवं कौन-कौन सी फसलें लगायी गयी हैं इसकी जानकारी ली। झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत किसानों के निबंधन की भी उपायुक्त ने समीक्षा की। सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 25 हजार किसानों का ही निबंधन हो पाया है इस पर उपायुक्त ने व्हाट्सएप पर ही सभी सीओ को किसानों के निबंधन में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त ने बीज वितरण व उर्वरक की उपलब्धता से भी अवगत हुए इसी क्रम में उन्होंने जिले में कितने उर्वरक के थोक विक्रेता हैं इससे भी अवगत हुए। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहे उर्वरक के दो थोक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण पूछने हेतु कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने संभावित सुखाड़ के मद्देनजर पशुओं के लिए पशुपालन पदाधिकारी को हर संभव तैयारी रखने की बात कही। पशुपालन,गव्य विकास, मत्स्य से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावा कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सिंचाई विभाग से जुड़े अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### स्वास्थ शिविर आयोजित कर मरीजों को दी गयी दवा



**भवनाथपुर।** प्राथमिक विद्यालय बिरसानगर टोला में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 120 मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवा दी गई। आयुष डॉक्टर निशंक निश्रम के नेतृत्व में चिकित्सीय टीम ने कोविड जांच,टीका मलेरिया की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों का इलाज कर दवा दी। मौके पर आयुष डॉक्टर निशंक निश्रम, एमपीडब्लू मनोज कुमार राम,बिंदु कुमार गुप्ता,सत्यनारायण सिंह, चंदन कुमार,तरुण प्रकाश,एएनएम सीमा कुमारी, सहिया संगीता देवी,बीटीटी बृजमोहन राम, भगवान पासवान आदि शामिल थे।

### सोना-सोबरन योजना के तहत पीडीएस दुकानदार राजेंद्र प्रसाद ने साड़ी व धोती का किया वितरण



**धुरकी।** मुखिया महबूब अंसारी ने बुधवार को सोना सोबरन योजना के तहत पीडीएस दुकानदार राजेंद्र प्रसाद की दुकान से बुधवार को 20 में साड़ी धोती दी जाने वाली सरकार की महत्वकांक्षी योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार के द्वारा बीस रुपये में एक साड़ी एक धोती राशन के लाभुकों दिया जा रहा है। जो गरीब परिवार के हित में है हमने अपने पंचायत में राशन व पेंशन से वंचित लाभुकों को लाभ दिलाने के लिए कैंप लगाएंगे जो लाभुक राशन योजना से वंचित है वह आवेदन देंगे। उन्हें भी राशन व साड़ी धोती का लाभ मिलेगा। इस दौरान पीडीएस दुकानदार राजेंद्र प्रसाद एवं शिवडी गांव के राशन के लाभ उपस्थित थे।

### सांप के काटने से महिला जख्मी

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के माइंथिया गांव निवासी धर्मजीत यादव की 45 वर्षीय पत्नी पंकज देवी सांप के काटने से घायल हो गई। पंकज देवी सुबह 5 बजे बाहर जाने के लिए उठी थी उसी दौरान घर में हीं सांप काट दिया। जिसके बाद परिवार के लोगो ने महिला को झाड़फूंक के लिए उतर प्रदेश के रामगढ़ में ले गया। वहाँ झाड़फूंक कराने के बाद फिर राजी में झाड़फूंक कराया' जिसके बाद भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां से डॉक्टर अभिनीत विश्वास ने ईलाज के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### तीन दिवसीय बालक/बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**भवनाथपुर।** आर स्टार स्पोर्ट्स क्लब सिंदुरिया के तत्वाधान में तीन दिवसीय बालक /बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन सेल के सीडी मैदान में दूसरे दिन राहुक एकेडमी टीम एवं कैलान की टीम के बीच खेला गया। सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। कैलान टीम ने 4 गोल वही राहुल एकेडमी टीम 2गोल किया। यह मैच कैलान टीम 2गोल से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच राहुल एकेडमी के राहुल कुमार को दिया गया। मैच के रेफरी सुनील कुमार लाइन्स मेन प्रदीप कुमार आलोक कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खा,क्लब अध्यक्ष मिना देवी, उपाध्यक्ष सागर कुमार, कैलान पंचायत के पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, सचिव शक्ति सिंह, सह सचिव फुलेन्द्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष इसरार राय, सदस्य शेखर सिंह, पप्पू सिंह, संजय यादव, आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

**गढ़वा।** जिला खनन विभाग एवं पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर विभिन्न नदियों से अवैध बालू उठाव करने के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया उस दौरान मीणा एवं बेलचांपा बालू घाट से अवैध बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया उक्त अवैध बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि जिला खनन विभाग एवं पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर अवैध बालू उठाव के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया इस दौरान मीणा एवं बेलचांपा बालू घाट से अवैध बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया उन्होंने कहा कि अवैध बालू उठाव के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो बालू के कारोबार से जुड़े हुए हैं वे अवैध बालू उठाव का कारोबार बंद करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

### राधिका नेत्रालय में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के दिरिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार बीपीएम प्रवीण कुमार सिंह राधिका नेत्रालय के निदेशक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन से गरीबों को काफी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि गरीबों को आंख देना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। राधिका नेत्रालय के निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि संस्था में प्रतिदिन का जांच किया जा रहा है। वहीं प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को आंख का ऑपरेशन निशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग गरीब लोग आंख का ऑपरेशन जांच उपरांत करा सकते हैं उसके लिए उन्हें आधार कार्ड राशन कार्ड साथ में लाना होगा मौके पर पायल कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दवाओं की कमी से मरीजों का हाल-बेहाल

## अस्पताल में गैस, दर्द की सामान्य दवा समेत कई अन्य दवाओं का स्टॉक खत्म

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल से लेकर जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी से मरीजों का हाल बेहाल है। अस्पताल में गैस, दर्द की सामान्य दवा से लेकर विटामिन और जिंक समेत कई अन्य दवाओं का स्टाक खत्म हो गया है। अस्पताल में लिखे परचे की आधे से अधिक दवा मरीजों को बाहर जाकर खरीदनी पड़ रही है। परेशानी का सबब यह कि चिकित्सक अस्पताल की पर्ची पर बाहर की दवा भी नहीं लिख सकते। डाक्टरों द्वारा लिखी दवा की पर्ची लेकर मरीज दवा काउंटर पर जाते हैं, लेकिन वहां से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। सदर अस्पताल के आउटडोर में 40 प्रकार की जीवन रक्षक दवाओं की सूची टांगी गई है। सरकार द्वारा इन दवाओं की उपलब्धता को ले निर्देश भी दिया गया है। लेकिन वर्तमान में सदर





अस्पताल में दवाएं उसकी आधी ही उपलब्ध है। जो दवाएं उपलब्ध भी है उनमें से कई का स्टाक भी बहुत कम मात्रा में है। वह भी आने वाले दिनों में समाप्त होने की कगार पर है। स्थिति ऐसी ही रही तो कई महीनों से दवाओं का टोटा झेल रहा सदर अस्पताल महज दिखावा बन कर रह जाएगा। अस्पताल के अधिकारियों की मानें तो ओपीडी में 40 प्रकार की दवाओं में से महज एक दर्जन विभिन्न प्रकार के दवा, इंजेक्शन उपलब्ध है। शेष दवाओं के लिए सिविल सर्जन से अनुरोध किया गया है

**ओपीडी में आवश्यक दवा भी उपलब्ध नहीं :** सदर अस्पताल के ओपीडी में टंगी दवाओं की सूची में पारासिटामोल, सीप्रो, एल्बेंडाजॉल, लिभोसिट्रिजिन, कैल्सियम जैसी कुछ दवाई उपलब्ध है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए टेटभेक, कीट तक उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर कमलेश कुमार ने कहा की अस्पताल में दवा की कमी है। उसका वजह आवंटन नहीं होना है। आवंटन के लिए हमने आवेदन दिया है। जैसे ही आवंटन आती है वैसे ही जल्द दवा की कमी को दूर किया जाएगा।

### सुविधाओं के नाम पर काफी धनराशि हो रही खर्च

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के नाम पर काफी धन राशि खर्च हो रही है। विकास की कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अहम दवाओं की कमी मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य पर पानी फेर रहा है। इलाज के लिए आए संजय ने बताया कि डाक्टर द्वारा पर्ची पर लिखी सात दवाइयों में से एक भी दवा अस्पताल से नहीं मिली।

# बीडीओ ने स्वयंसेवकों के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिये दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में पंचायत के सभी स्वयं सेवकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। पंचायतों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारियां लीं। लक्ष्य अनुरूप अपने टारगेट को पूरा नहीं करने वाले स्वयं सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए, जल्द से जल्द टारगेट के अनुरूप काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा की जिस किसी भी पंचायत में मैटेरियल संबंधित जैसे बालू वगैरह का का यदि दिक्कत हो तो आप हमे बताएं उसका समाधान किया जाएगा। जो लाभुक आवास नहीं बना रहे है उन लाभुकों का रिकवरी नोटिस भी देने की बात कही। साथ ही लक्ष्य पूरा करने वाले स्वयं सेवक राजू कुमार की मीटिंग में उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर



स्वागत भी किए। उन्होंने सभी को अपना अपना कर्तव्य निभाते हुए प्रखंड में चल रहे सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा की अगर आप सब अच्छे प्रोग्रेस करेंगे तो बहुत ही जल्द हमारे प्रखंड को नया आवास हेतु लक्ष्य मिल जायेगा। मौके पर कॉर्डिनेटर सिराज अहमद, ऑपरेटर अशोक कुमार, पंचायत सचिव सतीश सिंह, पंचायत स्वयं सेवक राजू कुमार उपेंद्रकुमार, गुड्डू, निरंजन पाठक, अजित कुमार, कौशल सिंह, अभिषेक गुप्ता सहित अनय स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# मुखिया के नेतृत्व में कृष्ण जन्माष्टमी की छठी महोत्सव धूमधाम से आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत बरवाडीह मुखिया पम्मी देवी के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के छठी महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित की गई । जिसमें पंचायत के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उक्त भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव आयोजन में भाग लिए तत्पश्चात पंडित पुरोहित कौशल पांडे की उपस्थिति में मुखिया पम्मी देवी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना एवं लला का भोग भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया। वहीं मुखिया पम्मी देवी के द्वारा पूरे गांव के लोगों को दाल भात कढ़ी का भोग लगाकर प्रसाद का भी वितरण किया गया । वहीं पूजा अर्चना के दौरान मुखिया पम्मी देवी ने भगवान श्रीकृष्ण से अपने क्षेत्र सहित पूरे देश में सुख समृद्धि के लिए कामना भी की । तत्पश्चात लड्डू गोपाल के पूजन उपरांत माखन मिश्री का



भोग लगाकर छठी उत्सव मनाया गया । साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा, नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की इत्यादि भजन को भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर चंद्रदेव यादव, किशोर साहू, रामा शंकर गुप्ता, विनोद पासवान,भोला यादव, उमेश यादव, विनय पासवान, शीतल यादव, प्रदीप चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में गांव के महिला पुरुष मौके पर उपस्थित थे ।

# मलेरिया-फलेरिया जैसी बीमारी से मुक्ति पाने को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया,व फलेरिया जैसी बीमारी से मुक्ति पाने को लेकर बुधवार को डॉ गौतम कुमार यादव की अध्यक्षता में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में केंद्र के सभी एएनएम एमपीडब्ल्यू एवं सहिया दीदी को प्रोजेक्टर के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान डॉ गौतम ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों को यह जानकारी दी कि 16 सितंबर से 30 सितंबर तक घर घर जाकर फाइलेरिया बीमारी की पहचान करें और जिस घर में इस बीमारी की पहचान होती है तो उसे अविलंब दवा खिलाना शुरू करें। यह सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसे गंभीरता से लग कर काम करना



है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कारवाई होगी.वही प्रोजेक्टर के माध्यम से मिथिलेश कुमार कुशवाहा ने सभी को विस्तृत जानकारी देते हुए बीमारी से बचाव बीमारी की रोकथाम के लिए जानकारी दी। वहीं ट्रेनर अरविंद कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षण में बताया कि बीमारी का पहचान कैसे करनी है और कौन से मरीज को कितनी दवा देनी है, इसकी जानकारी दी और कहा कि सभी कर्मी को अपने अपने क्षेत्र में टीम बनाकर घर-घर सर्वे करने के काम सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे गढ़वा जिला में गढ़वा शहरी क्षेत्र एवं धुरकी प्रखंड को ही फिलहाल इस बीमारी को बचाव और रोकथाम के लिए चिन्हित किया गया है। जिसे विशेष रूप से प्रशिक्षण लेने वाले लोग काम करेंगे। इस दौरान प्रशिक्षण में डीपीएस कमलेश झा के अलावे सभी एमपीडब्ल्यू, एएनएम सहिया दीदी शामिल थी।

### नामधारी कॉलेज के समीप बाइक दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मेराल सड़क पर नामधारी कॉलेज के समीप एनएच 75 पर हुई बाइक दुर्घटना में सदर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी आसिफ अंसारी घायल हो गया उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से गढ़वा जा रहे थे उसी दौरान नामधारी कॉलेज के समीप अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गए स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है चिकित्सकों के अनुसार आसिफ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गढ़वा ।** पुलिस ने एक व्यक्ति को आर्म्स एक्ट के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है गिरफ्तार व्यक्ति चिनिया थाना क्षेत्र नेमना टोला निवासी अवधेश पासवान का पुत्र विनय पासवान बताया गया है इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि विनय पासवान आपराधिकी अभियुक्त है पुलिस ने इसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

### दहेज अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार

**गढ़वा।** पुलिस ने एक व्यक्ति को दहेज अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है गिरफ्तार अभियुक्त डंडा थाना क्षेत्र के मोतिहारा गांव निवासी स्वर्गीय बूटी राम का पुत्र चंदन राम बताया गया है इसके विरुद्ध गढ़वा थाने में महिला के साथ मारपीट करना एवं उसे प्रताड़ने का प्राथमिकी दर्ज किया गया था पुलिस ने थाने में दिए गए आवेदन के आलोक में दहेज अधिनियम का प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

## अदालत ने लगाया 50000 रूपये का जुमार्ना

# बलात्कारी को 15 वर्ष का सश्रम कारावास

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला जज पंचम सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट विमलेश कुमार सहाय की अदालत बलात्कारी मुख्तार अंसारी 15 वर्ष का सश्रम कारावास कि सजा सुनाई है वही ?50000 का आर्थिक दंड भी लगाया है। अदालत ने अभियुक्त को भादवि की धारा 376, 366 448 और 506 में दोषी करार देते हुए बुधवार को सजा सुनाई है। घटना 14 अप्रैल 2020 की है प्राथमिकी दर्ज कराते सदर थाना अंतर्गत अनराज नावाडीह गांव निवासी पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराते आरोप लगाया था कि पहली घटना तिथि 22 मार्च 2020 को उसके ही गांव निवासी मुख्तार अंसारी 10:00 बजे दिन में उस समय पीड़िता के घर पहुंचा जब उसके माता-पिता नहीं थे । उसने कमरा बंद कर उसे साथ दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी देने पर उसके मां-बाप की



हत्या करने सहित घर में आग लगाने की धमकी दी थी। पीड़िता के पिता हृदय के मरीज है जिसके कारण पीड़िता अपने माता-पिता से घटना की जानकारी नहीं देते अपने फूफा पिपरा कला निवासी सुनील यादव के घर पहुंचाने की बात कही। उसके पिता ने 13 अप्रैल 2020 को सदर थाना के पिपरा कला मोहल्ला निवासी सुनील यादव के घर पहुंचा दिया। जिसकी भनक अभियुक्त को हो गई थी। 14 अप्रैल 2020 को शाम 5:00 बजे फूफा के घर पहुंचा और उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर उठाकर भागने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर लोग इकट्ठा होने लगे तभी वह भी मोटरसाइकिल धीमी होने पर कूद गई। और वह अकेले मोटरसाइकिल से भागने लगा। लेकिन अगले 6 मोटरसाइकिल ब्लड जाने के कारण वह गिर गया जिसे गांव के लोगों ने पकड़ लिया। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाते हुए भादवि की धारा 376 के तहत 15 वर्ष का सश्रम कारावास और 50000 आर्थिक दंड लगाया है वही 366 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास और ?25000 आर्थिक दंड 448 के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास और धारा 506 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी

# बीडीओ ने की प्रखंड के सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखण्ड के सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर निर्वाचन कार्यों की समीक्षा किया.बैठक में बीडीओ ने आधार लिंकिंग कार्य की मतदान केंद्र वार समीक्षा किया.उन्होंने प्रखण्ड अंतर्गत आधार लिंकिंग कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को अपने अपने बीएलओ के साथ बैठकर फार्म 6 बी को ऑनलाइन करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी 27 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बीएलओ पर्यवेक्षक उत्तम रंजन, बिरेन्द्र सिंह, सुजीत कुमार यादव, ममता लता, प्रशांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## केतार प्रखंड कार्यालय परिसर में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

# केन्द्र सरकार महंगाई रोकने में विफल: कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** देश में आसमान छू रही महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने केतार प्रखंड कार्यालय कैंपस में बुधवार को हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता और संचलन त्रिपुरारी यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अरविंद तुफानी और कांग्रेस नेता, राज राजेन्द्र प्रताप देव ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार बेलगाम होती महंगाई को रोकने में विफल साबित हो रही है। बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों को खरीदने में सभी घरों का बजट बिगड़ चुका है। प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा की भाजपा की सरकार जब से आई हैं कमरतोड़



महंगाई लायी है। भाजपा सत्ता में यह कहकर आयी थी की सौ दिन में महंगाई खत्म कर देंगे। भाजपा जब विपक्ष में थी तो महंगाई और बेरोजगारी को लेकर तरह तरह की बातें करती थी लेकिन आज उन्हें महंगाई नजर नहीं आ रही है। युथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष चन्दन प्रसाद ने कहा की जिस तरह से बेतहाशा महंगाई वृद्धि हो रही है। इससे देश की जानता परेशान हैं। युवा जब रोजगार मांगते हैं तो उन्हें पकौड़ा बेचने को कहा जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आमलोगों को एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

### बीडीओ के नाम सौंपा ग्यारह सूत्री मांग पत्र

कार्यक्रम के पश्चात ग्यारह सुत्री मांग पत्र बीडीओ के नाम प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ सिंह को सौंपा। जिसमें खाने पीने की समाग्री से जीएसटी हटाने, सुखाड़ के मद्देनजर गांवों में रोजगार सृजन करने, डीप बोर करवाने, पशु शेड योजना शुरू कराने, महंगाई के मद्देनजर मनरेगा मजदूरों का मजदूरी बढ़ाने, मुफ्त बिजली 200 युनीट करने, राशनकार्ड से वंचित लोगों का राशनकार्ड बनवाने सहित अन्य मांग किया मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, युथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष चन्दन प्रसाद,प्रदीप सिंह,नेहाल चंद यादव, सुर्यनाथ सिंह, मुद्रिका सिंह, अमरनाथ सिंह, सोमनाथ सिंह ,प्रदीप गुप्ता,साकीर अंसारी, राजेश्वर सिंह, सुनील राम सहित अन्य लोग मौजूद।

# चौरिया गांव में घास काट रही महिला की सर्पदंश से हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखण्ड अंतर्गत कुपा पंचायत के ग्राम चौरिया निवासी बबली पासवान कि 55 वर्षीय पत्नी जौतरी देवी को सर्प के डंसने से इलाज हेतु अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महिला घास काटने गई हुई थी। घास काट ही रही थी कि अचानक विषैले सर्प ने डस लिया और वह अचेत हो गयी। महिला की बेटी भी अलग खेत में घास काट रही थी कुछ समय बाद बेटी ने अपनी मां को अचेतावस्था में देखा तो घर के सदस्यो की इसकी सूचना दी। घर के सदस्यों और गांव वालो को सहयोग से महिला को आनन फानन में इलाज के लिए उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे की रास्ते में ही महिला जौतरी देवी ने दम तोड दी। घटना मंगलवार शाम 4 बजे कि बताई जा रही है इसकी सूचना खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार को दी गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।वही कुंपा पंचायत के मुखिया प्रमोद राम ने बताया कि घटना बहुत दुखद है। मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलवाया जाएगा।मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## न्यूज गैलरी

### लातेहार उपायुक्त ने की जिला चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक



लातेहार। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लातेहार श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक का आयोजन किया गया ' बैठक में अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार पद पर नियुक्ति से सम्बंधित कुल 4 आवेदन प्रस्तुत किया गया। समिति ने आवेदनों की गहन समीक्षा के उपरांत 2 आवेदन पर अनुमोदन प्रदान किया। समिति के द्वारा स्व. बालो गंझू के पुत्र बैद्यनाथ गंझू, तथा स्व. मंतोरिया देवी के पुत्र दिलीप सिंह को अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, स्थापना उप समाहर्ता मोहनलाल मरांडी, पुलिस उपाधीक्षक डॉ कैलाश करमाली, सामान्य शाखा प्रभारी प्रीति सिन्हा उपस्थित थे।

### चंदवा में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक संपन्न


**चंदवा।** प्रखंड आंदोलनकारी मोर्चा अपनी पहचान एवं हक के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय कृषि फार्म चंदवा के परिषर में अध्यक्ष धनेश्वर उरांव के अध्यक्षता में मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन मोर्चा के सचिव जितेन्द्र सिंह ने किया। झारखण्ड आंदोलनकारी आयोग के निदेर्शानुसार सभी आंदोलनकारीयों का आधार कार्ड एवं फोटो जमा किया जाना है ताकि आयोग द्वारा चिन्हित आंदोलनकारी द्वारा आंदोलनकारीयों का पहचान कर अनुशंसित किया जा सके बैठक में 19 आंदोलनकारीयों का आधार कार्ड एवं फोटो जमा किया गया जिसमें प्रमोद गंझु ,लौदा गंझु,सुरेंद्र भगत,मदन उरांव, सरयू उरांव, ओम प्रकाश सिंह,माहेश्वर गंझु,लल्लू उरांव, सुजीत कुमार, गुलाब प्रजापति,जितेन्द्र सिंह,फूलचंद गंझु,मुटरी देवी, भृघुराज सिंह, भुनेश्वर गंझु, जागेशर गंझु, श्यामसुन्दर गंझु, भूद्धू उरांव, मानो देवी शामिल है। बैठक में जिनका आधार कार्ड एवं फोटो जमा नहीं हो पाया है, उनको अगले 26 अगस्त तक आधार कार्ड एवं फोटो जमा करने का निर्देश दिया गया है। जिनका आवेदन जमा नहीं हो पाया है उन्हे अध्यक्ष के द्वारा अवश्य जमा करने को कहा गया। उपाध्यक्ष प्रमोद गंझु के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक समाप्त किया गया।

### गिद्धौर में जेएसएलपीस ने किया 22 मोबाइल टैब का वितरण



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में संचालित जेएसएलपीस कार्यालय में 22 छोटा मोबाइल टैब का वितरण मास्टर बुक कीपर महिला सदस्यों के बीच किया गया। वितरण कार्य एफटीसी अनिल प्रजापति की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान बताया गया कि बीएमएमयू गिद्धौर में जेएसएलपीएस के तहत ऑनलाइन एमआईएस इंट्री के लिए टैब का वितरण किया गया है। जेएसएलपीएस के तहत 495 समूहों का ब्यौरा ऑनलाइन इंट्री मास्टर बुक कीपर के द्वारा किया जाएगा। वितरण के दौरान डीईओ सेजल शर्मा, सीसी अरुण कुमार, दिलीप कुमार, अमरजीत सिन्हा, ममता देवी सहित अन्य शामिल थे।

### बिहार-झारखंड के संगठन महामंत्री व प्रदेश महामंत्री का भाजपाईयों ने किया स्वागत



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक के समीप भाजपा के बिहार–झारखंड संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी व प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम का पार्टी कार्यकर्ताओं भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत एक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने संगठन मजबूती पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी। बैठक में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने चंदवा सीएचसी का निरीक्षण किया

**लातेहार।** संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार श्री करमा जिम्पा भूटिया द्वारा आज चंदवा प्रखंड का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं के संदर्भ में विभिन्न प्रकार की जानकारियां ली गई। इस दौरान दवाइयों की व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक एवं उपयोगी सामग्रियों के बारे में जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके पश्चात संयुक्त सचिव द्वारा बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत डीएमएफटी के तहत संचालित माइनिंग स्किल सेंटर का औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। माइनिंग स्किल सेंटर में 270 छात्रों को हेवी अर्थ मूविंग मशीन की प्रशिक्षण दी जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने संसाधनों व सामान के रख-रखाव कर यंत्रों के साथ प्रायोगिक कक्ष, क्लास रूम के अलावा पठन-पाठन व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही छात्रों की संख्या समेत कई बिदुओं पर जानकारी ली गई व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला योजना पदाधिकारी श्री संतोष भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

### उपायुक्त की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक संपन्न

# दाखिल-खारिज समेत अन्य विषयों पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। टाना भगत समुदाय को सरकार के द्वारा मिलने वाले योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों की अनुपालन की जानकारी ली गई।

बैठक में रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में टाना भगतों की ओर से डीप बोरिंग प्रस्ताव पर उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि टाना भगतों की ओर से जो आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन आवेदनों की जांच कर ली जाए तथा प्राथमिकता तय करते हुए सूची तैयार करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, टाना भगत को वस्त्र के लिए चार हजार रुपए का वितरण, गाय का वितरण, पेयजल व्यवस्था, पेंशन योजना, शिक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार वर्मा, निदेशक आईटीडीए श्री विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रीति सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री बंधन लांग, परमेश्वर टाना भगत,बहादूर टाना भगत समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने टुटवापानी पहुंचे डीसी-एसपी

**महुआडांड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 अगस्त को नेतरहाट टूटवापानी मोड़ में आगमन को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव व एसपी अंजनी अंजन ने टुटवा मोड़ में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया उपायुक्त श्री यादव टुटवा मोड़ में आयोजित होने वाली जनसभा के लिए आयोजित स्थल की पूरी व्यवस्था करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और जनसभा को लेकर की जाने वाली तैयारियां की समीक्षा की इस दौरान एसपी अंजनी अंजन कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए मौके पर एसडीओ नीत निखिल सुरीन एसडीपीओ राजेश कुजुर नेतरहाट थाना प्रभारी दिवाकर दुबे जेएमएम जिला अध्यक्ष मोतीलाल शहदेव मोहम्मद मुस्तकीम युवा कांग्रेस नेता मजहर खान अनीता मिज परवेज आलम मनीना कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# खेल से निखरती है खिलाड़ियों की प्रतिभा : दीपू कुमार सिन्हा

**चंदवा कामता पंचायत के परसाही गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत के परसाही गांव में फुटबॉल टूनार्मेंट शुरू किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस अवसर पर सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, समाजसेवी इरफान सज्जु, शामिल थे। दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय में खेल भी जरूरी है। इससे स्वास्थ्य रहने के साथ प्रतिभा भी निखारने का अवसर मिलता है। खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। खेल मे अच्छा प्रदर्शन कर अपने गांव परिवार का नाम रौशन करें। फुटबॉल मैच में भोग्ता एसपी क्लब मरमर और भीएस जयसरना क्लब अखरा टोला (कुसुम टोला) के बीच खेला गया जिसमें भोग्ता एसपी क्लब मरमर ने भीएस जयसरना क्लब अखरा टोला (कुसुम टोला) को एक गोल से हराया, वहीं टुढ़ामु और तूपी के बीच मैच खेला जा रहा है। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष गोपी गंझु, सचिव राजु कुमार साहु, उपाध्यक्ष छोटू कुमार, राकेश कुमार, उप सचिव महेंद्र गंझु, रमजान सांइ चिस्ती, खेल मैनेजर मुन्ना गंझु, प्रदीप गंझु, रघू गंझु, विक्की कुमार साव, रेफरी दिनेश उरांव, धर्मेन्द्र गंझु, ननकु मियां, रियाजूल अंसारी, लालू गंझु, नान्हु गंझु, अनिल गंझु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ई-केवाईसी अवश्य रूप से कराएं पीएम किसान सम्मान निधि के लाभुक : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बीडीओ राकेश साहनी सहाय ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नियमित रूप से लेने के लिए सभी किसानों को ईकेवाईसी आवश्यक रूप से कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिन किसानों को प्रत्येक 4 महीने पर दो 2000 मिलते हैं। वैसे किसानों को सूचना दी जा रही है कि वे प्रज्ञा केंद्र में केवाईसी अवश्य करा लें और इसके लिए 3 दिनों का समय दिया गया है। बीडीओ ने कहा ई-केवाईसी नहीं कराने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपना बैंक खाता आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल को अपडेट कराले अन्यथा वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा बरवाडीह प्रखंड में कुल 6600 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभूक व किसान हैं और अभी तक सिर्फ 2000 किसानों ने अपना ईकेवाईसी कराया है। उन्होंनें कहा इसके अतिरिक्त अभी भी 900 प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभुक ऐसे हैं जिन्होंने अपना जमीन संबंधी डाटा अपने राजस्व कर्मियों को नहीं दिया है। ऐसे किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित कर दिया जाएगा यदि वे 3 दिनों के अंदर अपना जमीन संबंधी कागजात राजस्व कर्मी को प्रस्तुत नहीं करते हैं योजना से वंचित हो जायेंगे।

### अमड़ीहा ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# बेहतर खेल का प्रदर्शन करें खिलाड़ी: नसीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यायल के मंगरा पंचायत अन्तर्गत अमडीहा बाजारटांउ मे ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू बिस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी व मंगरा मुखिया ने की शिरकत किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच छेंचा व मुरु के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया वही अतिथियों ने बारी-बारी सेबाल उछाल कर मैच का शुभारंभ किया। वही शुरूआती मैच छेचा और मुरु कि टीम बीच खेला गया जिसमें मुरु की टीम 1-0 से विजय रही है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा की अमडीहा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन कर यहां के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म दिया जा रहा है, जहां खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है ये काबिले तारीफ है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ग्रामीण खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता नियमित करने पर जोर दिया। वही 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण फुटबॉल मैच का आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए कई अवसर दे रहा। उन्होंने ग्रामीण खिलाड़ियों को अपने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन पर जोर दिया ताकि उसे आगे आने का मौका मिल सके. टूनार्मेंट में आसपास के 2 दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया है। मौके पर मनोज सिंह, पंकज कुमार,अनिल सिंह, सुजीत कु गुप्ता, विक्की सिंह छटु सिंह, संतोष सिंह चेरो समेत काफी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

### धीरज कुमार बने दुर्गा पूजा समिति पांडेयपुरा के अध्यक्ष

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा में आगामी दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर ठाकुर बाड़ी स्थित राम मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संतन साहू ने किया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य एवं हर्षोल्लास से मनाने को लेकर विचार-विमर्स करते हुए पुराने समिति को भंग कर नए दुर्गा पूजा समिति पांडेयपुरा का गठन किया गया और सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष धीरज कुमार को, उपाध्यक्ष सुमन प्रसाद, सचिव मनोज राम, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार, पूजा संरक्षक संतोष प्रसाद साहू, विजय प्रसाद, बृजनंदन प्रसाद, राजेश मेडिकल, अशोक साहू एवं महिला संरक्षक उषा देवी को बनाया गया। पूजा समिति के सभी सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा को आकर्षक रूप से मनाया जाएगा। इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया गया कि पिछले वर्ष कि भाति इस वर्ष भी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर जगनारायण भारती, आनंद प्रसाद, भोला साहू, राकेश प्रसाद, राजेश प्रसाद डिलर, सुधांशु शेखर, रंजीत ठाकुर, मोनू कुमार, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

### सर्पदंश से दो वर्षीय बच्चे की मौत

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लमटा पंचायत स्थित आतमपुर गांव के कंसियाडीह टोला निवासी करीमन भुइयां के दो वर्षीय पुत्र रोहित भुइयां की मौत सर्पदंश से हो गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी मंटु कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम रोहित खाना खाने के बाद खेलने के लिए घर से बाहर निकला था और दरवाजे से कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। इसी बीच पास के बील से निकलकर कोबरा सांप नें उसे डंस लिया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पत्थलगडा में सुखाड़ को लेकर बीडीओ ने की बैठक

# किसानों के निबंधन को लेकर दिये दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में सुखाड़ को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी मोनी कुमारी के अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री राहत योजना के साथ-साथ पीएम किसान योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिक से अधिक किसानों का निबंधन करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। जबकि रजिस्ट्रेशन व केवाईसी के नाम पर कुछ सीएसपी द्वारा अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर बीडीओ ने सभी सीएसपी केंद्रों को केवाईसी शुल्क 40 रुपया ही लेने व रजिस्ट्रेशन निःशुल्क करने का निर्देश जारी किया। निर्देश के बावजूद भी किसानों से अवैध वसूली की शिकायत पर बीडीओ ने संबंधित सीएसपी संचालकों पर कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में सुखाड को देखते हुए विद्यालयों में चलने वाले पोषाहार व मिड डे मील नियमित संचालित करने को कहा गया। किसान मित्रों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के साथ जन वितरण प्रणाली से मिलने वाले खाद्यान्न गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ किसी भी व्यक्ति को भूखे नहीं रहने की जानकारी पल पल देने को कहा गया। प्रखंड के वैसे टोले-मोहल्ले जहां सुखाड सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। वहां की सूची उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बताया गया कि 50 प्रतिशत सुखाड होने पर किसानों को 4000 रुपया प्रति एकड़ व इससे कम सुखाड़ होने पर 3000 हजार प्रति एकड़ की दर से सरकार द्वारा भुगतान किया जाना है। बैठक में जिप सदस्य रामसेवक दांगी, प्रमुख मनीषा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव सभी पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंचायत सेवक, कृषक मित्र सहित अन्य शामिल थे।

# महुआडांड़ में दो माह पूर्व खरीदे गये बुलेट ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड में कल दिन मंगलवार को अज्ञात चोरों के द्वारा शहीद चौक के समीप से लगभग 12:00 बजे दिन में नई बुलेट वाहन चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर वाहन की चोरी कर भागने में कामयाब रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुक्तभोगी प्रदीप प्रसाद उम्र 44 वर्ष पिता लक्ष्मी नारायण प्रसाद ग्राम+थाना महुआडांड़ अपनी जेएच 03 ए 4119 नंबर की रॉयल एनफील्ड हिमालयन कलर ब्लैक बुलेट वाहन से 23 अगस्त दिन मंगलवार को संत जोसेफ विद्यालय अपने पुत्र को लंच पहुंचाने गए थे जहां इनका पुत्र पढ़ाई करता है। प्रदीप प्रसाद अपनी बुलेट वाहन को लगभग 12:00 बजे दिन में शहीद चौक के समीप खड़ा कर विद्यालय के अंदर चले गए। जब वह वापस आए तो देखा कि उस स्थान से उनकी बुलेट बाइक गायब थी। प्रदीप प्रसाद ने बताया कि उन्होंने बुलेट बाइक 2 माह पूर्व ही खरीदी थी। जिसकी कीमत लगभग 3,35000 लाख है। भुक्तभोगी ने थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।

### कृषि, पशुपालन, सहकारिता व भूमि संरक्षण एवं गव्य विकास विभाग की बैठक

# लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, भूमि संरक्षण एवं गव्य विकास की बैठक की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप में सुखाड़ को लेकर किसान क्रेडिट कार्ड, किसान ऋण माफी, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, पशुपालन, मत्स्य, एवं आत्मा विभाग से संबंधित कार्यों के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर उपायुक्त ने संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि पदाधिकारी द्वारा बंजर भूमि, राईस फैलो विकास योजनान्तर्गत सरकारी, निजी तालाब जीर्णोद्धारा, जलनिधि योजनान्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा, परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना, अनुदानित दर पर छोटे एवं सिमांत कृषकों की पम्प सेट वितरण, कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सोलर पम्पसेट, महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों, रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों की योजना की जानकारी दी गई। जिसके पश्चात उपायुक्त ने योजनाओं को ससमय पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। जिला सहकारिया पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में फसल राहत योजना के तहत 48655 किसानों का निबंधन कराया जा चुका है एवं 24342 नए किसानों का निबंधन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जिले के 154 पैक्सो में सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 42812 सदस्य थें व 17027 नए सदस्यों को जोड़ा गया है। वर्तमान में सदस्यों की संख्या 59839 हो चुकी है। जिले के 4 पैक्सों में जमा वृद्धि योजना चलाया जा रहा है। बैठक में कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, गव्य विकास पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह, मत्स्य पदाधिकारी संजय कुमार गुप्ता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में कुव्यवस्था पर भड़के प्रतिनिधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** जितेंद्र गुप्ता के मौत मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में पदस्थापित चिकित्सकों द्वारा बरती गई लापरवाही पर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। आजसू कार्यकताओं ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास से चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार व डॉ. कुंदन कुमार को अविलंब हटाने की मांग की है। वहीं बुधवार को बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, उप प्रमुख जितेन्द्र सिंह, दक्षिणी जिप सदस्या नेहा तिर्की, जागेश्वर दास, रवि सिंह आदि ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार से पूरे मामले की जानकारी ली गई। इस दौरान प्रभारी ने चौंकाने वाली जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल में वर्ष 2020 से बिजली द्वारा आक्सीजन पैदा करने वाला 50 लाइफ सपोर्ट उपकरण हैं, जिसे चलाने की जानकारी सिर्फ उन्हें हीं है। वहीं यह भी कहा कि ऑपरेट करने के लिए इसे सिर्फ 5 मिनट की ट्रेनिंग में सीखा जा सकता है। इसपर मौजूद प्रतिनिधियों ने कहा कि उच्चाधिकारियों समेत स्वास्थ्य मंत्री से पत्राचार कर कार्रवाई की मांग करेंगे। दूसरी ओर, कोविड 19 से निपटने को लेकर एनटीपीसी के सौजन्य से अधिष्ठापित आक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण के दौरान आस-पास मौजूद झाड़ी और गंदगी के साथ केंद्र में व्याप्त कुव्यवस्था पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने संबंधितों को फटकार लगाते हुए अविलंब चिकित्सा प्रभारी को साफ सफाई कराने का निर्देश दिया।

## न्यूज गैलरी

### कैरो में प्रमुख की अगुवाई में पंचायत समिति की बैठक



**कैरो/लोहरदगा।** बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पहली बार पंचायत समिति की बैठक हुई। मौके पर पंचायत समिति सदस्यों, प्रखंड अंचल पदाधिकारियों, कर्मियों, व अन्य विभागों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया व विभिन्न विभागों का विन्दुवार समीक्षा की गई। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए अगले बैठक में संबधीत सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने की बात कही। मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, बीपीओ मृणाल प्रकाश, दिनेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी, सुनीता लकड़ा, अंगनु उरांव, जितेंद्र उरांव, सिमा उरांव, मीना उरांव आदि उपस्थित थे।

### लोहरदगा में मिला एक कोरोना पॉजिटिव मरीज, सक्रिय मरीजों की संख्या 37 हुई

**लोहरदगा।** सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि लोहरदगा जिले में शनिवार को 01 कोरोना पॉजिटिव मरीज की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही लोहरदगा में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। उन्होंने जिला वासियों से कोविड गाइड लाइन का पालन करने की अपील किया है। दो गज की दूरी का पालन करना है, मास्क पहनना है, सेनेटाइजर लगाना है, साबुन से हाथ धोना है और हम सब को मिलकर कोरोना को भगाना है।

### बानो चौक के समीप एमवीआई ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बानो।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बानो के समीप एमवीआई गोपीनाथ डे के नेतृत्व में परिवहन विभाग के द्वारा दोपहिया एवं बड़े वाहनों के विरुद्ध सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी वाहनों के कागजातों की सघनता से जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उनसे जुर्माना वसूला गया। साथ में दो वाहनों को जब्त कर बानो थाना को सुपुर्द किया गया। जानकारी देते हुए मोटरयान निरीक्षक गोपीनाथ डे ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता एवं अधूरे कागजात के साथ वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई। साथ में सभी वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि सभी अपने कागजातों को जल्द से जल्द दुरुस्त करा लें। वहीं सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य पहनने की हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगी।

### सिमडेगा जमीयत उलेमा हिंद के तत्वावधान में होगा 28 को सद्भावना मंच कार्यक्रम

**सिमडेगा।** जमीअत उलेमा हिंद जिला इकाई की बैठक मंगलवार की शाम जमजम काम्पलेक्स में हुई। सदर मौलाना मिन्हाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 28 सितंबर को शाम 6 बजे से जमजम काम्पलेक्स में सदभावना मंच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि आपसी सौहार्द को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी धर्मसंप्रदाय के लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा कि वक्ता के रूप में सभी धर्म के धर्मगुरूओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफलता के लिए सदस्यों के बीच जिम्मेवारी दी गई। जमीअत के जिला सचिव मौलाना आसिफुल्लाह ने कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे बताया। बैठक में कहा गया कि जमीअत के ओर से सबों को निमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। बैठक में सेंट्रल अंजुमन के सदर मो ग्यास, हाजी जावेद, डा. आलम, हाफिज शौकत, लुकमान हैदर, मौलाना सेराज, जफर खान, मो इबरार, अली ईमाम, नौशाद परवेज, सज्जाद अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### आजसू प्रखंड अध्यक्ष के प्रयास से जोजरो में लगा 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के जिंगी पंचायत अंतर्गत जोंजरो नावाटोली गांव में विगत कई महीनों से ट्रांसफार्मर जल गया था। आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मुमताज अंसारी और पंचायत के मुखिया दिलीप उरांव को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में गांव वालों ने ट्रांसफार्मर जलने और बिजली नहीं रहने से हो रही परेशानी से अवगत कराया था। जिसके बाद दोनों ने प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान से संपर्क किया। सूचना पर कलीम खान ने तत्काल विभाग के अधिकारीयों से सम्पर्क कर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। जिसके बाद गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उदघाटन पंचायत के दिलीप उरांव और मुमताज अंसारी ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने इसके लिए आजसू नेताओं का आभार जताते हुए बिजली विभाग की सराहना की है। मौके पर कंचन राम, पीतांबर साहू, प्रयाग साहू, जमुआ उरांव, फिरोज अंसारी, शौकत अली, मंगरू प्रधान, मनोज टोप्पो, कुर्बान अंसारी, मुबारक अंसारी, फिरोज अंसारी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### आदिवासी छात्रा को उच्च पढ़ाई के लिए विधायक ने दिया नकद 25 हजार

**लोहरदगा।** आदिवासी शिक्षक मित्र मंडली, लोहरदगा ने विधायक चमरा लिंडा का आभार व्यक्त किया है। मंत्री ने जिले के मेधावी आदिवासी छात्रा निशा मिंज जो कि शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से माध्यामिक परीक्षा 2022 में 95.5 प्रतिशत अंको के साथ उतीर्ण हुई थी। गरीबी हालत के कारण आगे की पढ़ाई में असमर्थता की बात आदिवासी, शिक्षक मित्र मंडली लोहरदगा के पास रखी। मंडली के सदस्यों के आग्रह पर जिला परिषद सदस्य, सेन्हा राधा तिर्की ने विशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा से सहायता के लिए अपील की। एक आदिवासी बच्ची की प्रतिभा को देखते हुए विधायक ने नामांकन हेतू 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) नगद एवं नि:शुल्क रहने की व्यवस्था रांची में कर दिये। इस कार्य के लिए आदिवासी शिक्षक मित्र मंडली के सभी सम्मानित सदस्यों ने विधायक को और जिला परिषद सदस्य सेन्हा को आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वाले सदस्यों में-रामचंद्र उरांव, संतोष भगत, सरोज उरांव, बसती कुमारी, सतीश चन्द्र उरांव, ताजवीर भगत, सहावीर भगत,चौंहस उरांव, जलेश्वर भगत, राजेन्द्र उरांव, संदीप तलान, अरविंद कुजूर, सुनेश्वर उरांव, सुका भगत, अशोक भगत, विनोद उरांव समेत अन्य शामिल हैं।

## उपायुक्त ने केरसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा-

# समयबद्ध तरीके से प्रखंड में कार्यों को करें पूर्ण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा ने बुधवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय केरसई का निरीक्षण किया। उन्होने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के कार्यालय में संधारित पंजी की जांच की, साथ हीं प्रखंड अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होने झारखंड राज्य फसल राहत योजना अन्तर्गत किसानों का पंजीकरण से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। सभी किसानों का फसल राहत योजना अन्तर्गत शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। उन्होने कृषि कार्य, धान रोपनी एवं वषार्पात के आकड़ों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कृषक वृन्द का ई-केवाईसी शतप्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्य की प्रगति को देख-समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। कल्याण विभाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में



छात्रवृति का लाभ छात्र-छात्राओं को दिलाने की दिशा में विद्यालयों से डाटा संग्रहण सहित बैंक खाता, इत्यादि की जानकारी ली। कार्य की प्रगति को देख नराजगी व्यक्त की। उन्होने विद्यालयों से छात्र-छात्राओं का ससमय डाटा संग्रहण एवं बैंक खाता से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि हर वर्ष छात्रवृति का लाभ छात्रों को मिलता है, जिनका बैंक खाता इत्यादि उपलब्ध है, जो नये छात्र-छात्राएं है उनका बैंक खाता खोलने व छात्रवृति दिलाने से संबंधित कार्यों में विलम्ब न हो। निर्धारित कार्यों की रूप-रेखा को पूर्व से तैयार रखें, ताकि आवंटन प्राप्त होते हीं छात्रों को समय पर छात्रवृति से आच्छादित किया जा सके। कार्यालय में संधारित पंजी की जांच के क्रम में कैशबुक का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। मदवार राशि की उपलब्धता एवं कार्यो की र्प्रगति की समीक्षा की। सेवा पुस्त, पेंशन पंजी, सीएलपंजी, उपस्थिति पंजी, मनरेगा पंजी, 14वें एवं 15वें वित्त का प्रतिवेदन, शिकायत पंजी, दाखिल खारीज पंजी, बन्दोबस्ती पंजी, गैरमजरूआ भूमि पंजी, सहित अन्य कार्यालय में संधारित पंजी की जांच की। उन्होने अंचल अधिकारी को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित कार्यवाही ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचल अन्तर्गत प्राप्त आवेदन एवं शिकायतों का ससमय निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व उपायुक्त सहित संबंधित पदाधिकारियों ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में वृक्षारोपन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, अपर समाहर्त्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला नजारत उप समाहर्त्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी केरसई जयाशंखी मुर्मू, अंचलाधिकारी केरसई संजय कुमार सिन्हा सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थें।

## ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पहुंचे लोहरदगा

**किस्को प्रखंड स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का किया भ्रमण**

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** कर्मा जिम्पा भुटिया, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार बुधवार को लोहरदगा पहुंचे। संयुक्त सचिव द्वारा सर्वप्रथम किस्को प्रखण्ड स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अंतर्गत संचालित कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कुल 180 युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन युवतियों को बंगलुरू स्थित गोकुलदास इंडस्ट्रीज में प्लेसमेंट दिया गया है। संयुक्त सचिव द्वारा इस मौके पर सेंटर ऑफ इक्सीलेंस का भ्रमण किया गया और अपने अनुभव साझा किये।

**आरसेटी संस्थान, लोहरदगा का भी किया निरीक्षण :** संयुक्त सचिव द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा का भी



निरीक्षण/भ्रमण किया गया। इस मौके पर संयुक्त सचिव द्वारा वहां गन टफिंग कारपेट बुनाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की गई। साथ ही, आरसेटी के स्टेट डायरेक्टर शशि भूषण मिश्रा को निदेश दिया कि यह प्रशिक्षण जो 13 दिनों का है, इसे 30 दिनों का कार्यक्रम बनाये जाने के लिए प्रस्ताव दें। केंद्र सरकार द्वारा भरपूर सहयोग किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को अनिल मिंज, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, आरसेटी निदेशक लोहरदगा मयंक कंडुलना समेत अन्य उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे कोनाप गांव पहुंचे जिप सदस्य व प्रमुख, जर्जर स्कूल का जाना हाल

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के बड़काडुएल पंचायत अंतर्गत कई स्कूल भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है जिसकी सूचना मिलने के पर प्रखंड प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर वहां पर हालचाल जाना। जहां पर उन्होंने देखा कि भवन का स्थिति काफी जर्जर हो चुका है। फर्श भी पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक मरम्मती नहीं की गई है। 2017 में जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार में इस विद्यालय में आयोजित करते हुए तत्कालीन उपायुक्त के द्वारा मरम्मत के आश्वासन दिए थे। परंतु आज तक मरम्मती नहीं की गई। बताया गया कि बच्चे स्कूल के अंदर नहीं बैठते हैं क्योंकि जर्जर भवन से टूटने का खतरा मंडराता है। बताया गया कि पीने का पानी की बहुत समस्या है।दूर के खेत में बने खड्डे से पानी पीने का काम किया जाता है। नवनिर्वाचित जिला परिषद एवं प्रखंड प्रमुख कोनाप पहुंचे और स्कूल की स्थिति देखकर काफी नाराजगी व्यक्त की। गौरतलब हो या गांव जंगलों के बीच बसा है। स्कूल भवन तक सड़क के अभाव में ट्रैक्टर भी नहीं पहुंच पाती है पंचायत के प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी जर्जर है। आजादी के कई दशक बीत जाने के बावजूद इन गांवों तक गाड़ी जाने लायक सड़क नही बन पाई। सड़क के अभाव में विकास योजना बाधित हो रही सरकार की लाभकारी योजना प्रधानमंत्री आवास से भी यहां के ग्रामीण वंचित हो रहे है मालूम हो कि पंचायत के कई गांवों में पहुंच पथ नही रहने के कारण प्राक्कलन राशि से आवास बनना सम्भव नही है। कुछ दिनों पूर्व इसी पंचायत के एक गर्भवती महिला को गाड़ी तक नही पहुंचा पाने के कारण जंगल मे ही प्रसव कराया गया। जिसमें बच्चे की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बार बार प्रखण्ड में लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण करने की मांग की थी सड़क नही बन पाया कुछ वर्ष पूर्व उग्रवादी क्षेत्र होने के कारण गांव का विकास नही हो सका था। इधर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी गांव जाकर सड़क निर्माण करने की पहल करने की बात कही है। आशा है जल्द अधिकारियों द्वारा पहल कर गांव तक सड़क बन जाएगी और विकास की किरण गांव तक पहुंच पाएगी।

## जलडेगा में कृषि बजट और नीतियों पर संवाद कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड सह अंचल सभागार में सीबीजीए दिल्ली के तत्वाधान में लीड्स रांची के सहयोग से कृषि बजट एवं नीतियों पर संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला ने किया। इस दौरान बीडीओ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जलडेगा जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड में इस तरह का कार्यक्रम निश्चित ही ग्रामीणों के लिए फायदेमंद साबित होगी। मजदूर हो या किसान हो आज हर किसी को बजट और नीतियों को जानने और समझने की आवश्यकता है, जानकारी के अभाव से भी कई बार जरूरतमंदों तक योजनाएं नही पहुंचती है। वहीं कार्यक्रम को अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां कृषि की असीम



संभावनाएं होते हुए भी किसानों को उनका हक नही मिल रहा है, ग्रामीण तबके के किसान आज भी कृषि से जुड़े योजनाओं को नही ले पाते हैं, ये बहुत जरूरी है की आज किसानों को भी कृषि से जुड़े बजट की जानकारी होनी चाहिए। वहीं सीबीजीए दिल्ली के रमनदीप सिंह ने प्रोजेक्टर और पीपीटी के माध्यम से उपस्थित किसानों को कृषि बजट और नीतियों से संबंधित जानकारी दी। लीड्स से कृषि एक्सपर्ट रंजीत भेंगरा ने किसानों को कृषि कार्य और खेती बाड़ी और झारखंड फसल राहत योजना से जुड़ने की जानकारी दी। कार्यक्रम में गूगल मीट के माध्यम से सीबीजीए दिल्ली से गुरप्रीत, संतोष, राजलक्ष्मी, असदुल्लाह ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर किसानों के सवालों का जवाब देकर अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान कार्यक्रम को प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद, प्रमुख जुसाफ लुगुन, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने भी संबोधित किया।कार्यशाला में मुख्य रूप से आत्मा के बीटीएम राजेश बागे, एटीएम नितेश पौल एक्का, सुजीत प्रसाद कुशवाहा, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, मुखिया बिमला देवी, बालमुनी लुगुन, माग्रेट सुरीन, अनिमा तोपनो, बिपिन बडिंग, लीड्स संस्था के आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान, योगेश कुमार, नरेंद्र मिश्रा के अलावा भारतीय लोक कल्याण संस्थान से सोनू सिंह, फीया फाउंडेशन से सुमंती बागे, कृषि मित्र, जेएसएलपीएस के कार्यकर्ता और किसान भाई बहन उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर आज होगा नगर क्षेत्र का कार्यक्रम : चंदन गोयल


**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक संयुक्त बैठक नगर अध्यक्ष चन्दन गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रान्त द्वारा जारी दिशा निर्देश को देखते हुए आज को शाम 4.30 बजे से विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम स्थानीय बरवा टोली अवस्थित कुंजलाल भवन में करने का निर्णय लिया गया। जिसमे विशेष रूप से अतिथि के तौर पर आनंद कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद पटना क्षेत्र तथा डॉ वीरेंद्र साहू प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद झारखंड उपस्थित रहेंगे। नगर अध्यक्ष चन्दन गोयल ने बतलाया कि विश्व के बिखरे सभी सनातन धर्मावलंबियों को एकसूत्र में बांधने हेतु विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधनाशाला में एक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। अत: इस ऐतिहासिक दिवस को पूरी धूम धाम से मनाने हेतु जिला के सभी सनातन अभिवावक, युवा, महिलाएं इत्यादि सादर आमंत्रित हैं। आप सभी से अनुरोध होगा कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपना हिन्दू होने का परिचय दें।

## पैसे लेकर ईंट नहीं देने को लेकर ईंट भट्ठा संचालक के विरूद्ध एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत अरेया अंतर्गत ग्राम चरहु का मामला**

नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के ग्राम चरहु में मुस्लिम कब्रिस्तान का चहारदीवारी घेराबंदी को लेकर ईंट नहीं देने और ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा बगैर ईट दिये ही राशि हड़पने के मामले को लेकर जिले के पुलिस कप्तान आर रामकुमार के समक्ष आवेदन देकर लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान व सचिव मुमतजीर अंसारी के द्वारा न्याय की गुहार लगाया गया है। इधर एसपी को दिये गये आवेदन में लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान पिता तोहिद खान सचिव मुमतजीर अंसारी पिता स्वर्गीय दिलमोहम्मद अंसारी ग्राम चरहु पोस्ट चरहु थाना बगडू के द्वारा उल्लेख किया गया है कि मुस्लिम कब्रिस्तान चरहु का चहारदीवारी



निर्माण कार्य मिला हुआ है। आवेदन में कहा गया है कि चहारदीवारी निर्माण कार्य हेतु ईंट खरीदने के लिए प्रमोद साहू पिता लक्ष्मी साहू ग्राम मेरले थाना बगड़ू जिला लोहरदगा को बैंक चेक के माध्यम से अग्रिम राशि 01 लाख 74 हजार 50 रुपए दिया था तथा मीठा ईंट का 7 हजार रुपये के दर से तय हुआ था। आवेदन के माध्यम से एसपी को अवगत कराते हुए कहा गया है कि ईंट भट्ठा मालिक मेरले निवासी प्रमोद साहू को चेक दिनांक 14 मार्च 022 को दिया था जिसका चेक संख्या 884555 है। इधर कब्रिस्तान निर्माण कार्य लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान और सचिव मुमतजीर अंसारी के द्वारा एसपी लोहरदगा को आवेदन देकर कहा गया है कि चेक से मेरे खाता पंजाब नेशनल बैंक से रुपए निकासी करने के पश्चात समय पर प्रमोद साहू के द्वारा ईंट की आपूर्ति नहीं किया गया है इस कारण मुझे वित्तीय घाटा उठाना पड़ा और दूसरे जगह से ईंट खरीदकर कार्य को पूर्ण करना पड़ा। इधर अध्यक्ष और सचिव के द्वारा एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा गया है कि 01 लाख 74 हजार 50 रुपए का ब्याज के साथ ईंट भट्ठा मालिक प्रमोद साहू से पैसा वापसी कराया जाये।

### अधेड़ महिला की संदेहास्पद मौत, शराब सेवन से मौत होने का हुई पुष्टि

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत ग्राम में एक महिला की मौत संदेहास्पद तरीके से होने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को महिला की संदेहास्पद मौत होने का सूचना मिला था। वहीं मामला को संज्ञान में लेते हुए उनके निर्देश पर जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल बदला पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए। बताया जाता है कि बदला निवासी दुर्गा साहू की 40 वर्षीय पत्नी उमा देवी की मौत शराब का अधिक सेवन करने से हुआ है। वहीं परिजनों ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि महिला उमा देवी सुबह से खाली पेट में शराब का सेवन करती थी। एक सप्ताह पूर्व से खाना नही खा रही थी। 23 अगस्त को इसी तरह शराब सेवन करने के बाद सो गई जब उठाने गए तो कुछ नही बोल रही थी। तभी स्थानीय स्वस्थ्य कर्मी को बुला कर जांच करवाया तो मृत घोषित किया। परिजनों द्वारा इस घटना पर किसी के प्रति शक संदेह नही होने की बात कहा जा रहा है। घटना को लेकर जमशेद खान ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार महिला काफी मात्रा में शराब का सेवन करती थी। जिसके कारण उसकी मौत हुई है।

**चोरी का खुलासा, सामान बरामद**

## शाहबाज अंसारी उर्फ बौना और अफरोज अंसारी उर्फ जैनटूर उर्फ मनौवर गिरफ्तार, भेजे गये जेल



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिंजो गांव में बिते माह हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया। जेल भेजे गए अभियुक्तों में सिंजो गांव निवासी शहजान अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी उर्फ बौना 19 एवं फिरोज अंसारी के पुत्र अफरोज अंसारी उर्फ जैनटूर उर्फ मनौवर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी गए सभी सामान भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी कुडू थाना काण्ड संख्या 125/ 22 धारा 380 के अप्राथमिक अभियुक्त थे। बिते माह 29 जुलाई की रात सिंजो स्थित प्राइमरी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में कार्यरत एएनएम स्वेता कुजूर के कमरे में रखे एक टैब, चांदी का दो जोड़ा पायल, चांदी का दो जोड़ा इयर रिंग, सोने का कान का टॉप, झुमका और एक बिछिया की चोरी कर ली थी। एएनएम ने इसको लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# भीठा स्कूल के प्रधानाध्यापक पर मध्याह्न भोजन के प्रतिपूर्ति राशि घोटाले का आरोप

- शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं, बच्चों के युगदृष्टा होते हैं लेकिन कलयुगी शिक्षक ने ही गरीबों के बच्चों की निवाला छीनने और खाना खाने की राशि हड़पने का कुत्सित प्रयास किया
- भंडरा प्रमुख ने प्रिंसिपल को निलंबित करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** लोहरदगा के सरकारी स्कूलों मे मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति भत्ता कोविड 19 काल और स्कूल बंद होने के समय का बच्चों के खाता में एमडीएम नहीं बनने और बच्चों को नहीं खाने के कारण ये प्रतिपूर्ति राशि सरकार द्वारा बच्चों के खाते मे डायरेक्ट ट्रांसफर करने का निर्देश प्राप्त हैं। यदि



किसी बच्चे का खाता नहीं हैं तो उसके माता पिता के संयुक्त खाता मे भी राशि प्रतिपूर्ति का बैंक अकॉउंट मे जमा करना था साथ ही यदि किसी बच्चे का कोई खाता नहीं हैं तो ऐसे छात्रों को नगद राशि उपलब्ध कराया जाना हैं। लेकिन लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड के भिट्ठा भीठा मध्य विद्यालय के प्रभारी संजीव कुमार ने बच्चों की प्रतिपूर्ति की राशि सरस्वती वाहिनी संचालन समिति से बैंक मे निकासी करा कर अपने पास लाखो की राशि रख लिया था, लेकिन अभिभावक एवं भंडरा प्रमुख को जैसे जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने प्रभारी को अविलम्ब बच्चों को प्रतिपूर्ति राशि वितरण करने का निर्देश दिया गया तब आनन फानन मे प्रभारी संजीव कुमार द्वारा घर घर जाकर प्रतिपूर्ति की राशि कुछेक बच्चों को वितरण करने लगे तब पुनः अभिभावक ने विरोध करते हुई सभी नामांकित बच्चों को राशि वितरण करने का आग्रह किया गया और प्रभारी के द्वारा प्रतिपूर्ति की राशि जो लगभग लाखो रुपैया की हैं अपने पास कई महीना तक रखे रहने का मामला प्रकाश मे आया जो घपला करने की नियत से किया गया था और अब बैठक कर जाँच टीम बनाई गयी हैं जो प्रभारी के क्रियाकलाप पर जांच करेंगी और प्रतिपूर्ति भत्ता पर प्रभारी द्वारा किया गया। अनियमितता की भी जाँच करेगा और जाँच रिपोर्ट के बाद करवाई की जाएगी। प्रतिपूर्ति घोटाला का यह मामला भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा सरकारी मध्य विद्यालय का है मौके पर प्रखंड के प्रमुख बरिया देवी ने जानकारी देते हुए बताया सरकार के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे गरीब बच्चों को मध्यान भोजन का पैसे भेजा गया था लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने किसी को भनक तक लगने नहीं दी और सारा राशि को हड़प कर लिया। मामले की जानकारी अभिभावकों को हुई जिसके बाद मामला तेज हो गया जिसके बाद भंडरा के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं प्रमुख तथा विभागीय पदाधिकारियों को हुई। उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर मिले और सच्चाई का पता लगाया जिसमें सत्यता पाया गया। मौके पर प्रमुख बरिया देवी ने बतलाया कि कुछ कुछ बच्चे को आधे पैसे वितरण कर पूरे पैसे को हजम कर लिया गया है। प्रमुख ने यह भी बताया घोटाले का यह मामला पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल गई है और क्षेत्र की बदनामी हो रही है और अब विद्यालय के प्रिंसिपल अपने ऊपर कार्रवाई के डर से बच्चों के घर घर पहुँच कर मैनेज करने में जुटे हैं। गांव के भोले भाले अभिभावकों को पैसे देकर अपने पक्ष में समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों से अंगूठा लिया जा रहा है। अपने पक्ष में अभिभावकों और बच्चों से बयान लेकर वीडियो बनाया जा रहा है ताकि कार्रवाई से किसी तरह बचा जा सके। इधर जिला डीएसई अपरूपा रॉय चौधरी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच में सत्यता पाई गई है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इधर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि जल्द से जल्द विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। विद्यालय में गरीब बच्चों के आए पैसे को लगातार घोटाले करते आ रहे हैं, जो की बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे क्षेत्र में भ्रष्टाचारी की कोई जगह नहीं है। उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, अब देखना यह है कि इतने बड़े मामले में क्या कार्रवाई होती है।

### आरोप पूरी तरह निराधार व बेबुनियाद है : प्रधानाध्यापक

मामले में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि आरोप निराधार, बेबुनियाद है। हमने पैसा निकासी करके बच्चों के बीच बांटने की कोशिश किया लेकिन किचकिच होने के कारण छोड़ दिया था बाद में कमिटी बनाकर पैसा बांटने का कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### गुजरात में आयकर छापा, 300 करोड़ की अघोषित लेनदेन का खुलासा

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने गुजरात स्थित सेरेमिक टाइल्स विनिर्माता और इसका कारोबार करने वाले ग्रुप पर छापामारी कर 100 करोड़ रुपये के नकदी लोन सहित 300 करोड़ रुपये के अघोषित लेनदेन का पता लगाया है। विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गत नौ अगस्त को की गयी इस कार्रवाई में कई साक्ष्य मिले हैं। यह छापेमारी एक साथ 36 परिसरों पर की गयी जो राजकोट, मोरबी, अहमदाबाद, रायपुर, गुवाहाटी, गुरूग्राम और कोलकाता में स्थित है। यह छापेमारी उनके यहां भी पड़ी थी जिसमें वित्त उपलब्ध कराने वाले हैं। इस दौरान कई डिजिटल और अन्य साक्ष्य भी जब्त किये गये है जिससे बड़े पैमाने पर कर चोरी का पता चला है।

### ऑडी की कारें होंगी 2.4 प्रतिशत तक महंगी

मुंबई। जर्मनी की लक्जरी कार निमार्ता कंपनी ऑडी ने आज भारत में अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में 2.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लागत बढ़ने के कारण कारों की कीमतों में यह बढ़ोतरी की जा रही है। कीमतों में यह वृद्धि 20 सितंबर 2022 से लागू होगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा हम एक स्थायी बिजनेस मॉडल चलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनपुट और सप्लाई चेन की बढ़ती लागत के कारण, हमें अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में 2.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की जरूरत महसूस हुई।

### 200 करोड़ रुपये के आईपीओ पर बदला टेक्सटाइल कंपनी का मूड, सेबी की मंजूरी से पहले लिया ये फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेक्सटाइल कंपनी ने सेबी की मंजूरी से पहले ही आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को वापस ले लिया है। इस कंपनी का नाम स्टिच्ड टेक्सटाइल्स है। दरअसल, पुरुष परिधान के प्रमुख ब्रांड ह्यबार्सिलोनाह्ल का स्वामित्व रखने वाली स्टिच्ड टेक्सटाइल्स ने अपने 200 करोड़ रुपये के आईपीओ को वापस लिया है। आईपीओ के तहत पूरी तरह नए शेयरों की पेशकश की जानी थी। कंपनी ने प्रस्तावित आईपीओ के लिए 17 जून को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरूआती दस्तावेज जमा कराए थे। बाजार नियामक ने बताया कि आईपीओ के लिए प्रस्तावित दस्तावेजों को 16 अगस्त को वापस ले लिया गया था। हालांकि, वापसी के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। बता दें कि कंपनी ने फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज को इश्यू के लिए बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया था, जबकि बिगशेयर सर्विसेज को इश्यू के रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया था। 50 से ज्यादा शहरों में: यह कंपनी मुख्य तौर से पुरुषों के ड्रेसेज में है। वहीं, सूटिंग और शर्टिंग कपड़ों में डील करती है।

# आरबीआई की एमपीसी के सदस्य जयंत वर्मा ने कहा- बहुत जरूरी है इनफ्लेशन को जल्द 4% पर लाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इफ्लेशन पर आरबीआई का फोकस बना रहेगा। केंद्रीय बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) के सदस्य जयंत वर्मा ने यह संकेत दिया। उन्होंने कहा कि जितना जल्द हो सके इनफ्लेशन को 4 फीसदी के मीडियम-टर्म टारगेट पर लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के दौरान यह देखना होगा कि इकोनॉमी पर किसी तरह का खराब असर नहीं पड़े। वर्मा एमपीसी में शामिल तीन एक्सटर्नल मेंबर्स में से एक हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा स्पष्ट तौर पर मानना है कि जितना जल्द हो सके इनफ्लेशन को 4 फीसदी के करीब लाना जरूरी है। बड़ा सवाल यह है कि इस काम को कितना जल्द किया जा सकता है, क्योंकि इसका असर इकोनॉमी पर पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'हमें यह सोचना होगा कि हम इस काम को छह महीने, 12 महीने या 18 महीने में कर सकते हैं। हम ऐसे समय की ओर बढ़ रहे हैं, जब हमें इस बारे में बातचीत शुरू करनी होगी।' उन्होंने मनीकंट्रोल से बातचीत में इस बारे में बताया। एमपीसी की 3-5 अगस्त की



मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के मिनट्स 19 अगस्त को जारी किए गए थे। इसमें वर्मा ने इनफ्लेशन के मौजूदा स्तर को अस्वीकार्य बताया है। वर्मा आईआईएम-अहमदाबाद के प्रोफेसर हैं। रिजर्व बैंक का सबसे ज्यादा फोकस इनफ्लेशन को कंट्रोल करने पर है। जुलाई में रिटेल इनफ्लेशन 6.71 फीसदी रहा। यह पिछले पांच महीने में सबसे कम रिटेल इनफ्लेशन है। हालांकि, रिटेल इनफ्लेशन पिछले 34 महीनों से 4 फीसदी से ऊपर बना हुआ है। रिटेल इनफ्लेशन के अगले साल के मध्य तक 4 फीसदी के करीब आने की उम्मीद नहीं है। आरबीआई ने इनफ्लेशन के अपने अनुमान में अगले साल अप्रैल-जून में इसके औसतन 5 फीसदी रहने की बात कही है। वर्मा का कहना है कि इनफ्लेशन के लिए 4 फीसदी का टारगेट होना चाहिए। किसी तरह की प्रॉब्लम की स्थिति में इसके 2 फीसदी ऊपर या नीचे जाने की गुंजाइश रखी जानी चाहिए लेकिन, क्राइसिस के असर से निपटने के लिए

**■ एमपीसी की 3-5 अगस्त की मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के मिनट्स 19 अगस्त को जारी किए गए थे। इसमें वर्मा ने इनफ्लेशन के मौजूदा स्तर को अस्वीकार्य बताया है।**

हमें जल्द उपाय करने होंगे। उन्होंने कहा कि इनफ्लेशन अगर 4 फीसदी पर नहीं आता है तो अगली क्राइसिस के वक्त हमारे पास कोई उपाय नहीं बचेगा। एमपीसी के सदस्य ने कहा, 'जैसे ही कोरोना की महामारी कमजोर पड़ने लगी।

## एनएसई ने निवेशकों को किया आगाह, रिटर्न की गारंटी वाली योजनाओं में निवेश से बचें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों को 'रियल ट्रेडर' और 'ग्रो स्टॉक' जैसी इकाइयों या वित्तीय कंपनियों के प्रति आगाह किया है। एनएसई ने पाया है कि टेलीग्राम चैनल और व्हॉट्सएप के माध्यम से परिचालन करने वाली ये इकाइयां सुनिश्चित रिटर्न की गारंटी का दावा करते हुए निवेशकों को लुभा रही हैं। एक्सचेंज ने बताया कि ये इकाइयां एनएसई के पास न तो सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं और न ही किसी पंजीकृत सदस्य की ओर से अधिकृत व्यक्ति हैं। एक्सचेंज ने निवेशकों को आगाह किया है कि वे इकाइयों/व्यक्तियों द्वारा शेयर बाजार में रिटर्न की गारंटी के साथ पेश की जाने वाली योजनाओं में निवेश नहीं करें, क्योंकि कानूनन इस पर प्रतिबंध है। एक्सचेंज ने पिछले महीने इसी तरह का परामर्श जारी किया था। उस समय एक्सचेंज के संज्ञान में आया था कि शेयर्स बाजार प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक इकाई सुनिश्चित रिटर्न के साथ निवेश योजनाओं की पेशकश कर रही है।

---

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
### (जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू से गृह रक्षकों के नवनामांकन के लिए प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2016 एवं विज्ञापन संख्या–01/2018 में आवेदन फॉर्म जमा करने वाले सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि, काफी लम्बी अवधि एवं तकनीकी खामी के कारण उक्त दोनों विज्ञापन को रद्द किया जाता है।

वर्तमान में जिला के सभी प्रखण्डों के लिए गृह रक्षकों के नवनामांकन हेतु उपलब्ध प्रखण्डवार रिक्ति के आधार पर नये विज्ञापन की सूचना यथाशीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 276317 (Palamu) 22-23 (D)

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 21/2021–22**

**PR No. 265205 का चतुर्थ आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 27.08.2022 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.09.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 07.09.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक,
   1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
   2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 08.09.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200/165 mm dia X 250.00 mtr. (av.) depth HYDT with Platform and drain, Installation of Electrical Submersible Motor Pump Set and Soak pit with drain for drinking purpose etc. at Power Grid Corporation of India Ltd near Shankh River in the Premises of 220/132 KV Lohardaga S/S for the year 2021-22 under Deposit Head | 4,11,532.00 | 8,300.00 | 750.00 | 02 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 276350 Lohardaga(22-23).D

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/10/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 01.09.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 02.09.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 02.09.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Shed Near Both Gate of Civil Court Campus, Daltonganj, Palamu. | 249800.00 | 5000.00 | 500.00 | 20 Days |
| 2. | Aluminum Work in Window, Door and Wooden Cupboard in Executive Magistrate Quarter C-02 at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 240600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3. | Repair and Construction of New Cabin in DLSA Office in Civil Court, Daltonganj, Palamu. | 238600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4. | Installation of Mic, Camera, temporary Vulnerable Witness Deposition Room in Fast Track Court Building Daltonganj, Palamu. | 248700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5. | Deep Boring in Front of B type Quarter – 12,13,14,15 at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 244800.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 6. | Fixing of Floor tiles and Construction of Two Cubicles in Legal Awareness Defense Comal System Office in Civil Court, Daltonganj, Palamu. | 248000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 7 | E/R of Main Gate and Guard Room in Civil Court Campus Daltonganj, Palamu. | 246800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8. | E/R of Flag Post, Beatification Park, Jungle Clearance at Civil Court Campus Daltonganj, Palamu. | 235000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

*Note :- Detail Terms and Condition of Tender may be seen at www.jharkhand.gov.in& office notice board.*

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 276351 Building(22-23).D

---

## कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा

**37 वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा**

**25 अगस्त से 8 सितम्बर 2022 तक**

**मरणोपरान्त अपनी आँखों को जीवित रखें**

**नेत्रदान करें दृष्टिविहिनों को दृष्टि दें**

- मरणोपरान्त अपकी आँखें नष्ट हो जाती है, इसे नष्ट न होने दें।
- मरणोपरान्त नेत्रदान कर दृष्टिविहिनों (अंधों) को दृष्टि दें।
- आँखें अनमोल हैं इसे खरीदी एवं बेची नहीं जा सकती हैं।
- जीते जी नेत्रदान का संकल्प ले, मरणोपरान्त अपनी आँखों को दान करें।
- नेत्रदानकर्त्ता की मृत्यु के 6–8 घंटे के अन्दर नेत्र प्रदान होता हैं।
- एक नेत्रदानकर्त्ता से दो दृष्टिविहिनों को दृष्टि मिलती है।
- नेत्रदान को अपने परिवार की परंपरा बनायें।
- मृत्यु के पश्चात नेत्रदान एक पवित्र कार्य है।
  (विशेष जानकारी हेतु संपर्क करें :– अपने नजदीकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,सरकारी अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय स्वयं सेवी संस्था के अस्पताल /आई बैंक।)

निवेदक– जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यकम, लोहरदगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी– सह–
सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यकम, लोहरदगा

PR 276301 Lohardaga(22-23).D

---

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य–प्रभाग),
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**–: पशुपालकों के लिए आम सूचना :–**

भारत सरकार मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय (गव्य प्रक्षेत्र) द्वारा डेयरी पशुपालकों जिनके द्वारा डेयरी के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, को प्रोत्साहित करने हेतु **"राष्ट्रीय गोपाल रत्न" पुरस्कार– 2022** प्रदान किया जाना है, जिसके लिए निम्न शर्त है–

1.स्वदेशी पशु नस्ल रखने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान।
(Best Dairy Farmer Rearing Indigenous Cattle/Buffalo Breed)

स्वदेशी नस्ल का दुधारू पशु रखने वाले इच्छुक डेयरी पशुपालकों से अनुरोध है कि **"राष्ट्रीय गोपाल रत्न" पुरस्कार– 2022** में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, पलामू से स्वयं आकर आवेदन पत्र प्राप्त कर दिनांक 30.08.2022 तक आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं।

ह0/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 276299 (Animal Husbandry)22-23*D

---

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

**आम सूचना**

भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय (डेयरी प्रभाग) के द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों, डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों एवं डेयरी सहकारी समितियों/दुग्ध दत्पादक कम्पनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठनों जो दुग्ध उत्पादकों को बाजार प्रदान करते है, को प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार– 2022 का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार– 2022 को तीन श्रेणियों में दिया जाना है, जो निम्वत् है :–

1. BEST DAIRY FARMER REARING INDIGENOUS CATTLE/ BUFFALO BREEDS
2. BEST ARTIFICIAL INSEMINATION TECHNICIAN (AIT)
3. BEST DAIRY COOPERATIVE SOCIETY/MILK PRODUCER COMPANY/DAIRY FARMER PRODUCER ORGANISATION.

प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रू०, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 3 लाख रू० एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप 2 लाख रू० तथा प्रशास्ति प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया जाएगा।

दुग्ध उत्पादक किसानों, डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों एवं डेयरी सहकारी समितियों/दुग्ध उत्पादक कम्पनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठनों आवेदन सीधे DAHD/MHA के website www.dahd.nic.in या https//awards. gov.in पर दिनांक 15.09.2022 तक Online आवेदन कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लातेहार

PR 276282 Animal Husbandry (22-23)_D

---

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

**आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत विभिन्न योजनाओं से संबंधित लातेहार जिला के सभी चयनित लाभुकों को पुनः सूचित किया जाता है कि चयनित लाभुकों के बैंक खाता में अनुदान राशि DBT के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। इस संबंध में सभी संबंधित लाभुकों को पूर्व में भी सूचित किया गया है कि वे अपने बैंक खाते में लाभुक अंशदान की राशि यथाशीघ्र जमा करें एवं बैंक खाता पुस्तिका की स्पष्ट छाया प्रति एवं जमा रसीद के साथ कार्यालय से संपर्क करे/इस विषय पर सभी लाभुकों को दुरभाष पर भी पूर्व में सूचित किया गया है परन्तु आप अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा किये जाने सूचना कार्यालय को नहीं दिये हैं।

एतद् द्वारा पुनः चयनित सभी संबंधित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने बैंक खाते में लाभुक अंशदान की राशि यथाशीघ्र जमा करें एवं बैंक खाता पुस्तिका की स्पष्ट छाया प्रति एवं जमा रसीद के साथ कार्यालय को सूचित करें, ताकि पशु क्रय एवं अन्य योजनाओं की प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूरा किया जा सके।

यह भी सूचित किया जाता है कि अपने बैंक खाते में उपलब्ध योजना की अनुदान राशि की निकासी न किया जाय अन्यथा संबंधित लाभुकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 276278 Animal Husbandry(22-23)#D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2022–23**

**PR no. 271502 का द्वितीय आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 27.08.2022 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.09.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 07.09.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक,
   1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
   2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 08.09.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी :– Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kuru | Chandlaso | Chitakoni | Chitakoni SVS Group of Scheme (3 nos.) | 90 nos. | SVS/LOH-01 | 26,57,793.00 | 53,200.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 4 | Kuru | Chandlaso | Merle | Merle SVS Group of Scheme (2 nos.) | 75 nos. | SVS/LOH-04 | 21,04,197.00 | 42,100.00 | 5,000.00 | 05 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 276349 Lohardaga(22-23)#D

सम्पादक की कलम से...

# स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। लेकिन इस सच्चाई से कोई मुंह नहीं मोड़ सकता कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग चिकित्सा के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। बहरहाल यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा प्रक्षेत्र में पढ़ाई सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार चिंतित है। यह अच्छी बात है। इसके लिये ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को भी आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके इसके लिये 217 आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टरों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र मिला है। यह सच है कि आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जब आधुनिक चिकित्सा तकनीकी चिकित्सा पद्धति की परिकल्पना नहीं हुई थी तब से यह पद्धति चली आ रही है। निश्चित रूप से राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। नवनियुक्त आयुष डॉक्टर्स के प्रति भरोसा किया जा सकता है कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्मठता से करेंगे ऐसा विश्वास हर एक को करना चाहिए। कारण आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी उतनी ही प्रभावी है, जितनी प्राचीन काल में थी, विशेषकर झारखंड प्रदेश के लिए आयुष एक बेहतर चिकित्सा पद्धति साबित हो सकती है। आयुष पद्धति जल, जंगल, जमीन, पठार, नदी-नाले और पहाड़ से घिरे इस आदिवासी बाहुल्य प्रदेश के लिए खास मायने रखती है। यहां के लोगों का प्रकृति से गहरा जुड़ाव रहा है और प्राकृतिक तरीके से वे इलाज कराते आ रहे हैं। ऐसे में आज के समय में आयुष चिकित्सा पद्धति यहां के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस पद्धति से छोटी-बड़ी बीमारियों का तो इलाज होता ही है। इसके साथ बेहतर स्वास्थ्य जीवन और शरीर को तंदुरुस्त रखने के प्राकृतिक तौर-तरीकों को हम जानते तथा सीखते हैं। यह चिकित्सा पद्धति पहले भी प्रभावी थी, आज भी है और आगे भी रहेगी। सरकार और श्री सत्य साईं हॉस्पिटल के बीच एमओयू का होना यह बताता है कि इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों के यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपया खर्च करेगी। यह एक ऐतिहासिक कदम है। इस एमओयू से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल राजकोट और अहमदाबाद में झारखंड के युवा तथा व्यस्कों का मुफ्त हार्ट का इलाज होगा। अब पैसे के अभाव में जो लोग इलाज नहीं करा पाते हैं ऐसे में यह व्यवस्था उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। अब यह देखना भी जरूरी है कि एक नयी पीढ़ी इस व्यवस्था को कैसे आगे बढ़ायेगी। नियुक्ति किये गये इन चिकित्सकों के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। यह उम्मीद की जानी चाहिए। सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक रखने को लेकर चिंतन करती हाल के दिनों में दिख रही है। यह अच्छी बात है। लेकिन यह स्वीकार करना ही पढ़ेगा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में अविलंब सुधार नहीं किया गया तो आने वाला दिन हम सब को माफ नहीं करेगा।

## आज का इतिहास

1941 : न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
1947 : अमेरिका में रक्षा विभाग की स्थापना हुई।
1949 : दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
1950 : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म हुआ।
1956 : भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
1956 : ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
1957 : मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1974 : बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुए।
1984 : ब्रायन मुलरनी ने कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
1988 : ग्रीष्मकालीन ओलंपिक दक्षिण कोरिया के सोल में आयोजित किया गया।
2004 : यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
2011 : न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत।
2016 : न्यूयॉर्क के चेल्सी में विस्फोट से 29 लोग घायल हुए।
1784 : अमेरिका का पहला दैनिक अखबार(पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) प्रकाशित हुआ।
1815 : किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
1885 : नीदरलैंड के लोगों ने मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
1857 : बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1905 : अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन हुआ।
1928 : 'माय विकली रीडर' मैगजीन की शुरूआत हुई।
1934 : एक बड़े तूफान से पश्चिमी होन्शू, जापान में 3000 से अधिक लोग मारे गए थे।
1937 : जे आर आर टॉकियन का द हॉबिट प्रकाशित किया गया था।
1938 : चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।

# कमजोर रूपये से बढ़ती मुश्किलें

> 17 अगस्त को एक डालर की कीमत 79.50 के स्तर पर पहुंच गई थी। चिंताजनक तो यह कि रुपए में अभी और गिरावट की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे के बीच रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण जहां भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं, असहनीय महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है।

देश में खुदरा महंगाई दर को सात फीसद से घटा कर छह फीसद पर लाने के लिए कई और कारगर प्रयासों की जरूरत है। अभी रेपो दर में कुछ और वृद्धि करके अर्थव्यवस्था में नगदी प्रवाह को कम किया जाना उपयुक्त होगा। लेकिन केवल ब्याज दर पर ही अधिक निर्भरता नुकसानदायक हो सकती है। डालर की तुलना में रुपया ऐतिहासिक रूप से कमजोर है। 17 अगस्त को एक डालर की कीमत 79.50 के स्तर पर पहुंच गई थी। चिंताजनक तो यह कि रुपए में अभी और गिरावट की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे के बीच रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण जहां भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं, असहनीय महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है। वर्ष 2022 की शुरूआत से ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआइआइ) भारतीय बाजारों से पैसा निकालने में लगे हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में खासा इजाफा कर दिया है। दुनिया के कई विकसित देशों के केंद्रीय बैंक भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। बैंक आफ इंग्लैंड ने भी सत्ताईस साल बाद चार अगस्त को सबसे अधिक ब्याज दर बढ़ाई है। ऐसे में भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने के इच्छुक निवेशक अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में अपने निवेश को ज्यादा लाभप्रद और सुरक्षित मान रहे हैं और इसीलिए भारत से पैसा निकाल कर अमेरिका व दूसरे विकसित देशों में निवेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डालर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब पिच्यासी फीसद कारोबार डॉलर में होता है। दुनिया के उनतालीस फीसद कर्ज डालर में दिये जाते हैं। इसके अलावा कुल डॉलर का करीब पैंसठ फीसद उपयोग अमेरिका के बाहर होता है। चूंकि भारत अपनी कच्चे तेल की करीब पचासी फीसद जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए डालर की अहमियत भारत के लिए भी काफी ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत को डॉलर ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। साथ ही देश में कोयला, उर्वरक, वनस्पति तेल, दवा निर्माण के कच्चे माल, रसायन आदि का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है, ऐसे में डालर की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रभावित हो रहा है। एसबीआइ की इको रैप रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 के अप्रैल से जुलाई के चार महीनों में भारत का व्यापार घाटा सौ अरब डॉलर के रेकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने खुद यह स्वीकार किया है कि दिसंबर 2014 से अब तक देश की मुद्रा में पच्चीस फीसद तक गिरावट आ चुकी है। इस वर्ष पिछले सात महीनों में ही रुपया करीब सात फीसद तक लुढक चुका है। फिर भी अन्य कई विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए बेहतर स्थिति में है। ब्रिटिश पाउंड, जापानी येन और यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए की स्थिति मजबूत है। इसका कारण भारत में राजनीतिक स्थिरता, भारत से बढ़ते निर्यात, विकास दर वृद्धि की संभावनाएं, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार जैसे कारण भी रहे हैं। रुपया कमजोर होने का एक असर देश में बढ़ती महंगाई के रूप में सामने आया है। हाल में प्रकाशित महंगाई के आंकड़ों के मुताबिक जून 2022 में थोक महंगाई दर 15.18 फीसद और खुदरा महंगाई दर 7.01 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पाई गई। पांच अगस्त को ब्याज दरें और बढ़ाने के मौद्रिक नीति समिति के फैसले का एलान करते हुए आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा भी था कि देश में अभी भी महंगाई की दर ऊंची बनी हुई है। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ही एक बार फिर से रेपो रेट में पचास आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई है। महंगाई को अभी और नियंत्रित करने के मद्देनजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सितंबर में होने वाली बैठक में रेपो दर में 35-40 आधार अंकों की और बढ़ोतरी की जा सकती है।

■ जयंतीलाल भंडारी

# भविष्य में सूरज की रोशनी के बिना होगी खेती

पौधे प्रकाश-संश्लेषण के जरिये पानी, कार्बन डाइऑक्साइड व सूरज के प्रकाश को ऑक्सिजन और ऊर्जा में बदलते हैं। यह प्रक्रिया पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित होने में मदद करती है। लेकिन वैज्ञानिक अब इस प्रक्रिया को कृत्रिम रूप से और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे इसका उपयोग खाद्य वस्तुओं का उत्पादन और ऊर्जा बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। एक नये अध्ययन में वैज्ञानिकों ने नई कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण तकनीक के बारे में बताया है जिसके लिए सूरज की रोशनी की भी नहीं चाहिए। **चार गुना अधिक क्षमता :** कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण में कार्बन डाइऑक्साइड, पानी और सौर पैनलों से उत्पन्न बिजली को 'एसीटेट' में बदला जाता है। इसके लिए दो-चरणीय इलेक्ट्रोकैटलिटिक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि एसीटेट सिरके का मुख्य घटक है। इस प्रक्रिया में तैयार एसीटेट का उपयोग पौधे अपने विकास के लिए कर सकते हैं। दरअसल रिसर्चरों ने जो सिस्टम तैयार किया है उसका उद्देश्य महज प्रकृति में होने वाले प्रकाश-संश्लेषण की नकल करना नहीं है। वे इसमें सुधार कर इसकी दक्षता बढ़ाना चाहते हैं। जैविक प्रकाश संश्लेषण के जरिये सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का केवल 1 प्रतिशत ही पौधों के बायोमास में बदल पाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह दक्षता लगभग चार गुणा बढ़ाई जा सकती है। अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के रासायनिक इंजीनियर रॉबर्ट जिंकरसन ने कहा कि हमने भोजन के उत्पादन के एक नये तरीके की पहचान की है जो जैविक प्रकाश-संश्लेषण का बेहतर विकल्प हो सकता है। प्रयोगों से पता चला है कि अनेक खाद्य-उत्पादक सूक्ष्म जीवों को अंधेरे में सीधे एसीटेट से समृद्ध इलेक्ट्रोलाइजर आउटपुट पर उगाया जा सकता है। इनमें हरे शैवाल, यीस्ट (खमीर) के अलावा मशरूम का उत्पादन करने वाले फंगल मायसेलियम शामिल हैं। इलेक्ट्रोलाइजर ऐसा उपकरण है जो कार्बन डाइऑक्साइड जैसे कच्चे माल को उपयोगी मॉलिक्यूल्स और उत्पादों में बदलने के लिए बिजली का उपयोग करता है। इस तकनीक से शैवाल का उत्पादन प्रकाश-संश्लेषण विधि की तुलना में लगभग चार गुणा अधिक हो सकता है। यीस्ट का उत्पादन आम तौर से मकई से निकाली गई चीनी से किया जाता है। नई प्रौद्योगिकी से यीस्ट का उत्पादन ऊर्जा के उपयोग की दृष्टि से लगभग 18 गुणा अधिक कारगर है। इस अध्ययन की को-राइटर एलिजाबेथ हैन ने कहा कि हम जैविक प्रकाश-संश्लेषण के योगदान के बिना सूक्ष्म खाद्य-उत्पादक जीवों को विकसित करने में सक्षम रहे। जैविक प्रकाश-संश्लेषण पर निर्भर खाद्य उत्पादन की तुलना में यह तकनीक सौर ऊर्जा को भोजन में बदलने का ज्यादा कारगर तरीका है। **निर्भरता कम होगी :** वैज्ञानिकों ने खाद्य फसलें उगाने के लिए इस तकनीक की क्षमता को परखा। उन्होंने पाया कि अंधेरे में खेती करने पर लोबिया, टमाटर, तंबाकू, चावल, कनोला और मटर जैसी फसलें एसीटेट से कार्बन का उपयोग करने में सक्षम रहीं।

■ मुकुल व्यास

# इस पाप का कोई प्रायश्चित नहीं

कई पाप ऐसे हैं जिनका प्रायश्चित असंभव है। किसी गर्भवती महिला का सामूहिक बलात्कार उनमें से एक है। किसी मां की आंखों के सामने उसकी तीन साल की बच्ची का सिर फोड़ना दूसरा है। सो, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जब फूलों के हार पहनाये गये पिछले सप्ताह, मिठाइयां बांटी गईं, आरतियां उतारी गईं, मुझे घिन महसूस हुई। गहरी शर्मिंदगी भी। वही शर्मिंदगी, जो तब हुई जब बिलकिस के मुंह से उसकी कहानी सुनी थी कोई बीस वर्ष पहले। उस समय वह अपने पति के साथ छिप-छिप कर दोस्तों, रिश्तेदारों के घरों में रह रही थी। इसलिए कि उस वक्त जिन दरिंदों ने उसके साथ ये पाप किये, उसको धमकाते, डराते फिर रहे थे। अनजान लोग नहीं थे ये दरिंदे। उसके अपने गांव के रहने वाले थे, उसके पड़ोसी थे। बिलकिस के पिता की दुकान से दूध खरीदते थे। लेकिन इसके बावजूद इस बदकिस्मत इक्कीस साल की महिला के सामने उसकी मां का भी सामूहिक बलात्कार किया गया और उसके परिवार के कई लोग जान से मारे गये। बिलकिस और उसके पति को मैं मिली 2002 के दंगों के एक साल बाद। मैं उन गांवों का दौरा कर रही थी, जहां सबसे ज्यादा हिंसा हुई थी। तब तक जमानत पर छूट चुके थे कई लोग, जिन पर गंभीर आरोप थे। उनसे जब पूछा कि क्या उनको कोई पछतावा हुआ है अब, जब देश के माथे पर दुनिया भर में उनकी वजह से कलंक लग गया है, तो आज भी नहीं भूल सकती हूं उस युवक का जवाब, जिस पर हत्या का आरोप था। 'देश के माथे पर कलंक देखना है आपको तो कश्मीर जाकर देखें।' गुजरात के इस दौरे पर मैं गई थी इंडियन एक्सप्रेस के संपादक, शेखर गुप्ता, के कहने पर गुजरात का उस समय का माहौल जांचने के लिए। गोधरा से शुरू हुआ मेरा वह दौरा और कई गांवों में घूमने के बाद अहमदाबाद में समाप्त हुआ। उस समय जलाई हुई बस्तियों के खंडहर मौजूद थे और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच नफरत कम नहीं हुई थी। दर्द भरे कई किस्से सुनने को मिले, लेकिन सबसे ज्यादा दर्द हुआ बिलकिस बानो की कहानी सुन कर। बिलकिस ने हिम्मत दिखा कर न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और अब जब वह अपने पति के साथ थोड़े से चैन से रहने लगी है, वे दरिंदे वापस आ गये हैं उस गांव में, जो कभी उसका भी घर होता था। माना कि इन्होंने पंद्रह वर्ष जेल में काटे हैं, लेकिन उम्र कैद की सजा इनके लिए असल में आजीवन कारावास होनी चाहिए, क्योंकि इनके अपराध इतने घिनौने थे। रिहाई के बाद लेकिन अब उनका स्वागत ऐसे किया जा रहा है जैसे किसी युद्ध में विजयी होकर लौटे हैं और गोधरा के भारतीय जनता पार्टी विधायक ने बरखा दत्त की 'मोजो-स्टोरी' पर कहा है कि चूंकि ये ग्यारह लोग ब्राह्मण हैं, उनके संस्कार अच्छे हैं, इसलिए रिहा हैं। भारतीय जनता पार्टी की ट्रोल सेना ने कहना शुरू कर दिया है कि रिहाई साबित करती है कि उनको दंडित किया ही नहीं जाना चाहिए था। इसलिए कि कई बेगुनाह लोग दंडित हुए सिर्फ तीस्ता सीतलवाड के झूठे प्रचार के कारण। क्यों न कहें यह बात, जब तीस्ता पर यह आरोप लगाया था स्वयं देश के गृह मंत्री ने एएनआइ को दिये एक टीवी इंटरव्यू में, जब सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि नरेंद्र मोदी को 2002 वाले दंगों में निजी तौर पर आरोपित ठहराने के लिए कुछ लोगों ने दशकों झूठा प्रचार किया है। उसके अगले दिन, 25 जून, को तीस्ता सीतलवाड को गिरफ्तार किया गया था और आज तक उसको जमानत नहीं मिली है। उसकी गिरफ्तारी के होते ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया उस इंटरव्यू में कि तीस्ता ने झूठे मुकदमे दर्ज कराये थे गुजरात के कई थानों में सिर्फ इस मकसद से कि मोदी को दोषी साबित किया जाय। मंत्रीजी का कहना है कि मोदी ने शिवजी की तरह इस जहर को चुप करके निगल लिया, दो लंबे दशकों तक, लेकिन अब सत्य सामने आ रहा है। तीस्ता पर पुलिस का आरोप है कि उसने कांग्रेस पार्टी के नेता और सोनिया गांधी के करीबी, अहमद पटेल, से लाखों रुपए लिए थे मोदी को बदनाम करने के लिए। ऐसा हुआ था कि नहीं, अभी साबित नहीं हुआ है किसी अदालत में, लेकिन बिलकिस के बलात्कारियों का आरोप साबित पूरी तरह हुआ है कानूनी कार्यवाही के बाद। न्याय मिला भी बिलकिस को, लेकिन अब न्याय को अन्याय में बदल दिया है गुजरात सरकार ने। इस अन्याय से एक बार फिर भारत के माथे पर कलंक लगा है और दुनिया के मीडिया में सवाल उठ रहे हैं हमारी कानून प्रणाली पर। 'गर्भवती मुसलिम महिला के बलात्कारी रिहा' जैसी सुर्खियां देखने को मिल रही हैं। समझना मुश्किल है कि गुजरात सरकार ने इन दरिंदों को रिहा करने का फैसला क्यों किया, जब देश का कानून कहता है कि हत्या और बलात्कार जैसे अपराध करने वालों के लिए उम्र कैद का मतलब आजीवन कारावास होना चाहिए। ऐसे लोग, जो किसी मां के सामने उसकी नन्ही बच्ची का सिर फोड़ सकते हैं, उनकी जगह जेल में ही होनी चाहिए, हमेशा के लिए।

■ तवलीन सिंह

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

असिलोमा बोला-हे देवि! सच्ची बात बताइये, आप यहां किस प्रयोजनसे आयी है? हे सुन्दरि! इन निरपराध दैत्योंको आप क्यों मार रही हैं? इसका कारण बताइये। मैं अभी आपके साथ सन्धि करनेको तैयार हूं। हे वरारोहे! सुवर्ण, मणि, रत्न और अच्छे-अच्छे पात्र जो भी आप चाहती हैं, उन्हें लेकर यहांसे शीघ्र चली जाइये। आप युद्धकी इच्छुक क्यों हैं? महात्मा पुरूष कहते हैं कि युद्ध दुःख तथा सान्तापको बढ़ानेवाला और सम्पूर्ण सुखोंका विघातक होता हैं।।5-7।।

मुझे महान् आश्चर्य हो रहा है कि पुरूषका भी आघात न सह सकनेवाले अपने अत्यन्त सुकोमल शरीरमें आप शस्त्रोंके आघात सहनेके लिये क्यों तैयार हैं? चातुर्यका फल तो शान्ति और निरन्तर सुख भोगना है। अतः एकमात्र दुःखके कारणस्वरूप इस संग्रामको आप क्यों करना चाहती हैं? इस संसारमें सुख ग्रहण करना चाहिये और दुःखका परित्याग करना चाहिये-यही सर्वमान्य नियम है।।8-10।।

वह सुख भी नित्य और अनित्यके भेदसे दो प्रकारका कहा गया है। आत्मज्ञानसम्बन्धी सुखको 'नित्य' और भोगजनित सुखको 'अनित्य' माना गया है। वेद और शास्त्रके तत्त्वका चिन्तन करनेवाले लोगोंको चाहिये कि उस विनाशशील अनित्य सुखको त्याग दें। हे वरानने! यदि आप नास्तिकका मत स्वीकार करती हों तो भी इस यौवनको पाकर उत्तमसे उत्तम सुखोंका भोग करें। हे कृशोदरि! हे भामिनि! यदि परलोकके विषयमें आपको सन्देह हो तो इस पृथ्वीपर ही सदाचारपूर्वक रहती हुई स्वर्गीय सुख प्राप्त करनेमें सदा तत्पर रहें, नहीं तो शरीरमें यह यौवन अनित्य है-ऐसा समझकर आपको सदा सत्कर्म करते रहना चाहिये।।11-14।।

बुद्धिमान् पुरूषोंको चाहिये कि वे दूसरोंको पीड़ित करनेके कार्यका त्याग कर दें। अतः बिना विरोधके धर्म, अर्थ और कामका सेवन करना चाहिये। इसलिये हे कल्याणि! आप अपनी बुद्धि धर्मकृत्यमें लगाइये। हे अम्बिके! आप अपनी बुद्धि धर्मकृत्यमें लगाइये। हे अम्बिके! आप हम दैत्योंको बिना अपराधके क्यों मार रही है? दयाभाव पुरूषमात्रका शरीर है और सत्यमें ही उसका प्राण प्रतिष्ठित कहा गया है। अतः बुद्धिमान् पुरूषोंको चाहिये कि दया और सत्यकी सदा रक्षा करें। हे देवि! आप दानवोंके संहारमें अपना प्रयोजन बतायें?।।15-17।।

देवी बोलीं-हे महाबाही! तुमने जो यह पूछा है कि मैं यहां क्यों आयी हूं-उसे बताती हूं और दानववधका प्रयोजन भी बताती हूं। हे दैत्य! मैं सदा साक्षी बनकर सभी प्राणियोंके न्याय तथा अन्यायको देखती हुई सब लोगोंमें निरन्तर विचरती रहती हूं। मुझे न तो कभी भोगविलासकी इच्छा है, न लोभ है और न किसीके प्रति द्वेषभाव ही है।।18-20।।

धर्मकी मर्यादा रखनेके लिये मैं इस संसारमें विचरण करती रहती हूं। साधुपुरूषोंकी रक्षा करना- अपने इस व्रतका मैं सदा पालन करती हूं। अनेक अवतार धारण करके मैं सज्जनोंकी रक्षा करती हूं, जो असाधु हैं उनका संहार करती हूं और वेदोंका संरक्षण करती हूं। मैं प्रत्येक युगमें उन अवतारोंको धारण करती रहती हूं।।21-22।।

दुचारी महिषासुर देवताओंको मार डालनेके लिये उद्यत है-यह जानकर मैं उसके वधके लिये इस समय यहां उपस्थित हुई हैं। हे दानव! मैं उस दुराचारी तथा सुरद्रोही महाबली महिषाको मार डालूंगी।।23-24।।

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# प्रकृति से छेड़-छाड़ न हो

नरसात के मौसम में घरों में सांप निकलने की घटना सामने आती रहती है। शहर के सुदना बारालोटा व चैनपुर के नये मुहल्लों में यह घटना सामने आ रही है। सांप निकलने पर हम कहते हैं कि हमारे घर में सांप निकला है। अगर गौर से सोचे तो क्या यह बात सही है? सांपों का का निवास स्थान खेत, जंगल व पहाड़ ही हैं। हमारी बढ़ती आबादी ने उनके प्राकृतिक आवास को छिन लिया है और हमने वहां अपने मकान बना लिए हैं। जंगल है तो हम इस दुनिया में सांस ले रहें हैं। इससे वातावरण संतुलित रहता है और ऑसीजन में बढ़ोतरी होती है। बारिस का समय से होना या ना होना जंगल पर ही निर्भर करता है। सच्चाई तो यह है कि हमने उनके घरों में अपना घर बना लिया है। यही बात जंगल के अन्य पशुओं पर लागू होती है। मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे प्रदेशों में तेदुंओं के शहर में आ जाने की बात सामने हमेशा आती रहती है। इन सब का मुख्य कारण है उन पशु-पक्षियों को हमने प्राकृतिक आवास छिन लिया है। इस कारण वे भोजन की तलाश में वे शहरों की तरफ आ रहे हैं। उनके घरों में अपना घर बनाकर कहते हैं कि वह हमारे घरों में आ रहे हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके प्राकृतिक आवासों से छेड़छाड़ ना करें और उन्हें अपने प्राकृतिक परिवेश में रहने दें और उन्हें तंग नहीं करें। कोई सांप या कोई जंगली पशु छेड़े जाने के कारण ही मनुष्य पर हमला करते हैं। पेट भरा रहने पर बाघ भी किसी पर हमला नहीं करता है।

■ राजेश कुमार मेदिनीनगर।

# मिल-जुलकर ही निभा पायेंगे सबको शिक्षा देने का वादा

यह आजादी से जुड़ा महत्वपूर्ण वर्ष है, और आधुनिक भारत में ऐसी घटनाओं, लोगों, प्रवृत्तियों और विचारों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा को आकार दिया है, फिर चाहे वह बेहतर हो या बदतर। शुरूआत मैं 19वीं सदी के मध्य से करना चाहूंगा, जब सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिबा ने पुणे में लड़कियों के लिए तीन स्कूल शुरू किये। तमाम विरोधों के बावजूद उनके साहस ने बताया कि शिक्षा महज साक्षरता और पाठ्य-पुस्तकों तक सिमटी नहीं है, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में शायद इससे बड़ी कोई ताकत नहीं है। आज पूरे देश में जिन मिशनरी स्कूलों का जाल फैला है, उनकी शुरूआत 19वीं सदी के अंत में हुई है। पहले ये स्कूल अमूमन दूसरों की तुलना में बेहतर संसाधन वाले होते थे और अमीर व गरीब, दोनों को समान रूप से लुभाते थे। पर जैसे-जैसे वक्त बीतता गया, इन स्कूलों का विस्तार तो हुआ ही, लेकिन माता-पिता का शोषण करने वाले नकली कॉन्वेंट स्कूल भी खुलते गये। भारतीय शिक्षा को चार लोगों के विचारों ने गहरे तक प्रभावित किया- शिक्षा के लक्ष्य के रूप में मानवतावाद, सार्वभौमिकता व आत्म-साक्षात्कार संबंधी रवींद्रनाथ टैगोर के विचारः आत्म-निर्भरता के लिए शिक्षा का व्यावहारिक ज्ञान संबंधी महात्मा गांधी के विचार; वास्तविक लोकतंत्र की नींव के रूप में शिक्षा संबंधी भीमराव आंबेडकर की सोच; और आत्म-मुक्ति, समानता और समग्रता पर केंद्रित शिक्षा संबंधी जे कृष्णमूर्ति की धारणा। शैक्षणिक सोच को बढ़ावा देने के लिए 1961 में एनसीईआरटी की स्थापना की गई, जिसके बाद राज्यों में भी इस तरह के संस्थान खुले। 1963 में केंद्रीय विद्यालयों की शुरूआत ने यह बखूबी बताया कि सार्वजनिक व्यवस्था के तहत अच्छी शिक्षा दी जा सकती है। 1966 में कोठारी आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसने 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जन्म दिया, जो अपनी तरह की पहली व्यापक नीति थी। 1960 के दशक की शुरूआत में तमिलनाडु सरकार ने स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना की शुरूआत की। 1981-82 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन ने इसे सांस्थानिक रूप दिया और व्यापक बनाया। अभी जो देश भर में मिड-डे मील योजना चल रही है, उसकी बुनियाद यही योजना थी। इसी तरह, 1962 में केरल शास्त्र साहित्य परिषद की शुरूआत हुई, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए आम नागरिकों की एक गंभीर कोशिश थी। वर्ष 1962 में गोरखपुर में पहला सरस्वती शिशु मंदिर खोला गया। इन स्कूलों की संख्या बढ़ने पर उनके विकास में समन्वय बनाने के लिए 1977 में विद्या भारती की स्थापना की गई। हालांकि, कम फीस वाले निजी स्कूल भी काफी ज्यादा खुले, पर उनमें से ज्यादातर ने 'कॉन्वेंट व अच्छी अंग्रेजी शिक्षा' का सपना बेचा, जबकि हकीकत में वे खराब गुणवत्ता की शिक्षा देते रहे। अभिजात वर्ग के निजी स्कूल भी 1991 के बाद भारत में मध्यवर्ग के विकास के साथ विकसित हुए। माता-पिता और छात्रों की इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में दाखिले की एकसूत्रीय कोशिश ने गणित व विज्ञान के अलावा अन्य सभी विषयों को कमतर बना दिया। इसने न सिर्फ भारत में ट्यूशन उद्योग को बढ़ावा दिया और स्कूलों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को हतोत्साहित किया, बल्कि प्रवेश परीक्षाओं को महत्वपूर्ण बना दिया। साल 1986 में दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई, जिसके बाद 2020 में तीसरी। 1993 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसका मकसद 272 जिलों में प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना था। 2001 में शुरू सर्वशिक्षा अभियान ने पूरे देश में स्कूली शिक्षा में आमूल-चूल बदलाव किया। साल 2009 के शिक्षा का अधिकार अधिनियम ने छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया। अब अगले 25 साल में भारत 100 वर्ष का हो जायेगा। उम्मीद है, हम जवाहरलाल नेहरू के शिक्षा के वायदा को पूरा कर सकेंगे- पूरी तरह से बेशक शिक्षा न दी जा सके, मगर काफी हद तक मिले। अगर ऐसा होता है, तो हम राष्ट्रीयता की भावना को भी काफी हद तक आत्मसात कर सकेंगे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ अनुराग बेहर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# नींद की समस्या से हैं परेशान तो अपनायें ये आयुर्वेदिक घरेलू उपाय

डा अशोक के अनुसार, अच्छी और गहरी नींद शरीर को संतुलित और स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी और गहरी नींद से शरीर और दिमाग दोनों को बेहद आराम मिलता है।

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में पूरे दिन की थकान के बाद रात को अच्छी नींद बेहद आवश्यक है। आपको बता दें कि गहरी नींद में शरीर के ऊतक फिर से जीवंत होते हैं। अच्छी और गहरी नींद के दौरान हृदय और रक्त वाहिकाओं को बेहद आराम मिलता है, जो उन्हें स्वस्थ रहने में मददगार साबित होता है। नींद की कमी या नींद सही ढंग नहीं आने के कारण हृदय रोग, किडनी की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज(शुगर) और हृदयघात (स्ट्रोक) का खतरा बढ़ जाता है। डॉ अशोक वर्मा के अनुसार, अनिद्रा नींद से जुड़ी एक ऐसी आम समस्या है जिससे दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित हैं। इससे ग्रसित लोगों के लिए नींद आना या सोने में मुश्किल होता है। रात में अच्छी और गहरी नींद न होने से दिन के समय में नींद आती है और सुस्ती बनी रहती है और व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार महसूस करता है।



डॉ अशोक के अनुसार, अच्छी और गहरी नींद शरीर को संतुलित और स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी और गहरी नींद से शरीर और दिमाग दोनों को बेहद आराम मिलता है। अगर रात के समय नींद टूट जाती है या अच्छी नींद आने में परेशानी हो रही हो तो इससे निजात पाने के लिए ये कुछ घरेलू उपाय।

**तेल मालिश :** सिर और पैर पर भृंगराज के तेल लगाएं और उससे मालिश कराएं। इससे आपको अच्छी नींद आने में बेहद मदद मिलती है। खासकर इस तेल से मालिश करने पर आपके नर्वस सिस्टम को काफी आराम मिलता है।

**दिनचर्या करें सही :** यह आपके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण उपाय है। समय पर सोने के लिए एक निर्धारित समय पर बिस्तर पर चले जाना अच्छी नींद के लिए जरूरी है। अगर आप समय पर सोने की कोशिश नहीं करेंगे तो आपक अनिद्रा की समस्या से ग्रसित और परेशान हो जाएंगे। इसीलिए आप अपना दिनचर्या सही कर लें।

**गर्म दूध का सेवन अति लाभकारी :** आपको बता दें कि दूध में ट्रिपटोफॉन होता है जो आपके नींद को बढ़ाने में काफी मदद करता है। अगर आप रोजाना गर्म दूध का सेवन करते हैं तो आपको जरूर अच्छी नींद आएगी। अगर आप एक ग्लास गर्म दूध में आधा चम्मच दालचीनी का पाउडर और थोड़ा हल्दी पाउडर मिलाकर सोने से पहले पी लें तो यह आपके लिए अति लाभकारी साबित होगा।

**जायफल :** गर्म दूध का सेवन तो फायदेमंद तो है ही और अगर इसमें आप जायफल पाउडर मिलाकर पिएंगे तो अनिद्रा की समस्या दूर होगी साथ ही साथ अच्छी और गहरी नींद भी आएगी। सोने से पहले एक ग्लास गर्म दूध में जायफल का पाउडर मिलाकर अवश्य पिएं. दूध के जगह चाहें तो फलों के जूस में भी जायफल मिलाकर सोने से पहले आप पी सकते हैं।

**केसर से करें इलाज :** नींद के इलाज के लिए केसर भी काम आ सकती है। एक ग्लास गर्म दूध में तीन चुटकी केसर मिलाकर अवश्य पिएं। केसर में ऐसे-ऐसे घटक मौजूद होते हैं जो आपके प्रतिरक्षा तंत्र (इम्युनिटी) को फायदा पहुंचाते हैं।

**जीरा भी है बेहद कारगर :** डॉक्टर अशोक के अनुसार, औषधीय गुणों से भरपूर जीरा आयुर्वेदिक चिकित्सा में नींद के लिए लाभकारी होता है। आप सोने से पहले जीरे की चाय का चुस्की लेकर सोने का प्रयास करें, आपको अच्छी नींद में ये मददगार साबित होगी। दूध में एक चम्मच जीरे पाउडर और एक केले को मसलकर घोल बना लें और रात को सोने से पहले इसका अवश्य सेवन करें। जीरे में मेलाटोनिन होता है जो अनिद्रा के साथ सोने से संबंधित अन्य विकारों से लड़ता है। मेलाटोनिन एक ऐसा हार्मोन है जो सोने में मददगार साबित होता है।

❖ मृगेंद्र प्रताप सिंह

# हाई ब्लड प्रेशर को तुरंत कंट्रोल करेंगे ये नुस्खे



ब्रीदिंग एक्सरसाइज के जरिए भी ब्लड प्रेशर को सामान्य किया जा सकता है। अगर आप अभी उच्च रक्तचाप का अनुभव कर रहे हैं तो ऐसे में डीप ब्रीदिंग करें। इसके लिए पहले गहरी सांस लें, लगभग दो सेकंड के लिए अपनी सांस को रोककर रखें, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ें। उच्च रक्तचाप एक खतरनाक स्थिति है जो व्यक्ति के दिल को नुकसान पहुंचा सकती है। आज के समय में अधिकतर लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का सामना करना पड़ता है। ब्लड प्रेशर को मैनेज करने के लिए कुछ उपायों को अपनाने की आवश्यकता होती है। यदि इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए, तो उच्च रक्तचाप आपके हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा देता है। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए दवाओं का सेवन ही किया जाए। कई ऐसे तरीके हैं जो आपके हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**हॉट शॉवर लें :** यह एक ऐसा तरीका है जो उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर आपको तुरंत राहत दिला सकता है। बस आप अपने शॉवर में कम से कम 15 मिनट तक रहें और गर्म पानी का आनंद लें। यह मसल्स टेंशन को भी कम करने में भी मदद कर सकता है।

**करें ब्रीदिंग एक्सरसाइज :** ब्रीदिंग एक्सरसाइज के जरिए भी ब्लड प्रेशर को सामान्य किया जा सकता है। अगर आप अभी उच्च रक्तचाप का अनुभव कर रहे हैं तो ऐसे में डीप ब्रीदिंग करें। इसके लिए पहले गहरी सांस लें, लगभग दो सेकंड के लिए अपनी सांस को रोककर रखें, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ें। कुछ क्षण रुकें और दोहराएं। आप इस अभ्यास को कई बार दोहराएं। आपको तुरंत अपनी स्थिति में अंतर नजर आएगा।

**करें रिलैक्स :** उच्च रक्तचाप में तनाव का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए रक्तचाप को मैनेज करने के लिए आप खुद को रिलैक्स करने की कोशिश करें। ऐसी कुछ एक्टिविटीज में शामिल हों, जो आपको तनावमुक्त करने में योगदान दें। मसलन, कुछ पल के लिए एक शांत कमरे में बैठें, कुछ स्ट्रेचिंग व्यायाम करें या फिर एक अच्छी किताब पढ़ें, संगीत सुनें या फिर मेडिटेड करें।

**करें एक्सरसाइज :** उच्च रक्तचाप को कम करने का एक अच्छा तरीका है नियमित रूप से एक्सरसाइज करना। जब आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं तो यह आपके हृदय को रक्त पंप करने में मजबूत और अधिक कुशल बनाने में मदद करता है, जिससे आपकी धमनियों में दबाव कम होता है। वास्तव में, 150 मिनट की मोडरेड एक्सरसाइज, जैसे चलना, आपके हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकता है।

❖ मिताली जैन

# तेजी से तरक्की करनी है तो महाकाली व महालक्ष्मी का एकसाथ पूजन करें



महाकाली-महालक्ष्मी पूजन भादो शुक्ल अष्टमी से शुरू होता है जोकि आश्विन की कृष्णाष्टमी तक चलता है। विभिन्न धर्म ग्रंथों में इस पूजन को करने वालों को मनवांछित फल मिलने की कई कथाओं का उल्लेख है। जीवन में आगे बढ़ने और तरक्की हासिल करते रहने के लिए जरूरी है महाकाली और महालक्ष्मी का आशीर्वाद। महाकाली जहां सभी कष्टों को समाप्त करने वाली देवी हैं वहीं महालक्ष्मी जीवन को सुखमय और समृद्धि से भरपूर बनाती हैं। इन दोनों देवियों की साथ पूजा करने से यह अत्यन्त प्रसन्न होती हैं। यदि सच्चे मन से इनकी साधना की जाए तो यह निश्चित रूप से मनवांछित फल देती हैं। महाकाली-महालक्ष्मी पूजन भादो शुक्ल अष्टमी से शुरू होता है जोकि आश्विन की कृष्णाष्टमी तक चलता है। विभिन्न धर्म ग्रंथों में इस पूजन को करने वालों को मनवांछित फल मिलने की कई कथाओं का उल्लेख है। इस व्रत को करने वाली स्त्रियां सवेरे नहा धोकर तैयार हो जाती हैं और वह कच्चे सूत की गांठ बनाती हैं। इनमें सोलह धागे होते हैं। स्त्रियां अपने सिर पर चालीस लोटे पानी डालकर दूब के साथ सोलह अंजुलि से सूर्य भगवान को अर्ध्य देती हैं। उसके बाद शुद्ध स्थान पर एक चौकी पर गांठे रखकर मां लक्ष्मी का आह्वान करती हैं। इसके बाद मां लक्ष्मी का पूजन और हवन किया जाता है। इस दौरान मां लक्ष्मी को फल, नारियल तथा मिठाई आदि का भोग लगाया जाता है और यथाशक्ति धन अथवा कोई कीमती धातु चढ़ाई जाती है। इस व्रत में सोलह की संख्या का विशेष महत्व है। यदि आप इस व्रत को सच्चे मन से और पूरे विधि विधान से सोलह वर्षों तक करते हैं तो कोई कष्ट आपके जीवन में नहीं रहेगा तथा जीवन से अभाव का नाम ही खत्म हो जाएगा। यदि आप सोलह वर्षों तक यह व्रत करना चाहते हैं तो प्रण लेकर करें और सोलहवें वर्ष ही इसका उद्यापन करें। इस दौरान सोलह प्रकार के पकवानों का भोग लगाएं और पूजन से जुड़े अन्य कार्यों में भी सोलह की संख्या का प्रयोग करें।

इस दिन पाट या फिर कदली के पत्र पर महाकाली और महालक्ष्मी की पुतलियां बनाएं। इनके आसपास आम तथा नीम के दो वृक्ष प्रतीक स्वरूप या फिर उनकी टहनियां लेकर बनाएं। हाथी पर सवार राजा और कहारों के कंधे पर पालकी में सवार रानी की मूर्ति भी पूजन के दौरान बनानी चाहिए। इस व्रत के दौरान सोलह बोल की कहानी 16 बार सुनी और सुनाई जाती है। कहानी सुनने के बाद चावल और फूल छोड़ना चाहिए।

सोलह बोल की कथा जो इस अवसर पर सुनाई जाती है वह इस प्रकार है- अमोती दमोती रानी, पोला परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरुआ, कहे कहानी, सुना हो महालक्ष्मी देवी नानी, हमसे कहते तुमसे सुनते सोलह बोल की कहानी।

**हाथी की कहानी :** एक राजा जिसकी दो रानियां थीं। उसकी बड़ी रानी को एक ही लड़का था जबकि छोटी रानी के कई लड़के थे। एक बार छोटी रानी के सभी पुत्रों ने मिलकर मिट्टी का एक बड़ा-सा हाथी बना दिया तो उनकी मां ने वहां खड़े होकर उसकी पूजा की। यह देख बड़ी रानी ने अपने पुत्र से कहा कि देखो तो तुम्हारे भाइयों ने कितना बड़ा हाथी बनाया है तुम भी ऐसा ही बनाओ तो उसने अपनी मां से कहा कि मां तुम पूजन की तैयारी करो मैं तुम्हारे लिए असली हाथी लेकर आता हूं। वहां से उसका पुत्र देवराज इन्द्र के पास गया और उनसे उनका ऐरावत हाथी मांग लाया ताकि उसकी मां पूजा कर सके। ऐरावत हाथी को देख उस युवक की मां खुश हुई और बोली- क्या करें किसी के सौ साठ, मेरा एक पुत्र पुजावे आस।

❖ शुभा दुबे

# दिल्ली नहीं, अब नोएडा में देख सकते हैं मैडम तुसाद म्यूजियम

कुछ साल पहले तक मैडम तुसाद म्यूजियम केवल लंदन में स्थित था और इसलिए अधिकतर लोग इन वैक्स स्टैच्यू को केवल तस्वीरों में ही देख पाते थे। लेकिन बाद में लंदन की तर्ज पर इसे दिल्ली के कनॉट प्लेस में खोला गया। अब यह स्टैच्यू नोएडा के डीएलएफ मॉल में ओपन किया गया है। मैडम तुसाद म्यूजियम एक बेहद ही फेमस म्यूजियम है, जहां पर दुनियाभर की मशहूर हस्तियों के वैक्स स्टैच्यू रखे जाते हैं। यह उन सेलिब्रिटीज की कार्बन कॉपी होते हैं, जिन्हें देखकर असली व नकली में फर्क कर पाना काफी मुश्किल होता है। कुछ साल पहले तक मैडम तुसाद म्यूजियम केवल लंदन में स्थित था और इसलिए अधिकतर लोग इन वैक्स स्टैच्यू को केवल तस्वीरों में ही देख पाते थे। लेकिन बाद में लंदन की तर्ज पर इसे दिल्ली के कनॉट प्लेस में खोला गया। अब यह स्टैच्यू नोएडा के डीएलएफ मॉल में ओपन किया गया है। जहां पर लोग जाकर इन स्टैच्यू को देख सकते हैं और उनके साथ तस्वीरें भी क्लिक करवा सकते हैं।




**रखे गए हैं 50 वैक्स स्टैच्यू :** सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल में जिस मैडम तुसाद म्यूजियम को खोला गया है, उसमें करीबन 50 मोम के पुतले रखे गए हैं। इन वैक्स स्टैच्यू में सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के पुतले भी स्थित है। इन वैक्स स्टैच्यू को कुछ इस तरह बनाया गया है कि यह देखने में एकदम रियल नजर आते हैं।

**मनोरंजन ही नहीं खेल व संगीत जगत के सितारे भी हैं मौजूद :** इस वैक्स स्टैच्यू की खास बात यह है कि यहां आने वाला कोई भी पर्यटक कभी निराश महसूस नहीं करता, क्योंकि यहां पर मनोरंजन, खेल, राजनीति और संगीत जगत के सितारों के स्टैच्यू आपको देखने को मिलेंगे। इस तरह आप बेहद आसानी से अपने फेवरिट सितारों को देख सकते हैं और उनके साथ तस्वीरें क्लिक करवा सकते हैं। कुछ मशहूर हस्तियों में अमिताभ बच्चन, शाहरूख खान, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, अमिताभ बच्चन, दिलजीत दोशांज, कैटरीना कैफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल और भगत सिंह के वैक्स स्टेच्यू मौजूद हैं।

**घूमने में कितना आएगा खर्च :** नोएडा के डीएलएफ मॉल में तो एंट्री पूरी तरह से फ्री है, लेकिन इस म्यूजियम को देखने के लिए आपको टिकट खरीदनी होगी। जहां, बच्चों की टिकट के लिए आपको 760 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। वहीं, व्यस्क लोगों की टिकट का किराया लगभग 960 है।

# पैरों में जलन को हल्के में लेने की ना करें गलती

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग पैरों में जलन की समस्या को बहुत ही हल्के में लेते हैं और उसे इग्नोर करते हैं। जबकि यह तंत्रिका क्षति का एक संकेत हो सकता है। कई चिकित्सीय स्थितियां पैरों में जलन पैदा कर सकती हैं, मधुमेह सबसे आम है। जब कभी व्यक्ति बहुत अधिक थकान का अनुभव करता है या फिर बहुत अधिक चलता है तो उसे पैरों में दर्द के साथ-साथ जलन का अहसास भी होता है। यह दर्द व जलन कुछ वक्त के लिए होता है, जो खुद ब खुद दूर हो जाता है। लेकिन अगर ऐसा बार-बार होता है, तो व्यक्ति को सतर्क होने की आवश्यकता होती है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग पैरों में जलन की समस्या को बहुत ही हल्के में लेते हैं और उसे इग्नोर करते हैं। जबकि



यह तंत्रिका क्षति का एक संकेत हो सकता है। कई चिकित्सीय स्थितियां पैरों में जलन पैदा कर सकती हैं, मधुमेह सबसे आम है।

**शराब के सेवन के कारण :** शराब के सेवन से तंत्रिका क्षति हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप पैरों में जलन हो सकती है। इसलिए, अगर आप अल्कोहल का सेवन करते हैं तो उसे आज ही सीमित करें।

**किडनी की बीमारी :** जब किडनी डैमेज हो जाती हैं, तो शरीर से अपशिष्ट ठीक तरह से फिल्टर नहीं हो पाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप नर्व्स सिस्टम पर भी असर पड़ता है और व्यक्ति को पैरों में जलन होती है।

**एथलीट फुट :** यह एक फंगल संक्रमण है जो सबसे पहले पैर की उंगलियों के बीच रैशेज के रूप में प्रकट होता है। रैशेज के कारण पैरों में जलन हो सकती है।

**हाइपोथायरायडिज्म :** इस स्थिति में, थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है और व्यक्ति को पैरों में जलन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**बैरिएट्रिक सर्जरी के बाद :** बेरिएट्रिक सर्जरी के कुछ हफ्ते बाद, कुछ लोगों को अपने पैरों में जलन का अनुभव होता है। यह गैस्ट्रिक बाईपास के बाद विटामिन बी के सही तरह से अवशोषण ना होने के कारण हो सकता है।

**डायबिटीक न्यूरोपैथी :** कई बार मधुमेह भी पैरों में जलन का कारण बन सकता है। इसके कारण नर्व डैमेज हो जाता है और व्यक्ति को बार-बार पैरों में जलन की शिकायत होती है।

# बेहद खतरनाक है हेपेटाइटिस बी की बीमारी

सबसे घातक हेपेटाइटिस बी को ही माना जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि हेपेटाइटिस बी की इस गंभीर बीमारी से भारत में हर साल लाखों लोग मौत के गाल में समा जाते हैं। इस जानलेवा बीमारी में सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके लक्षण आसानी से समझ में और पकड़ में नहीं आते हैं। जब इंसान जॉडिस (पीलिया) से ज्यादा दिन तक ग्रसित होता है तो उसे हेपेटाइटिस बी होने का ज्यादा संभावना होता है। आपको बता दें कि हेपेटाइटिस बी आपके लीवर से जुड़ी एक बेहद खतरनाक बीमारी है।

**इसके होने के प्रमुख कारण हैं :** अल्कोहल का ज्यादा सेवन करना, कुछ खास दवाओं का अधिक उपयोग करना और दूषित खानपान का आदत होना। ये आदत बेहद खतरनाक है जिससे ये बीमारी फैलती है। इस खतरनाक बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है और इंसान बेहद कमजोर हो जाता है। कई बार इस बीमारी में लीवर पर गंभीर प्रभाव पड़ता है जिससे व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। वैसे तो हेपेटाइटिस से आप बच भी सकते हैं क्योंकि इसका इलाज उपलब्ध है, लेकिन ध्यान रहे की हेपेटाइटिस के शुरूआती लक्षण नजर न आने के कारण खतरा बढ़ सकता है। हेपेटाइटिस को वायरस के आधार पर पांच प्रकार में बांटा गया है।

**जो इस प्रकार है :** हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई।

सबसे घातक हेपेटाइटिस बी को ही माना जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि हेपेटाइटिस बी की इस गंभीर बीमारी से भारत में हर साल लाखों लोग मौत के गाल में समा जाते हैं। इस जानलेवा बीमारी में सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके लक्षण आसानी से समझ में और पकड़ में नहीं आते हैं। हेपेटाइटिस बी एक तरह का वायरल इंफेक्शन है जो सीधे लीवर को बुरी तरह प्रभावित करता है। इस बीमारी से लीवर में सूजन हो जाती है। गरीब और विकासशील देशों के लिए यह बीमारी एक बहुत ही बड़ा खतरा है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के अध्ययन के मुताबिक, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड ने हेपेटाइटिस बी को काबू कर लिया है। लेकिन भारत में अभी यह बीमारी नहीं चिंता का विषय है। इस देश में असंख्य आबादी के शुद्ध खाना नहीं खाने और शराब के सेवन इस बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। बता दें कि इस बीमारी को रोकने के लिए 1982 से ही वैक्सीन मौजूद है। यह वैक्सीन 95 फीसदी तक इस बीमारी के खतरे को कम कर देती है।

**लक्षण :** हेपेटाइटिस बी के लक्षण को आसानी से समझना और पकड़ना मुश्किल है। इस खतरनाक बीमारी के शुरूआती दौर में आपको थकान महसूस होगा, खुलकर भूख नहीं लगेगा, उल्टी होगा, पेट में दर्द होगा, सिर में दर्द होगा, आंखों में पीलापन जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। इस बीमारी से लीवर बेहद संक्रमित हो जाता है और लीवर में सूजन आ जाती है। कुछ लोगों का लीवर भी काम करना बंद कर देता है जिससे उनकी मौत हो जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज व्यापार-धंधे में लाभ और नौकरी में आय में वृद्धि के योग रहेंगे, लेकिन नए कार्यों में शीघ्रता से बचें, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है। अनावश्यक खर्च बढने. की भी संभावना रहेगी।

**वृष राशि :** आज नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है। काम के प्रति सक्रिय रहें और सावधानी बरतें, क्योंकि अचानक असुविधाजनक स्थिति बन सकती है।

**मिथुन राशि :** आज सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में नए योजनाओं पर काम कर सकते हैं, जिससे अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी।

**कन्या राशि :** आज कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। कामकाज को लेकर छोटा प्रवास हो सकता है। नये कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और कार्यों में सफल रहेंगे।

**तुला राशि :** आज आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज कारोबार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी में निवेश का विचार करेंगे, जो लाभदायक सिद्ध होगा।

**धनु राशि :** आज पारिवारिक समस्याएं आएंगी। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की अधिकता से दिन भागदौड़ में बीतेगा। शारीकि रूप से थकान और अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कारोबार विस्तार की योजनाएं बना रहे हैं, तो नये कार्यों की शुरूआत से बचें।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। कारोबार विस्तार के लिए नये कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## सुरक्षा चूक के बाद पीएम का पहला पंजाब दौरा, मोदी बोले -

# 70 साल में 400 मेडिकल कॉलेज बने हमने आठ साल में 200 से ज्यादा बनाये

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** फिरोजपुर में पांच जनवरी को हुई सुरक्षा चूक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पहली बार पंजाब पहुंचे। उन्होंने मोहाली में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। उनके साथ पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित और सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल परिसर का जायजा लिया। वहां काम करनेवाले डॉक्टरों और स्टाफ से बात कर ग्रुप फोटो खिंचवाई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम देश की बेहतर हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रतिबिंब है। इस सेंटर से पंजाब और हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी लाभ मिलेगा।



पंजाब स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिवीरों और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत परंपरा की धरती है। पंजाब ने हर घर तिरंगा अभियान के दौरान भी इसे कायम रखा। पीएम ने कहा कि चंडीगढ़ पीजीआई में दूरदराज के इलाकों से लोग कैंसर समेत दूसरी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आते हैं। पीजीआई में भीड़ होने से मरीज और परिजनों को कई परेशानियां होती हैं। हिमाचल के विलासपुर में एम्स बन गया है। यहां कैंसर के इलाज के लिए बड़ी सुविधा हो गयी है। लंबे समय से देश में हेल्थकेयर के ऐसे सिस्टम की जरूरत थी, जो गरीब से गरीब व्यक्ति की चिंता करे। अच्छे हेल्थकेयर सिस्टम का मतलब सिर्फ चारदीवारी बनाना नहीं है। हेल्थकेयर केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। हेल्थ सेक्टर में जितना काम 7-8 साल में हुआ, उतना पिछले 70 साल में भी नहीं हुआ। 2014 से पहले 400 से भी कम मेडिकल कॉलेज थे। बीते 8 सालों में 200 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। पीएम ने कहा कि 6 मोर्चों पर केंद्र रिकॉर्ड निवेश कर रहा है। पीएम ने कहा कि गांवों में हेल्थ और वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। करीब सवा लाख सेंटर काम करना शुरू कर चुके हैं। पंजाब में भी 3 हजार सेंटर सेवा दे रहे हैं। इनमें 22 करोड़ लोगों की कैंसर से जुड़ी स्क्रीनिंग हो चुकी है। जिनमें से अकेले 60 लाख स्क्रीनिंग पंजाब में हुई है। इससे पहले सीएम भगवंत मान ने 5 जनवरी को फिरोजपुर में हुई पीएम की सुरक्षा चूक पर दुख जताया। सीएम भगवंत मान संबोधन के लिए खड़े हुए तो समर्थकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। हालांकि मान ने संबोधन जारी रखा। स्टेज पर पीएम के साथ सीएम मान के अलावा गवर्नर बीएल पुरोहित, सीएम भगवंत मान और सांसद मनीष तिवारी भी मौजूद हैं। केंद्र सरकार ने 660 करोड़ की लागत से यह अस्पताल बनवाया है। 300 बेड की क्षमता वाला यह हॉस्पिटल कैंसर के इलाज से जुड़ी मॉडर्न सुविधाओं से लैस होगा।

## सिसोदिया पर पात्रा का हमला, बोले -

# पहले घपला किया और अब इधर-उधर की कर रहे बातें

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब विधानसभा चुनाव में मोटे माल की जरूरत थी, इसलिए दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति पर बनाई गई एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को नजरअंदाज किया। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि विशेषज्ञ समिति ने आबकारी नीति में शराब की थोक बिक्री का काम निजी हाथों में ना देने के बजाय सरकार के ही हाथों में रखे जाने की सिफारिश की थी ताकि उसके राजस्व में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि पहले घपला किया, अब इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि शराब की खुदरा ब्रिकी का काम बड़ी कंपनियों को ना देकर लॉटरी



प्रणाली के माध्यम से व्यक्ति विशेष को दिया जाये। पात्रा ने आरोप लगाया कि लेकिन आप सरकार ने इन सिफारिशों को नजरअंदाज किया और थोक बिक्री का काम बड़ी निजी कंपनियों के हाथों में सौंप दिया, वह भी बगैर किसी नीलामी या सार्वजनिक नोटिस के।उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि पंजाब के चुनाव के समय मोटे माल की आवश्यकता थी। जिसने मोटा माल दिया... रिपोर्ट को दरकिनार कर उसे शराब का ठेका सौंप दिया गया।

## न्यूज गैलरी

### इजरायल, अमेरिका ने पहले साइबर वित्तीय सहयोग समझौते पर किये हस्ताक्षर

**यरुशलेम (एजेंसी)।** इजरायल और अमेरिका ने साइबर-वित्तीय सहयोग के लिए पहले समझौते पर हस्ताक्षर किये। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को इजरायली मंत्रालय और अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा हस्ताक्षरित समझौता दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और सहयोग को मजबूत करने में योगदान देगा। समझौते में वित्तीय साइबर सूचनाओं को साझा करना शामिल है, जैसे कि साइबर सुरक्षा, खतरे और वित्तीय प्रणालियों की लचीलापन को मजबूत करने के लिए कार्य पद्धति। बयान में कहा गया है कि दोनों देश संयुक्त सीमा पार साइबर-वित्तीय अभ्यास करने के लिए भी सहमत हैं। पहला अभ्यास इस साल के अंत में होने की उम्मीद है।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में आठ की मौत

**फैजाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के उत्तरी बदख्शां प्रांत में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मतीन ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह हादसा यावान जिले में आज दोपहर बाद उस वक्त हुआ, जब एक वाहन में सवार होकर यात्री पर्वतीय रास्ते से अपने यथास्थान पर जा रहे थे, उसी दौरान जरा सी चूक होने पर वाहन पलट गया, जिसमें सवार एक महिला और एक बच्चे सहित आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता महमूद शाह रसौली ने कहा कि पश्चिमी हेरात प्रांत के शिदंद जिले में सोमवार देर रात इसी तरह की एक और दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

### दिल्ली में लगाये जायेंगे एक हजार चंदन के पेड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से लाए जाने के बाद लुटियंस दिल्ली में चंदन के 1,000 पौधे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू हो गई है। इसके तहत, प्रथम चरण में लगाए जानेवाले पौधों को किसी तरह का नुकसान या चोरी होने से बचाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। योजना के मुताबिक, चंदन के पौधों को लगाए जाने के बाद सिक्योरिटी गार्ड चौबीसों घंटे इनकी सुरक्षा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में पहले से ही लोधी गार्डन, बुद्ध पार्क और तालकटोरा गार्डन जैसे पार्क एवं उद्यानों में चंदन के पेड़ हैं लेकिन यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर चंदन के पौधे लगाए जा रहे हैं। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आनेवाली आवासीय सोसायटी के पार्क, उद्यानों जैसे स्थानों पर लाल और सफेद चंदन के कुल एक हजार पौधे लगाए जाएंगे।

# महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भिड़े शिंदे और उद्धव गुट के विधायक

## मॉनसून सत्र के दौरान हंगामा, विपक्ष ने लगाये '50 खोके एकदम ओके' के नारे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा में मॉनसून सत्र का के पांचवें दिन बुधवार को सत्र की शुरुआत सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामे से हुई। उद्धव गुट और शिंदे गुट के विधायक आपस में भिड़ गये। दोनों गुटों ने एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की भी की। विधानसभा की सीढ़ियों पर विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नारे लगाए। उद्धव गुट के विधायकों ने शिंदे गुट के लिए '50 खोके... एकदम ओके' का नारा लगाया। इस नारे की आड़ में शिंदे गुट पर 50 करोड़ लेकर बिक जाने का आरोप लगाया गया। महंगाई और किसानों के मुद्दे उठाने और सरकार से जवाब



मांगने के लिए एनसीपी विधायक गाजर लेकर पहुंचे। गाजर को लेकर भी दोनों गुटों के बीच छीनाझपटी शुरू हो गई। दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने आगे आकर विधायकों को शांत कराया। इसके बाद ही सदन की कार्रवाई शुरू हो पाई।

### भाजपा विधायक ने की धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने की मांग

**भाजपा** विधायक नितेश राणे ने आज सदन में कहा कि राज्य के अहमदनगर में धर्म परिवर्तन के नाम पर नाबालिग लड़की पर अत्याचार हुआ है। ऐसी घटनाएं राज्य में बढ़ रही हैं। राणे ने कहा कि हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए लड़कों को बाकायदा रेट कार्ड दिया है, जिसके तहत इन लड़कों को पैसे मिलते हैं। राणे का कहना है कि हिंदू लड़कियों को राज्य में टारगेट किया जा रहा है और इसीलिए अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए।

# बाढ़ : पाकिस्तान ने अघोषित आपातकाल से निपटने के लिए मांगी सहायता

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मौजूदा राहत अभियान में 80 अरब रुपये की जरूरत है और नुकसान से उबरने के साथ-साथ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी सैकड़ों अरबों रुपये की जरूरत है।

पाकिस्तान में जुलाई से अब तक आई भारी बाढ़ में कम से कम 830 लोगों की जान जा चुकी है, ऐसे में सरकार ने मंगलवार को एक अंतर्राष्ट्रीय अपील शुरू करने का फैसला किया जिसमें बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए धन की मांग की गई। समाचारपत्र डॉन की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा पाकिस्तान में बाढ़ आपातकाल पर तत्काल ब्रीफिंग के दौरान किया गया, जिसे बाढ़ से हुए नुकसान का पुनर्मूल्यांकन करने और विकास भागीदारों तथा दानदाताओं को संकट की भयावहता से अवगत कराने के लिए बुलाया गया था। असामान्य मॉनसूनी बारिश के कारण हुई तबाही को कम करने के लिए सहायता के लिए बाहर की ओर देखने के अलावा प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद करने की भी अपील की क्योंकि सरकार को बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सैकड़ों अरबों रुपयों की आवश्यकता है।

## बलूचिस्तान और सिंध सबसे अधिक प्रभावित प्रांत



बैठक के दौरान योजना मंत्री ने बलूचिस्तान और सिंध की सरकारों से कहा- जो कि दो सबसे अधिक प्रभावित प्रांत हैं - आपदा से निपटने में मदद के लिए औपचारिक रूप से सेना की मांग की जाय। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने बैठक में बोलते हुए विनाशकारी बाढ़ के मद्देनजर तत्काल मानवीय और बचाव प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान अपने दम पर स्थिति का सामना करने में सक्षम नहीं है। सुश्री रहमान ने कहा कि अभी हम मूसलाधार मॉनसून के सातवें दौर में हैं, जिसमें हजारों लोग बेघर हो गये हैं, 830 लोग मारे गये हैं और 1,348 घायल हो गये हैं। बलूचिस्तान से, मॉनसून प्रणाली सिंध में चली गयी है जहां 30 जिले पानी के नीचे हैं। इसकी भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिंध में 395 फीसदी से ज्यादा और बलूचिस्तान में 379 फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है, जो औसत से ज्यादा है। सीनेटर ने मौजूदा आपदा की तुलना 2010 के भीषण बाढ़ से की, जिसने पाकिस्तान में तबाही मचायी थी और कहा कि सिंध के कम से कम 30 जिले, लगभग पूरा बलूचिस्तान और दक्षिण पंजाब एक अभूतपूर्व मानवीय आपदा का सामना कर रहे हैं।

# वैश्विक सुरक्षा के लिए संवाद और सहयोग अनिवार्य : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि विश्व वर्तमान में सर्वाधिक खतरनाक दौर से गुजर रहा है और वैश्विक शांति का एक मात्र रास्ता आपसी संवाद तथा सहयोग है। श्री गुटेरेस परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा अनुरक्षणः संवाद और सहयोग के माध्यम से सामान्य सुरक्षा को बढ़ावा देना के मुद्दे पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। महासचिव ने कहा कि इस वक्त दुनिया के सामने सबसे अधिक खतरा है। सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संवाद और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सामूहिक सुरक्षा की मांग है कि हम अपने सामने आनेवाले खतरों



और चुनौतियों की एक सामान्य समझ बनाने के लिए हर पल का उपयोग करें। श्री गुटेरेस ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम चुनौतियों के प्रति अपने संयुक्त उत्तरदायित्व को वास्तविकता की धारतल पर साकार करने के लिए प्रयत्नशील रहें। इस बैठक का मुख्य मुद्दा है कि शांति का मार्ग संवाद और सहयोग से बनता है। महासचिव ने कहा कि मैं अभी-अभी यूक्रेन, तुर्की और मोल्दोवा से लौटा हूं। मैंने ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव जो यूक्रेनी बंदरगाहों के माध्यम से अनाज और अन्य महत्वपूर्ण खाद्य आपूर्ति को फिर से प्राप्त करने की पहल है, उसका साक्षी बना। हमारे पास रूसी संघ से उत्पन्न होने वाले खाद्य और उर्वरकों के लिए वैश्विक बाजारों तक अबाधित पहुंच की सुविधा के लिए समानांतर में यह एक समझौता है।

# ज्ञानवापी मस्जिद मामले में 12 सितम्बर को तय होगा कि सुनवाई आगे होगी या नहीं

– आरएनएम

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी केस की मेरिट को लेकर चल रही सुनवाई बुधवार 24 अगस्त को पूरी हो गयी। अब 12 सितम्बर को इस पर फैसला आयेगा कि मामले की आगे सुनवाई जारी रहेगी या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर वाराणसी के जिला जज की अदालत में केस की मेरिट पर सुनवाई में हिन्दू और मुस्लिम पक्ष की ओर से दलीलें पेश की गयीं। बीते वर्ष सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में श्रृंगार गौरी के दर्शन-पूजन व ज्ञानवापी को सौंपने सम्बंधी मांग को लेकर वादी राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने गुहार लगायी थी। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने प्रार्थना पत्र देकर वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाया। अदालत ने प्रतिवादी की अर्जी को दरकिनार करते हुए वादी की मांग पर सुनवाई की।इसके बाद ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराकर रिपोर्ट तलब कर ली। इसके बाद अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मुस्लिम पक्ष की विशेष अनुमति याचिका पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर जिला जज की अदालत में सुनवाई चल रही है। 26 मई से शुरू सुनवाई में चार तिथि पर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की ओर से सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 07 नियम 11 (मेरिट) के तहत केस को खारिज करके लिए बहस की गयी। इसके बाद हिन्दू पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन व अन्य ने बहस की। मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से ज्ञानवापी परिसर को वक्फ की संपत्ति बताते हुए पक्ष में पत्रावली भी पेश की गयी। वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के विशेष आग्रह पर सुनवाई बुधवार की सुबह 11.30 से शुरू हुई।

**मुस्लिम पक्ष – केस सुनवाई योग्य नहीं :** मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की पूरी बहस का सार यही रहा कि देश की आजादी के दिन ज्ञानवापी मस्जिद का जो धार्मिक स्वरूप था, वह आज भी कायम है। उसका धार्मिक स्वरूप अब बदला नहीं जा सकता है। ऐसे में श्रृंगार गौरी केस मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है। लिहाजा ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित मसले की सुनवाई का अधिकार सिविल कोर्ट को नहीं बल्कि वक्फ बोर्ड को है।

**मस्जिद के पक्ष में पेश किये साक्ष्य :** इससे पहले मंगलवार को प्रतिवादी अधिवक्ता शमीम अहमद ने ज्ञानवापी मस्जिद को वक्फ की संपत्ति साबित करने के लिए संबंधित पत्रावलियां पेश कीं। बताया कि बादशाह आलमगीर ने ज्ञानवापी मस्जिद को दान में दिया था। यह प्रदेश शासन के गजट में सम्पत्ति दर्ज है। इससे साबित होता है कि ज्ञानवापी मस्जिद पुरानी है। 1944 में वाराणसी के तत्कालीन कमिश्नर ने वक्फ संपत्तियों का जो नोटिफिकेशन जारी किया था, उसमें भी ज्ञानवापी मस्जिद है। उन्होंने वर्ष 1995 के वक्फ एक्ट का हवाला दिया कि प्रश्नगत वाद, जो ज्ञानवापी से संबंधित है, वक्फ सम्पत्ति होने के कारण सिविल न्यायालय को सुनने का अधिकार नहीं है। इसके समर्थन में दूसरे अधिवक्ता रईस अहमद ने 1995, 1960, 1936 के सेंट्रल वक्फ एक्ट का हवाला दिया। कहा कि वादी महिलाओं ने अब तक ऐसा साक्ष्य नहीं दाखिल किया है, जिसमें कहा गया हो कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति नहीं है। प्रतिवादी अधिवक्ताओं ने कहा कि वादी ने पूजा के अधिकार की जो मांग की है, वह तार्किक नहीं है। मस्जिद वक्फ की संपत्ति पर बनी है। ऐसे में यहां किसी देवता के होने की बात न कही जा सकती है और न ही यहां पूजा की अनुमति दी जा सकती है।

# राजा सिंह के वकील को मिली धमकी, तीन बार यूएई से आया फोन

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पैगम्बर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करनेवाले भाजपा विधायक टी राजा सिंह के वकील को यूएई से धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, उनके वकील के पास धमकी भरे तीन कॉल आये हैं। राजा सिंह की विवादित टिप्पणी के बाद पूरे हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन जारी हैं। उन्हें मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया था, लेकिन रात तक उन्हें जमानत मिल गयी। इसके विरोध में रातभर चले प्रदर्शनों में एक सब-इंस्पेक्टर समेत चार लोग घायल हो गये। बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं ने गोशामहल की तरफ मार्च करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। प्रदर्शन की खबरें



अंबरपेट, तल्लबकट्टा, मोगलपुरा, खिलवत, बहादुरपुरा और चंचलगुडा से आयी हैं। भाजपा ने टी राजा सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं में केस दर्ज हुआ था। कोर्ट ने पहले उन्हें को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में कोर्ट ने रिमांड ऑर्डर वापस लेते हुए उन्हें बेल दे दी। टी राजा ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। बयान के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके विरोध में सड़कों पर उतरे थे। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

## भीड़ ने लगाये सिर तन से जुदा के नारे

**टी** राजा के बयान के खिलाफ सोमवार रात से ही हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन जारी हैं। नाराज भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए गोशामहल से एमएलए टी राजा की गिरफ्तारी की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने टी राजा के बयान की तुलना पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान से की थी। प्रदर्शनकारियों ने दबीरपुरा पुलिस स्टेशन में टी राजा सिंह के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों में से भी कई लोगों को हिरासत में लिया था। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर ऑफिस, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ऑफिस और पुराने पुलिस कमिश्नर ऑफिस के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### देश को आर्थिक मंदी में लाकर गरीबों का निवाला छीना : सतीश पॉल मुंजीनी



रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस द्वारा देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में महंगाई चौपाल एवं नुकड़ नाटक कर आम नागरिकों को बढ़ती महंगाई को लेकर जागरूकता अभियान पुरे प्रदेश में कर रही है इस मौके पर खिजरी विधानसभा के टाटी सिलवे एवं अनगढ़ा ब्लॉक में चौपाल लगाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजीनी ने केंद्र सरकार के नीतियों एवं महंगाई पर आम नागरिक को छलने की बात कही साथ ही खुदरा खाद्य पदार्थो पर जीएसटी लगाकर आम लोगों का निवाला छीनकर एवं युवाओं के रोजगार के नाम पर ठगने की काम कर रही है के वारे में जागरूक किया। केंद्र सरकार को पूंजीपतियों का सहयोगी बताया।

### जमीन मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन अब 20 सितंबर को

रांची। नक्शा विचलन से जुड़े 11 साल पुराने मामले में आरोपियों के खिलाफ अब 20 सितंबर को आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। बुधवार को मामले में आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी। लेकिन अदालत से समय की मांग की गई। सीबीआई कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए 20 सितंबर की तारीख निर्धारित की। बता दें कि मामले में रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश कुमार, जगन्नाथ लाइफ केयर अस्पताल के निदेशक डॉ.सुधीर कुमार के साथ सुरेंद्र नाथ मंडिलवार, राम कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, अनुपम तिर्की, बिनोद कुमार सिंह के खिलाफ सीबीआई ने 25 मार्च 2011 को केस दर्ज किया था। मामले में पिछले सप्ताह पांच आरोपियों की आरोप मुक्त याचिका खारिज कर दी गई थी।

### लाइट हाउस के आधे लाभुकों ने जमा नहीं की पहली किस्त

रांची। धुर्वा के आनी में बन रहे पीएम लाइट हाउस योजना के आधे लाभुकों ने अब तक पहली किश्त की अग्रिम राशि जमा नहीं की है। ऐसे में अब उनके पास सिर्फ चार दिन का समय शेष है। इस बीच अगर उन्होंने 20 हजार रुपये जमा नहीं किए तो उनके आवास का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि इसे लेकर निगम ने आम सूचना भी जारी थी। इसके बावजूद लाभुकों की संख्या में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है। बता दें कि धुर्वा में लाइट हाउस योजना के तहत 1008 आवासों का आवंटन किया गया है। इन लाभुकों को 28 अगस्त तक पहली किश्त की अग्रिम राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अब तक निगम के खाते में आधे लाभुकों ने ही राशि जमा की है। निगम के मुताबिक एक हजार आठ में से लगभग छह सौ लाभुकों ने बुधवार देर शाम तक पैसे जमा किए थे।

### आधार के जरिए सरकार अत्यधिक योजनाओं को करेगी शामिल : विकास आयुक्त

रांची। आधार के उपयोग को सरल बनाने को लेकर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय में एकदिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला हुई। आयोजन राज्यों द्वारा आधार के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आधार के तहत और अधिक योजनाओं को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार इस पर काम कर रही है। योजना एवं विकास विभाग के सचिव राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में आधार ने सरकारी अधिकारियों को विभिन्न सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के वितरण के लिए सीधे लाभुकों तक पहुंचने में मदद की है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सचिव हिमानी पांडेय ने बताया कि आधार ने जीवन को आसान बनाया है और इससे सरकारी योजनाओं की निगरानी भी संभव हो रही है। संबोधन में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि आधार की मदद से हम डुप्लीकेट को खत्म करने में सक्षम हैं।

### उपायुक्त ने टेक्निकल व सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में योजनाओं की ली जानकारी

# सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर ससमय कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त विशाल सागर, निदेशक एनईपी, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनईआरपी -1 एवं 2, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल



एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत रुप से समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सड़क निर्माण विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में 15 से अधिक सड़कों पर नया निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। तीन प्रमुख सड़कें सिरम टोली से मेकॉन गोलचक्कर तक एलिवेटेड रोड, अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक रोड के चौड़ीकरण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करना, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उपायुक्त द्वारा ली गयी। परियोजनाओं के ससमय पूर्ण किये जाने को लेकर उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिन स्कीम में स्वीकृति मिल चुकी है वहां जल्द से जल्द सभी विभागों को टेंडर निकालने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां टेंडर हो गया है वहां टेंडर फाइनल करायें और अगर फाइनल हो गया है तो जल्द से जल्द एग्रीमेंट कराकर कार्य प्रारंभ करायें उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिन स्कीम में कार्य पूरा हो गया है उन्हें यथाशीघ्र एमआईएस में क्लोज करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि फाइनल पेमेंट पेंडिंग या फर्निशिंग वर्क पेडिंग जो भी कारण हो उनका निष्पादन जल्द से जल्द करते हुए स्कीम को क्लोज करें।

### धुर्वा में डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण, 13 में मात्र दो ही दुकानें खुली मिलीं

**रांची।** रांची डीएसओ अलबर्ट बिलूंग ने बुधवार को धुर्वा स्थित 13 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मात्र दो पीडीएस दुकानें ही खुली पायी गयीं। शेष 11 दुकानें बंद मिलीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीएसओ श्री बिलूंग ने कहा कि पीडीएस दुकान के मालिकों को नोटिस जारी किया जायेगा। साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। प्रतिदिन 10 पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया जायेगा। डीएसओ खुद भी पीडीएस दुकाओं का निरीक्षण करेंगे। श्री बिलूंग ने बताया कि कार्यालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पीडीएस दुकानें नियत समय पर नहीं खुल रही हैं। जिससे लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल पा रहा है।

### अभिभावक-शिक्षक प्रबन्धन गोष्ठी का भव्य आयोजन

## झारखंड सरकार के निदेशालोक में राज्य के विद्यालयों में 24 और 25 अगस्त को पीटीएम का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पंडरा में भव्य तरीके से स्कूली बाल संसदीय मंत्रिमंडल द्वारा पुष्पवर्षा के साथ सभ्य सुसंस्कृत तरीके से चरणवन्दन के साथ गोष्ठी में भाग लेने के लिए विद्यालय में उपस्थित 577 अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया तथा विद्यालय के शिक्षकों के आठ सदस्यीय दो दलों द्वारा एजेंडावार विस्तृत परिचर्चा करते हुए बच्चों, विद्यालय एवं समाज के सर्वांगीण विकास में सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। लगभग 1500 बच्चों के अभिभावकों की पीटीएम में प्रतिभागिता इस आयोजन की सफलता को प्रतिपादित करता है। विद्यालय के बाल संसद एवं ईको क्लब सभागार में कुल 10 शिफ़्ट में गोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राचार्य अशोक प्रसाद सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अर्पणा सिंह अध्यक्षा सहित सभी



प्रबन्धन समिति सदस्यों ने उत्क्रमित मॉडल स्कूल के रूप में विद्यालय की पहचान बनाने में अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें शतप्रतिशत नामांकन, बच्चों की अधिकाधिक नियमित उपस्थिति, परीक्षाओं में प्रतिभागिता, धूम्रपान निषेध क्षेत्र और नशामुक्ति अभियान के साथ साथ कोरोना वैक्सिनेशन सहित सामाजिक और शैक्षिक सरोकारों से सम्बंधित दर्जनों विषय वस्तुओं पर सहगामी होकर स्वैच्छिक अपेक्षित सहयोग के लिये आगे आने का आवाहन किया और अंत में उपस्थिति, स्वच्छता और नशामुक्ति के लिये सामूहिक शपथ तथा संकल्प के साथ गोष्ठी समाप्त की जाती रही।

## झारखंड के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं सिर्फ उन्हें निखारने की जरूरत है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** चंदनकियारी के युवा खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि सुविधा और सही मार्गदर्शन मिले तो ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम ऊंचा कर सकते हैं। चंदनकियारी के तीरंदाज गोल्डी मिश्रा और अनु सिंह का गुजरात में होने वाले नेशनल गेम में चयन यह साबित करता है कि अब चंदनकियारी का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जाना जाएगा। उक्त बातें चंदनकियारी विधायक सह पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहीं। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के लिए यह गर्व का विषय है कि पहली बार तीरंदाजी के क्षेत्र में गोल्डी मिश्रा और अनु सिंह ने महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग के लिए नेशनल गेम्स में चयन हुआ है। जिसमें गोल्डी मिश्रा ने पहला स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया वहीं अनु सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर गुजरात में होने वाले नेशनल गेम्स में क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि चंदनकियारी की धरती से बेहतरीन खिलाड़ी निकले इसके लिए पिछली सरकार ने पहले तीरंदाजी डे बोर्डिंग को शुरू किया और उसके बाद फुटबॉल और एथलेटिक के साथ तीरंदाजी डे बोर्डिंग को बोर्डिंग में बदल कर प्रशिक्षण शुरू करवाया। वहीं खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए चंदनकियारी में ही एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का झारखंड का पहला ब्लू सिंथेटिक वाला स्टेडियम का निर्माण करवाया, जो कुछ दिनों में बन कर पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार के खेल मंत्री, खेल सचिव और खेल निदेशक से आग्रह किया कि खिलाड़ियों को वर्तमान में हो रही परेशानियों को देखते हुए सभी खेलों की खेल सामग्री को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाया जाए ताकि खिलाड़ी अपना बेहतरीन प्रदर्शन आने वाले प्रतिस्पर्धा में कर सके।

### ग्रामीण विकास, वन एवं जल वायु विभाग व नागर समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में लिया भाग

## झारखण्ड कुछ राज्यों में से एक है, जहां इस यन्त्र को बढ़ावा दिया जा रहा है: अलेक्स एलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास, वन एवं जल वायु विभाग, एवं नागर समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को एक तकनीकी कार्यशाला में भाग लेकर झारखण्ड जलवायु सूचना प्रणाली एवं योजना निर्माण यन्त्र (जेएचएआर-सीआरआईएसपी) के झारखण्ड में क्रियान्वयन के लिए चर्चा में भाग लिया। यह कार्यशाला विगत मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं ब्रिटेन के राजदूत श्री अलेक्स एलिस के द्वारा लोकार्पण के फलस्वरूप किया गया। इस यन्त्र को इंटरनेशनल इंस्टीच्यूट फॉर इभोरमेंट एंड डवलपमेंट एवं विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साझा प्रयास से विकसित किया गया हैं जिसमे सूखे कि स्थिति में



पूर्व सूचना प्रणाली भी शामिल हैं। यह यन्त्र ग्रामीण समुदाय को भूगर्भ जलीय स्थिति में बदलाव, जल बहाव, वर्षा पैटर्न इत्यादि में बदलाव एवं भविष्य में होने वाली जलवायु की स्थिति को दर्शाता हैं, जिससे जल संरक्षण हेतु दीर्घ कालिक योजना निर्माण में सहायता मिलती हैं। झारखण्ड कुछ विशेष राज्यों में से एक है, जहां इस यन्त्र को बढावा दिया जा रहा हैं। इसके क्रियान्वयन से ग्रामीण समुदाय को जलवायु परिवर्तन से जूझने एवं तैयार रहने में मदद मिलेगी। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, डॉ राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं श्री मनीष रंजन, सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड ने भाग लिया। अपने विशेष संबोधन में श्री एन एन सिन्हा ने झारखण्ड में जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र के महत्व को बताया। कहा, इससे सतत विकास हो सकेगा। श्री राजीव अरुण एक्का ने कहा कि इस यन्त्र से योजना निर्माण में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी,

■ अपने विशेष संबोधन में श्री एन एन सिन्हा ने झारखण्ड में जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र के महत्व को बताया।

जिससे मनरेगा कार्यक्रम को और बल मिलेगा। श्री मनीष रंजन ने कहा कि इस यन्त्र के माध्यम से योजना निर्माण से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं परिणाम में बदलाव देखा जा सकेगा। आईआईईडी यूकेकी मुख्य शोधकर्ता ने जेएचएआर-सीआरआईएसपी की विशेषताओं पर बल देते हुए कहा कि इससे सूखे कि स्थिति से बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा। श्री अबू बककर सिद्दीकी, सचिव, कृषि विभाग झारखण्ड सरकार ने जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र को कृषि विभाग के लिए भी उपयोगी बताया।

## पृष्ठ एक के शेष

**प्रेम के ठिकानों पर छापे...**

में अलमारी का ताला तोड़ा तो रेक में दो एके 47 मिले। ईडी ने हथियार की बरामदगी के बाद मामले की जानकारी अपने आला अधिकारियों व रांची पुलिस को भी दी।

**जांच के लिए पहुंचे ज्वाइंट डायरेक्ट व रांची पुलिस की टीम :** एके 47 की बरामदगी के बाद ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, रांची पुलिस के सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक व अरगोड़ा थानेदार विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। जांच के बाद बाहर निकलने पर अरगोड़ा थानेदार ने कबूल किया कि हथियार रांची पुलिस के जवानों के हैं।

**सांसद ने किया चौंकाने वाला दावा :** सांसद निशिकांत दूबे ने हथियार बरामदगी के मामले में चौंकाने वाला दावा किया है। निशिकांत दूबे ने कहा है कि प्रेम प्रकाश के जिस फ्लैट में हथियार मिले हैं, वह पिछले 25 दिनों से बंद था। सांसद दूबे ने दावा किया है कि एनआईए इस मामले में जांच करेगी तो पूरे महकमे में भूचाल आयेगा।

**एनआईए जांच की मांग को लेकर...**

था? जिस स्थान पर पदस्थापित था वहां से पैदल आ रहा था या गाड़ी से? हथियार के साथ सिपाही मुख्य सड़क से घर जाते हैं या गली मुहल्ले घूमते हुए। बाबूलाल मरांडी ने मांग की है कि पुलिस इन बाडीगार्डस/हथियार के ढ़ाई सालों के पदस्थापन/आवंटन का पूरा विवरण बताये। सबकुछ शीशे की तरह दिख जायेगा। बाबूलाल ने सवाल उठाते हुए कहा है कि निर्लज्जता की भी एक सीमा होती है। सुना है दलालों के सरगना प्रेम प्रकाश को बचाने के लिए पुलिस फिल्मी कहानी की पटकथा लिख रही है। बॉडीगार्ड्स के नाम एके-47, तैनाती किसी दूसरे के साथ, काम किसी तीसरे के साथ और मालखाना प्रेम प्रकाश का घर।

**एनआईए जांच की मांग की :** बाबूलाल मरांडी के अलावा गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने हथियार बरामदगी की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने गृह मंत्रालय व एनआईए को टैग करते हुए लिखा है कि सरकारी हथियारों का भी अवैध गलत इस्तेमाल करवाया जा रहा होगा? और हो न हो उग्रवादियों-आतंकवादियों तक की सरकारी हथियारों तक पंहुच होगी ऐसे में एनआईए इस मामले को गंभीरता से ले और गहरायी से इसकी जांच करे। बिचौलिये प्रेम प्रकाश के घर ईडी के छापे में एके-47 का मिलना, ये दर्शाता है कि सत्ता का ये खेल ना सिर्फ रिश्वतखोरी से जुड़ा है, बल्कि राजनीति का अपराधीकरण और आतंकवाद से भी जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। निशिकांत दूबे ने भी एनआईए जांच की मांग करते हुए लिखा है कि हथियार बरामदगी की जांच एनआईए को अपने हाथ लेना चाहिए।

**सरयू राय ने भी लगाया गंभीर आरोप :** सरयू राय ने पूरे मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसा लगता है कि झारखंड सरकार के पुलिस महकमे में गैंग ऑफ वासेपुर कायम हो गया है। प्रेम प्रकाश के घर से मिले दो एके-47 रायफलों की जांच एनआईए को सौंपी जाये, दोषियों पर कारवाई हो, भले ही वे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हों। सरयू राय ने कहा कि प्रेम प्रकाश की आलमारी में रखे दो एके-47 राइफल बताते हैं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार आपराधिक आयाम ले चुका है।

**सब को अपना हक-अधिकार दे रही...**

रहेगी। उसी प्रकार आंगनबाड़ी सहायिकाओं को केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 1350 रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से क्रमशः 3400 रुपये की साझेदारी का प्रावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के लघु आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका एवं सहायिकाओं को भी क्रमशः 9500 तथा 4750 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। जिसमें लघु आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 2100 एवं राज्य सरकार क्रमशः 7400 रुपये भुगतान की हिस्सेदारी के साथ 9500 रुपये प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी नियमावली के तहत राज्य सरकार सभी आंगनबाड़ीकर्मियों का भविष्य निधि खाता खोलते हुए मानदेय का छह प्रतिशत राशि अलग से जमा करायेगी। उन्होंने कहा कि अब आंगनबाड़ी कर्मियों को भी अनुकंपा का लाभ दिये जाने का प्रावधान किया जा रहा है। मौके पर मंत्री जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता, आलमगीर आलम, जगरनाथ महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**कैबिनेट का फैसला, 50 हजार...**

(आरओबी) के निर्माण कार्य के लिए आवश्यक राशि की अग्रिम निकासी कर राशि (भू-अर्जन की राशि को छोड़कर) रेलवे को उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गयी।

**खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ अब 20 लाख को :** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आच्छादित होनेवाले लाभुकों की अधिकतम संख्या 15 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने की स्वीकृति दी गयी। जबकि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के लाभुकों को अप्रैल, 2022 से सितम्बर, 2022 तक के अवधि के लिए पांच किलोग्राम खाद्यान्न प्रति लाभुक प्रतिमाह मुफ्त वितरित करने हेतु खाद्यान्न के परिवहन, हथालन एवं वितरण कार्य हेतु राज्य सरकार पर संभावित व्यय राशि रु. 36.00 करोड़ मात्र की स्वीकृति दी गयी।

**पुलिसकर्मियों का क्षतिपूर्ति अवकाश पुनः बहाल :** झारखंड पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों में से चतुर्थवर्गीय कर्मी, सिपाही, हवलदार, सहायक अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक एवं निरीक्षक देय एक माह के मूल वेतन के बराबर मानदेय भुगतान के संबंध में क्षतिपूर्ति अवकाश की देयता को पुनः बहाल करने की स्वीकृति दी गयी। स्पेशल ऑक्जलरी पुलिस के दोनों वाहिनियों का कार्यकाल विस्तार एवं अनुबंध पर कार्यरत पदाधिकारियों-कर्मियों के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी। वहीं, विशिष्ट इंडिया रिजर्व (आदिम जनजाति) बटालियन में आरक्षी के पद पर नियुक्ति हेतु अधिसूचित नियम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

**एनजीओ विद्यालयों के संचालन की स्वीकृति :** राज्य योजनान्तर्गत विभिन्न स्कूलों, पुर्नवास केन्द्रों, छात्रवासों और गृहों का योजना से स्वयंसेवी संस्थानों के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए मूक-बधिर एवं स्पेष्टीक विद्यालयों के संचालन की स्वीकृति दी गयी। वहीं, झारखंड प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए राज्य में अवस्थित राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 10 तक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने विषयक नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गयी। वहीं, झारखंड पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्रा को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने विषयक नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गयी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग के युवाओं को ऋण-सह-अनुदान उपलब्ध कराने ऋण की वसूली गारंटर के लिए मापदंड का निर्धारण एवं ईएमआई की गणना की स्वीकृति दी गयी।

**स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 1990 पदों का सृजन :** राज्य में नवसृजित 134 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकलकर्मियों के कुल 1990 पदों का सृजन एवं 1990 पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति दी गयी। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट न्यास परिषद-प्रबंधकीय समिति द्वारा अनुशंसित राज्य के खनिज क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था के निमित्त पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़ अंतर्गत सोसोकला-हेमन्तपुर एवं आसन्न ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के प्रथम पुनरीक्षित राशि रुपये 3179.04000 लाख मात्र पर योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति एवं पुनरीक्षण के फलस्वरुप वर्धित राशि रुपये 609.51500 लाख मात्र पर व्यय की स्वीकृति दी गयी।

**लोगों में नशा मुक्ति की...**

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज से ही स्वस्थ झारखंड की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वे किसी भी तरह का नशा नहीं करते हैं। जिसके कारण उनकी इम्युनिटी पावर मजबूत हैं और इसी वजह से वे आज मौत के मुंह से निकल कर जीवित खड़े हैं। इसलिये उन्होंने लोगों को नशा छोड़ने और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने की सलाह दी।

**झारखंड के लोगों का स्वास्थ्य सर्वोपरि :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से झारखंड के लोगों को बचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने राजस्व नुकसान की परवाह किये बगैर लोगों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखा है और तम्बाकू को राज्य में प्रतिबंधित किया है। फूड सेफ्टी एक्ट के तहत सरकार ने 11 नामजद तम्बाकू पदार्थों को राज्य में प्रतिबंधित किया हैं। तम्बाकू उन्मूलन अभियान को सख्ती के साथ लागू किया है। डब्लूएचओ ने भी झारखंड में तम्बाकू उन्मूलन अभियान के कार्य को प्रोत्साहित किया है। हमें सम्मानित किया है और पुरस्कृत भी किया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू उन्मूलन अभियान से पहले झारखंड में 50 प्रतिशत लोग तम्बाकू का सेवन करते थे, परंतु सभी के अथक प्रयास के बाद अब यह घट कर 38.9 प्रतिशत पर आ गया है। कहा, हमें और प्रयास करने की जरूरत है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशा सेवन के अभिशाप से मुक्त कर पायें। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को तम्बाकू सेवन से मुक्ति हेतु कई प्रयास किये जा रहे हैं, जिसमें स्कूल परिसर के 100 गज के दायरे में किसी तरह के तम्बाकू की खरीद बिक्री पर पूरी तरह रोक है। कोटपा कानून लागू है, जिसमें सजा के प्रावधान है। कार्यक्रम में निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार सहित अन्य पदाधिकारिगण एवं ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्कूल जगन्नाथपुर, रांची के बच्चे उपस्थित थे।

**सरकार राजनीतिक दलों के मुफ्त में...**

चुनाव से तुरंत पहले शुरू किये गये हैं, जैसे कि चुनाव से छह माह पहले सत्ताधारी दल द्वारा किये गये कार्यक्रम।

**सॉलिसिटर जनरल बोले- कई दलों की जीत की संभावना नहीं, फिर भी कर रहे वादे :** केंद्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसे राजनीतिक दल हैं, जो राज्य या केंद्र में सत्ता में नहीं आ सकते हैं और ऐसे वादे कर रहे हैं। मुख्य बात यह है कि क्या मतदाता के पास ऐसा माहौल होगा जहां वह एक निर्णय ले सकेगा। यह किसी पार्टी के शासन करने या हारने का सवाल नहीं है। क्या आप चांद को चुनने का वादा कर सकते हैं? पीठ ने पूछा कि भारत सरकार इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला सकती है, इस पर मेहता ने कहा कि राजनीतिक दल पहले से ही शीर्ष अदालत के समक्ष दावा कर रहे हैं कि यह उनका अधिकार है। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया, कुछ राजनीतिक दल सोचते हैं कि मुफ्त उपहार देना उनका मौलिक अधिकार है और केवल मुफ्त की पेशकश करके सत्ता में आये हैं। पीठ ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि समिति का नेतृत्व कौन करेगा। सीजेआई ने कहा, आखिरकार केवल राजनीतिक दल ही वादे करेंगे और चुनाव लड़ेंगे, कोई व्यक्ति नहीं। मान लीजिए, अगर मैं चुनाव लड़ता हूं, तो मुझे दस वोट भी नहीं मिलेंगे। ऐसा है हमारा लोकतंत्र।

**धार्मिक व सामाजिक संस्थानों की...**

देश की दूसरी सभी संस्थाओं के लिए एक आदर्श बनेगा, आदर्श बनकर उभरेगा। हमारे कई दूसरे धार्मिक संस्थान इस तरह के इंस्टीट्यूट्स चला भी रहे हैं, कई संकल्पों पर काम कर रहे हैं। हमारे प्राइवेट सेक्टर पीपीपी मॉडल के साथ साथ आध्यात्मिक प्राइवेट पार्टनरशिप को भी आगे बढ़ा सकते हैं, ऐसी संस्थाओं को संसाधन उपलब्ध करवाकर उनकी मदद कर सकते हैं। पीएम ने कहा कि अम्मा प्रेम, करूणा, सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। वह भारत की आध्यात्मिक परंपरा की वाहक हैं। उनका जीवन संदेश हमें महाउपनिषदों में मिलता है। पीएम ने कहा कि अम्मा ने स्वच्छ भारत और नमामि गंगे अभियान में भी अहम योगदान दिया है। पीएम ने कहा कि यह भी पुरातन समय के जैसे एक तरह का पीपीपी मॉडल है। मैं पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नहीं, इसे परस्पर प्रयास के तौर पर देखता हूं। पीएम ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रभावी पीपीपी मॉडल तैयार किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि हरियाणा ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। हर घर को नल से जल में भी हरियाणा सबसे आगे है। फिटनेस और खेल हरियाणा की रगों, संस्कारों, मिट्टी में है। खेल के मैदान में हरियाणा तिरंगे की शान बढ़ा रहा है। इसी आधार पर दूसरे राज्यों में भी कम समय में परिणाम हासिल कर रहे। इस मौके पर मां अमृतानंदमयी, स्वामी अमृतास्वरूपानंद पुरी, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुज्जर और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# युवराज ने मुझे कहा कि जमने के बाद अंत तक खेलने का प्रयास करो : गिल



**हरारे (एजेंसी)।** भारत के प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा है कि पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने उन्हें कहा था कि क्रीज पर जमने के बाद अंत तक बल्लेबाजी करने का प्रयास करो। युवराज की यह सलाह गिल के काफी काम आयी और उन्होंने यहां जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा। गिल ने सोमवार को 97 गेंद में 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 130 रन की पारी खेली जिससे भारत ने जिंबाब्वे को 13 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। उनकी इस पारी की युवराज सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने सराहना की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा डाले गये वीडियो में गिल ने कहा- जिंबाब्वे आने से पहले मैं उनसे (युवराज) मिला था और उन्होंने मुझे कहा कि तुम अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हो। वहां जाओ और अगर क्रीज पर जम जाओ तो पूरे ओवर खेलने का प्रयास करो। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें कहा कि शतक नहीं आ रहा और उन्होंने कहा कि चिंता मत करो, यह बनेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में नाबाद 98 रन बनाने के बाद बारिश के कारण शतक से महरूम रहे गिल युवराज और विराट कोहली के बाद विदेशी सरजमीं पर शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये गिल ने बातचीत के दौरान इशान किशन से कहा- यह बल्लेबाजी के लिए एक अच्छा विकेट था। मुझे आपका साथ मिला और भाग्य मेरे पक्ष में था। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं इस अवसर का अधिक से अधिक फायदा उठाऊं और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। जिंबाब्वे के बल्लेबाज सिकंदर रजा ने भी 95 गेंद में 115 रन की पारी खेली और अपनी टीम को जीत की ओर ले गए लेकिन इसके बाद गिल ने लांग आन में उनका शानदार कैच लपका जिसके बाद भारत 13 रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा। गिल ने कहा- मुकाबला काफी कड़ा था। हमें उम्मीद नहीं थी कि मुकाबला इतना करीबी रहेगा लेकिन यही क्रिकेट है। जब गेंद हवा में थी तो पहले मैं सोच रहा था कि गेंद आसानी से मेरे पास आएगी। लेकिन गेंद नीचे गिर रही थी और मैंने सिर्फ इसे पकड़ने के लिए गोता लगाया।

## डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा, हुई पुष्टि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक-2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड के लौसेन में 26 अगस्त से होने वाली डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की। जर्मनी में अपनी चोट का इलाज करवा रहे नीरज ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मजबूत और शुक्रवार के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। आपसे लौसेन में मिलते हैं!' गौरतलब है कि भारत के जैवलिन-थ्रो खिलाड़ी नीरज पिछले महीने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें एक महीने के आराम की सलाह दी गई थी। नतीजतन, वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे।

# चेतेश्वर पुजारा का रॉयल लंदन कप में तीसरा शतक, 90 गेंदों में ठोके 132 रन



**होव (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रॉयल लंदन एकदिवसीय कप में मंगलवार को यहां अपना तीसरा शतक जड़ा। ससेक्स का प्रतिनिधित्व कर रहे पुजारा की 90 गेंद में 132 रन की आतिशी पारी से टीम ने मिडिलसेक्स के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट पर 400 रन बनाए। टीम की कप्तानी कर रहे पुजारा ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज टॉम एलसोप ने 155 गेंद में 189 रन की पारी खेली। पुजारा और एलसोप ने तीसरे विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इससे पहले वॉरविकशर के खिलाफ 107 और सरे के खिलाफ 174 रन बनाए थे। यह उनके लिस्ट-ए करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार बल्लेबाजी के दम पर पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच में भारतीय टीम में वापसी की थी।

आबूधाबी मास्टर्स शतरंज

## भारत के अर्जुन ने बनायी सयुंक्त बढ़त



©NIKLESH JAIN CHESSBASE INDIA

**आबूधाबी (एजेंसी)।** भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें ओलंपियाड में अपराजित रहते हुए व्यक्तिगत रजत पदज जीतकर अपनी क्षमता साबित की थी और 2700 रेटिंग को पार करनेवाले भारत के सातवें खिलाड़ी बन गए थे और उन्होंने अपनी इसी लय को बनाए रखते हुए आबूधाबी मास्टर्स शतरंज मे छह राउंड के बाद यूएसए के रेबसन रे के साथ सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है। अर्जुन ने अबतक खेले गये छह मुकाबलों मे 4 जीत और 2 ड्रॉ के साथ पांच अंक बनाए और 2856 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए लाइव रेटिंग मे 2714 अंको के साथ विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, अब भारत में उनसे ज्यादा रेटिंगवाले खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद ( 2756 ), डी गुकेश ( 2728 ) और पेंटाला हरीकृष्णा ( 2716 ) है जबकि विदित गुजराती ( 2710 ) के साथ पांचवे स्थान पर है। अर्जुन नें तीसरे राउंड में सर्बिया के इंडजीक अलेक्जेंडर और छठे राउंड में हमवतन रौनक साधवानी पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की है।

# न्यायमूर्ति चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी बीसीसीआई मामलों की सुनवाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड से जुड़े मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बीसीसीआई मसलों पर नौ अगस्त 2018 को पिछला फैसला तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और चंद्रचूड की पीठ ने दिया था। न्यायमूर्ति मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब न्यायाधीश मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं तो न्यायाधीश चंद्रचूड दो और न्यायाधीशों के साथ मामले की सुनवाई करेंगे। न्यायालय ने 21 जुलाई को वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को बीसीसीआई मामलों में सहायता के लिये न्यायमित्र नियुक्त किया था और पदाधिकारियों के कार्यकाल संबंधी मसले पर अपने संविधान में संशोधन की बीसीसीआई की अपील पर मामले की सुनवाई आज तय की थी।

बीसीसीआई पदाधिकारियों के कार्यकाल के मसले पर अपने संविधान में संशोधन करना चाहता है। इसके तहत बीसीसीआई और प्रदेश संघों में पदाधिकारियों के दो कार्यकाल के बीच विश्राम का समय हटाना शामिल है। इन पदाधिकारियों में बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह शामिल है। संविधान में संशोधन से वे अपने अपने प्रदेश संघों में छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बावजूद पद पर बने रह सकेंगे। इससे पहले न्यायाधीश आरएम लोढा की अगुवाई वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधारों की अनुशंसा की थी जिसे न्यायालय ने मान लिया था। बीसीसीआई के मौजूदा संविधान के तहत प्रदेश संघ या बीसीसीआई में लगातार दो कार्यकाल के बीच तीन साल का विश्राम समय जरूरी है। गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के पदाधिकारी थे और शाह गुजरात क्रिकेट संघ के साथ थे।

# विश्व चैम्पियनशिप : अर्जुन-कपिला प्री क्वार्टर फाइनल में, पोनप्पा-रेड्डी बाहर



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21.17, 21.16 से हराया। अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनटमें 21.15, 21.10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई। शाम को एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत पुरूष एकल में जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरूष युगल और त्रिसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद महिला युगल में चुनौती पेश करेंगे।

## अमरीकी ओपन : दिमित्रोव के बाहर होने के बाद थियेम जीते

**विन्सटन सलेम (एजेंसी)।** अमरीकी ओपन 2020 जीतने के बाद अमरीकी धरती पर पहला टूनार्मेंट खेल रहे डोमिनिक थियेम ने विंस्टन सलेम ओपन के दूसरे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के बाहर होने के बाद अगले दौर में जगह बना ली। दिमित्रोव 6-0, 2-4 से आगे चल रहे थे जब दिमित्रोव ने तबीयत खराब होने के कारण मैच छोड़ दिया। थियेम मार्च 2020 में कैरियर की सर्वोच्च तीसरे नंबर की रैंकिंग पर पहुंचे थे और 14 महीने पहले दाहिनी कलाई में चोट लगने से पहले शीर्ष पांच में शामिल थे। अमरीका के मैक्सिम क्रेसी ने आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अमरीका के ही स्टीव जॉनसन ने मैक्सिको के पेड्रो मार्तिनेज को 7-6, 6-2 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी को दूसरे दौर में फ्रांस के रिचर्ड गास्केत ने 7-6, 4-6, 6-1 से हराया।

## न्यूज गैलरी

### विश्व चैम्पियनशिप : लक्ष्य सेन प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन स्पेन के लुईस पेनावेर को सीधे गेम में हराकर विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन सेन ने 72 मिनट में 21-17, 21-10 से जीत दर्ज की। एक समय 3-4 से पिछड़ने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त सेन ने शानदार वापसी करते हुए छह अंक लेकर 13-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने इस लय को जारी रखकर पहल गेम जीता। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दूसरे गेम में भी अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी नहीं करने दी। इससे पहले एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरूष युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21-17, 21-16 से हराया। अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनट में 21-15, 21-10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई।

### बेंगलुरू एफसी का दावा उनके खिलाड़ी के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की गयी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बेंगलुरू एफसी ने आरोप लगाया है कि डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना के खिलाफ मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणी की गई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की इस शीर्ष टीम ने कहा कि उसने संबंधित अधिकारियों के सामने यह मामला रख दिया है। यह कथित घटना मंगलवार को यहां किशोर भारती क्रीड़ांगन में घटी। बेंगलुरू एफसी ने यहां जारी बयान में कहा कि बेंगलुरू एफसी जानता है कि मंगलवार को यहां डूरंड कप के मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के खिलाफ विरोधी टीम के खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी की। आईएसएल की इस पूर्व चैंपियन टीम ने कहा कि हम इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। हमारा संदेश स्पष्ट है यहां भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है और फुटबॉल सभी के लिए है। बेंगलुरू एफसी ने इस मैच में भारतीय वायु सेना को 4-0 से हराया और इस तरह से डूरंड कप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बेंगलुरू के लिए रॉय कृष्णा (नौवें मिनट), सुनील छेत्री (23वें मिनट), फैसल अली (71वें मिनट), और शिवा शक्ति (93वें मिनट) ने गोल किये।

### आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर में भारत को दोहरी सफलता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अनुपमा रामचंद्रन और कीर्तना पंडियान ने रोमानिया के बुकारेस्ट में चल रही आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर चैम्पियनशिप के अंडर 21 महिला वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रामचंद्रन को फाइनल में थाईलैंड की पंचाया चानोइ ने 4-1 से हराया । वहीं चानोइ से 3-0 से हारी पंडियान को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय खेल प्राधिकरण ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# फीफा को पत्र- निर्धारित शर्तें पूरी कीं, बैन पर करें पुनर्विचार




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा से उस पर लगा प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया। एआईएफएफ ने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की मांग के अनुरूप उच्चतम न्यायालय के प्रशासकों की समिति (सीओए) को हटाने के बाद यह कदम उठाया है। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने फीफा महासचिव फातमा समौरा से एआईएफएफ को निलंबित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। धर ने कहा- बहुत खुशी के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने हमारे मामले की सुनवाई की और दिनांक 22 अगस्त 2022 के आदेश के माध्यम से सीओए को पूर्ण रूप से हटा दिया है और परिणामस्वरूप एआईएफएफ को अपने दैनिक कार्यों के संचालन का पूर्ण प्रभार मिल गया है। उपरोक्त को देखते हुए हम फीफा और विशेष रूप से ब्यूरो से एआईएफएफ को निलंबित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं। पत्र में आगे कहा गया है- निलंबन हटाने के लिए आपके पत्र में निर्धारित शर्तें पूरी कर दी गयी हैं इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि इस संबंध में जल्द से जल्द आदेश दिया जाये जिससे कि एआईएफएफ भारत में फुटबॉल का सुचारू रूप से संचालन जारी रख पाये। फीफा ने 15 अगस्त को एआईएफएफ को तीसरे पक्ष से अनुचित प्रभाव के लिए निलंबित कर दिया था और कहा था कि अंडर-17 महिला विश्व कप वर्तमान में भारत में पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार आयोजित नहीं किया जा सकता है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत को 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। एआईएफएफ के 85 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब फीफा ने उस पर प्रतिबंध लगाया है। उच्चतम न्यायालय ने निलंबन को हटाने और भारत में अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन का रास्ता साफ करने के लिए सोमवार को अपने पूर्व के आदेश में संशोधन किया।

## 'विराट कोहली की ट्रेनिंग के प्रति तीव्रता देखकर मैं चौंक गया था'

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बने मनदीप सिंह ने खुलासा किया है कि जब वह आरसीबी के साथ थे तो विराट कोहली की ट्रेनिंग के प्रति तीव्रता देखकर चौंक गये थे। उन्होंने 2015-2018 तक आरसीबी का प्रतिनिधित्व किया और अपने कार्यकाल के दौरान सामान्य थे। कभी भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे माने जानेवाले मंदीप उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाये। मनदीप सिंह ने कहा, जब मैं आरसीबी में शामिल हुआ तो मैं विराट कोहली की प्रशिक्षण के प्रति तीव्रता को देखकर चौंक गया था। उनकी फिटनेस ने उन्हें टी-20 क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में अहम भूमिका निभाई है। इसने गेंदबाजों को बेहतर बनाने में मदद की है और कुल मिलाकर टेस्ट क्रिकेट में मदद की है।

